रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

₹79,330 10 ग्राम
₹1,06,000 01 किलो
सेंसेक्स 79,724.12 -218.06
डॉलर 84.080 +0.002

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

कार्तिक शुक्ल पक्ष 03, संवत 2081 | रांची, सोमवार, 04 नवंबर 2024, वर्ष-25, अंक- 270, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 यह मेरे करियर का सबसे बुरा दौर है

# झारखंड में लागू होगी यूसीसी, इससे बाहर रहेंगे आदिवासी : अमित शाह

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को रांची के एक होटल में भाजपा का झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए संकल्प पत्र जारी किया। पार्टी ने भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती को ध्यान में रखते हुए 150 संकल्प जारी किए हैं। गृहमंत्री अमित शाह ने जोर देते हुए कहा कि झारखंड में हर हाल में समान नागरिक संहिता लागू करेंगे, लेकिन इससे आदिवासी किसी भी तरह से प्रभावित नहीं होंगे। उनके कानून, उनकी परंपराएं और उनकी संस्कृति पूर्ववत रहेंगी। यूसीसी से आदिवासियों को बाहर रखा जाएगा। शाह ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण और आदिवासियों की आबादी को संरक्षित करने के लिए यूसीसी जरूरी है। इस कानून के जरीए हम एक-एक घुसपैठिए को चुन-चुनकर झारखंड से बाहर करेंगे। इससे आदिवासी अस्मिता व जमीन का सफल संरक्षण होगा। झारखंड में हम इसे जरूर लागू करेंगे। हेमंत सोरेन और उनके सहयोगी दलों के नेता यूसीसी के बारे में दुष्प्रचार कर रहे हैं कि यूसीसी आने पर आदिवासियों की सभ्यता और संस्कृति खतरे में पड़ जाएगी। वह ऐसा अपने तुष्टिकरण की राजनीति के तहत घुसपैठिया वोट बैंक को बचाने के लिए कह रहे हैं। हेमंत सरकार में आदिवासी कभी भी सुरक्षित नहीं रहे। हेमंत राज में संताल में आदिवासियों की संख्या लगातार कम हो रही है।

शेष पेज 11 पर

## तुष्टिकरण की राजनीति के तहत घुसपैठिया वोट बैंक को बचाने के लिए हेमंत सोरेन कर रहे दुष्प्रचार

## जारी किया भाजपा का संकल्प पत्र, कहा इसके एक-एक शब्द हमारे लिए पत्थर की लकीर



### एक लाख 36 हजार करोड़ का हिसाब लेकर आया हूं

शाह ने कहा कि हेमंत बाबू मैं हिसाब लेकर आया हूं। एक लाख 36 हजार करोड़ का हिसाब मैं दे रहा हूं। वर्ष 2004 से 2014 तक यूपीए सरकार ने झारखंड को 84 हजार करोड़ रुपये दिए जबकि 2014 से 2024 तक में मोदी सरकार ने झारखंड को तीन लाख 80 हजार करोड़ रुपए दिये। उन्होंने कहा कि 81 हजार करोड़ रुपये इंफ्रास्ट्रक्टर के लिए, 15 हजार करोड़ रुपये सड़क निर्माण के लिए, 65 हजार करोड़ रुपये रेलवे के लिए दिये गये। इसके अलावा 57 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास का काम चल रहा है। नौ वंदे भारत ट्रेनों का संचालन हो रहा है। रांची जमशेदपुर में इंटर स्टेट कॉरिडोर का निर्माण हो रहा है।

### भाजपा के संकल्प पत्र में क्या है ?

- **गोगो दीदी योजना :** झारखंड की हर महिला को हर महीने 2,100, सालाना 25,000 रुपये से अधिक।
- **लक्ष्मी जोहार योजना :** सभी परिवारों को 500 रुपये में गैस सिलेंडर और साल में (दीपावली और रक्षा बंधन पर) 2 मुफ्त सिलेंडर।
- **सुनिश्चित रोजगार योजना :** 2,87,000 सरकारी पदों पर भर्ती और 5 लाख स्वरोजगार के अवसर पैदा करेंगे। नवंबर 2025 तक 1.5 लाख पदों पर भर्ती और वार्षिक कैलेंडर जारी करेंगे।
- **युवा साथी भत्ता :** रोजगार के लिए संघर्ष कर रहे स्नातक और स्नातकोत्तर युवाओं को 2 साल तक प्रति माह 2,000 रुपये भत्ता।
- **सपनों का घर साकार :** नि:शुल्क बालू मिलेगा। एक लाख रुपये की वित्तीय सहायता के साथ 21 लाख पीएम आवास और शेष 59 लाख घरों में स्वच्छ पानी का कनेक्शन।
- **झारखंड में भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति :** भ्रष्टाचार के मामलों की जांच के लिए आयोग का गठन, 2 साल में नक्सलवाद का खात्मा, अवैध खनन पर अंकुश, 181 सीएम संवाद हेल्पलाइन की पुनर्बहाली।
- **मुखिया का वेतन :** मुखिया का वेतन 2,500 रुपये से बढ़ाकर 5,000 किया जाएगा।
- **ऑपरेशन सुरक्षा :** वर्ष 2027 तक मानव तस्करी का खात्मा, 24/7 टोल-फ्री एंटी-ट्रैफिकिंग हेल्पलाइन और पीड़ितों के लिए पुनर्वास कोष।
- **कृषक सुरक्षा नीति :** किसानों से 3,100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीद की जाएगी।
- **कटनी-छटनी का निवारण :** 24 घंटे में डीबीटी से भुगतान किया जाएगा।

शेष पेज 11 पर

# ना एनआरसी लागू होगा ना यूसीसी सीएनटी और एसपीटी रहेगा : सीएम

नवीन मेल डेस्क

**गढ़वा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को गढ़वा में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड में ना यूसीसी ना एनआरसी लागू होगा। यहां सिर्फ सीएनटी और एसपीटी रहेगा। ये लोग घर परिवार को तोड़ने में लगे हैं। ये विषैला जहर उगलते हैं। उनके आगे विषधर भी असफल है। इन लोगों से बच के रहना है। पांच वर्ष के दौरान हम लोगों ने कितनी चुनौतियों का सामना किया यह आप सभी ने देखा है। हेमन्त सोरेन ने झामुमो प्रत्याशी मिथिलेश कुमार ठाकुर के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि जुमलेबाज भाजपा के लोग यहां आने वाले हैं। ये लोग यहां का बेटा, आदिवासी-मूलवासी को हटाना चाहते हैं। जब हम लोग आपके लिए काम करना यहां शुरू किया। सरकार गठन के बाद तो इन लोगों ने झूठे आरोप में मुझे जेल में डाल दिया। इन्हें यहां के आदिवासी-मूलवासी दलित, पिछड़ों से कोई मतलब नहीं है। उन्हें यहां से मतलब है तो यहां के खनिज संपदा से मतलब है और झारखंड के खनिज संपदा का एक लाख 36 हजार करोड़ रुपये हमारा बकाया ये नहीं दे रहे हैं।

हेमन्त सोरेन ने कहा कि यहां की माता बहनों के सम्मान में हम आर्थिक सहयोग कर रहे हैं। आने वाले 5 वर्ष में हर घर में एक लाख रुपये पहुंचने का काम करेंगे और हम लोगों ने कानून बना दिया है कि जिनके खाते में 1000 जा रहा है।

शेष पेज 11 पर

## भाजपा वालों को यहां से कोई मतलब नहीं है उन्हें सिर्फ यहां के खनिज संपदा से है मतलब

## भाजपा के लोग घर परिवार को तोड़ने में लगे हैं, ये विषैला जहर उगलते हैं, यही है इनका एजेंडा

हेमंत का रांची में रोड शो



### सीजीएल परीक्षा की जांच पूरी हो गई, आरोपित चिह्नित

सोरेन ने कहा ये लोग कहते हैं जेपीएससी और सीजेएल परीक्षा के जरिए हुई नियुक्ति का सीबीआई से जांच करेंगे। हमने सीजीएल परीक्षा की पूरी जांच कर ली है। लोग चिह्नित हो चुके हैं, जिन्होंने गड़बड़ी करने की कोशिश की, गड़बड़ी तो कर नहीं पाए और लेकिन पकड़े जा चुके हैं चुनाव समाप्त होते ही वे सभी जेल जाएंगे। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने हमारे कार्यकाल को पूर्ण नहीं होने दिया। एक माह हमारा कार्यकाल बचा हुआ था। इन्होंने एक माह पूर्व चुनाव करा दिया। इन्हें पता था कि एक यदि माह मैं और यहां के लोगों के कार्य कर दिया तो इनकी पूरी तरह से भद्द पीट जाएगी।

### राज्य में नक्सलवाद पहले ही खत्म हो चुका है : हेमंत

सोरेन ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि इनके गृह मंत्री ने कहा है कि नक्सलवाद खत्म कर देंगे। हम पूछना चाहते हैं तो यदि नक्सलवाद खत्म नहीं हुआ तो जो पांच चरण में होने वाले चुनाव को दो चरण में कैसे करा रहे हैं। इससे साफ संकेत है कि इस राज्य में नक्सलवाद पूरी तरह से खत्म हो चुका है। आने वाला समय बताएगा झूठ क्या है और सच क्या?

### बांग्लादेश के पूर्व प्रधानमंत्री का प्लेन क्यों उतारने दिया

सोरेन ने कहा ये लोग बांग्लादेशी घुसपैठ की बात करते हैं। मैं यह जानना चाहता हूं कि बांग्लादेश के साथ अंदर ही अंदर कोई समझौता है क्या? आज बांग्लादेश के पूर्व प्रधानमंत्री का अपने यहां प्लेन उतारने क्यों दिया? उसे किस आधार पर शरण दे रखा है? यह बताइए झारखंड में बिजली उत्पादन होता है और बांग्लादेश में सप्लाई करते हैं और बांग्लादेशी घुसपैठ की बात करते हैं। बांग्लादेश की सीमा का सुरक्षा किसके जिम्मे हैं,

शेष पेज 11 पर

## हम नई उम्मीद के साथ झारखंड की जनता के बीच हैं : पीएम मोदी

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झारखंड भाजपा के संकल्प पत्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'एक्स' पोस्ट में कहा कि आज हम एक नई उम्मीद के साथ झारखंड की जनता-जनार्दन के बीच हैं। हमारा संकल्प-पत्र आदिवासी भाई-बहनों के सम्मान के साथ-साथ विकास, युवाओं को रोजगार और राज्य की नारीशक्ति को सशक्त बनाने वाला है। हम यहां की रोटी, बेटी और माटी की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। गौरतलब है कि इन चुनावों में भाजपा झारखंड में रोटी, बेटी और माटी के मुद्दे को जोर-शोर से उठा रही है।

## पीएम मोदी आज तो योगी कल करेंगे झारखंड में चुनाव प्रचार की शुरुआत

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को गढ़वा से झारखंड में विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार की शुरुआत करेंगे। मोदी की पहली चुनावी सभा गढ़वा में और दूसरी चाईबासा के टाटा कालेज मैदान में होगी। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि गढ़वा जिले की धरती पर पहली बार कोई प्रधानमंत्री आ रहा है। मोदी दिन को 11 बजे पहुंचेंगे। सभा स्थल पर मंच व लोगों के बैठने के लिए विशाल पंडाल बनाया जा रहा है। करीब डेढ़ लाख लोगों के बैठने की व्यवस्था को लेकर पंडाल बन रहा है। तैयारी अंतिम चरण में है। मंच पर पलामू प्रमंडल की सभी नौ सीटों से चुनाव लड़ रहे भाजपा के प्रत्याशी मंच पर मौजूद रहेंगे। वहीं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पांच नवंबर को जमशेदपुर में जनसभा को संबोधित करेंगे। वहीं राजस्थान के सीएम भजन लाल शर्मा भी पांच नवंबर को झारखंड आएंगे।

## गिरिडीह में 20 किलो का आईईडी बम हुआ बरामद




**गिरिडीह।** जिले की सीमा से सटे गुरुवाद गांव मे एक पुलिया के नीचे झाड़ियों में छिपाकर रखे गये 20 किलोग्राम का आईईडी बम बरामद किया गया है। बताया गया कि खुफिया एजेंसी से प्राप्त सूचना के आधार पर इलाके में गिरिडीह एवं जमुई पुलिस ने सीआरपीएफ के सहयोग से सर्च ऑपरेशन चलाया था। इसी दौरान बीती देर रात एक कंटेनर मे पलान्ट कर रखा गया बम बरामद हुआ। पुलिस के मुताबिक सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के मकसद से भाकपा माओवदियों ने बम का पलान्ट कर रखा था। बताया गया कि आज सुबह बरामद बम को एक जंगल मे निष्क्रिय कर दिया गया है। पुलिस ने बताया कि बम मिलने की घटना के बाद इलाके में सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया गया है।

# जो सनातन धर्म की आलोचना, असम्मानजनक बातें करते हैं उनको परिणाम भुगतने होंगे : उप मुख्यमंत्री पवन कल्याण

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश में सनातन धर्म पर लगातार हो रही असम्मानजनक टिप्पणियां व आलोचना के कारण सनातन धर्म पर उत्पन्न खतरे को देखते हुए आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व जनसेना पार्टी के प्रमुख पवन कल्याण ने नरसिंह वाराही विंग बनाने का ऐलान किया है। पवन कल्याण ने कहा कि उनकी पार्टी जनसेना आंध्र प्रदेश व तेलंगाना में सनातन धर्म की रक्षा के कोशिश के तहत नरसिंह वाराही विंग की स्थापना करेगी। नई ब्रिगेड के उद्देश्य को समझाते हुए कल्याण ने कहा, मैं सभी धर्मों का सम्मान करता हूं, लेकिन मैं अपनी आस्था पर अडिग हूं। जो लोग सोशल मीडिया पर सनातन धर्म की आलोचना करते हैं या इसके बारे में असम्मानजनक बातें करते हैं, उन्हें इसके परिणाम भुगतने होंगे। इसलिए, मैं सनातन धर्म की रक्षा के लिए अपनी पार्टी के भीतर नरसिंह वाराही ब्रिगेड नाम से एक समर्पित विंग की स्थापना कर रहा हूं। यह घटनाक्रम तिरुपति के श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में प्रसाद में मिलावटी घी के तथाकथित उपयोग को लेकर हाल ही में हुए विवाद के बाद सामने आया है। बीते माह उपमुख्यमंत्री ने सनातन धर्म की रक्षा और उसकी मान्यताओं का अनादर करने वाली गतिविधियों को रोकने के लिए एक मजबूत राष्ट्रीय कानून बनाने की वकालत की थी। तिरुपति में वाराही घोषणा समारोह के दौरान उन्होंने कहा, सनातन धर्म की रक्षा और उसकी मान्यताओं को होने वाले नुकसान को रोकने के लिए एक मजबूत राष्ट्रीय अधिनियम की आवश्यकता है। इस अधिनियम को तुरंत लागू किया जाना चाहिए और पूरे भारत में समान रूप से लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने कानून के क्रियान्वयन की निगरानी के लिए राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर सनातन धर्म संरक्षण बोर्ड की स्थापना का प्रस्ताव रखा, जिसकी गतिविधियों के लिए समर्पित निधि उपलब्ध कराई जाएगी।



शेष पेज 11 पर

## सीएम हेमंत के प्रस्तावक मंडल मुर्मू भाजपा में शामिल हुए

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** हेमंत सोरेन के प्रस्तावक सिदो-कान्हू के वंशज मंडल मुर्मु शनिवार को देवघर में भाजपा में शामिल हो गए। हिमंता बिस्वा सरमा की मौजूदगी में मंडल मुर्मु ने इसकी घोषणा की और कहा उनके परिवार के छह लोगों ने संताल हूल में कुर्बानी दी थी। अब वह संताल परगना में बादल रहे आदिवासी डेमोग्राफी की लड़ाई लड़ेंगे। हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि उन्हें बरहेट से चुनाव लड़ने का ऑफर दिया गया था पर उन्होने विनम्रता से यह कहकर इनकार का दिया वे सीएम के प्रस्तावक हैं इसलिए चुनाव तो नहीं लड़ेंगे पर स्वेच्छा से भाजपा में संथाल परगना की लड़ाई मजबूती से लड़ने के लिए शामिल हो रहे हैं। उल्लेखनीय है कि झामुमो के सुप्रियो भट्टाचार्य ने पिछले दिनों मंडल मुर्मू के अपहरण का आरोप लगाया था।

शेष पेज 11 पर



### डुमरी पुलिस ने मंडल मुर्मू से पूछताछ की थी

रांची आने के क्रम में डुमरी पुलिस ने मंडल मुर्मू की गाड़ी रोकी और उनसे काफी देर तक पूछताछ की। इसकी जानकारी मिलने पर बीजेपी ने अधिकारियों से शिकायत की। इसके बाद गिरिडीह पुलिस ने मंडल मुर्मू को छोड़ दिया। हालांकि सुरक्षा लिहाज से उन्हें देर रात तक सरायढेला थाना में बिठाए रखा गया। बाद में साहेबगंज पुलिस के आने पर उन्हें भोगनाडीह भेज दिया गया।

## चारधाम तीर्थयात्रियों की संख्या में रिकॉर्ड वृद्धि

**देहरादून।** यमुनोत्री और गंगोत्री धाम के कपाट बंद होने के साथ ही इस वर्ष की चारधाम यात्रा का सत्र सकुशल संपन्न हो गया है। इस वर्ष का यात्राकाल पिछले वर्ष की तुलना में 30 दिन कम होने के बावजूद इन दोनों धामों में इस बार श्रद्धालुओं की दैनिक औसत संख्या 713 बढ़ी है। समान अवधि की तुलना करने पर भी इस बार दोनों धामों में आने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या में लगभग डेढ़ लाख की वृद्धि हुई है।

इंडिया

# कानपुर की आगजनी की छोटी घटना से बड़ी सीख



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

भारत में अक्सर अवैध कॉलोनियों में आग बुझाने वाली गाड़ी के लिए मार्ग न छोड़ने या न्यूनतम सुरक्षा मानकों की अनदेखी और जानकारी के अभाव में आग लगने की घटनाएं सामने आती हैं। पिछले 25 मई 24 को गुजरात के राजकोट में टीआरपी गेम ज़ोन के एंटरटेनमेंट पार्क में लगी भीषण आग में लगभग 32 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें 9 बच्चे भी शामिल थे। उसी शाम दिल्ली के विवेक विहार में चाइल्ड केयर हॉस्पिटल में भीषण आग लगने से सात नवजात शिशुओं की मौत हो गई थी। इन त्रासदियों ने एंटरटेनमेंट पार्क और अस्पताल दोनों में कई खामियां उजागर कीं। एंटरटेनमेंट पार्क में, शॉर्ट-सर्किट को आग लगने का कारण माना गया, जबकि अस्पताल कथित तौर पर वैध लाइसेंस के बिना चल रहा था। 2022 को मुंडका में चार मंजिला व्यावसायिक इमारत में भीषण आग लगने से कम से कम 27 लोगों की मौत हो गई और दर्जनों अन्य घायल हो गए थे। उस समय इमारत में लगभग 200 लोग मौजूद थे और अत्यधिक ज्वलनशील सामग्री ने आग को और बढ़ा दिया। इसके अलावा, संकीर्ण मार्ग के कारण और भी अधिक चुनौतियां आईं। केरल के कोल्लम जिले में एक खचाखच भरे मंदिर में आतिशबाजी के कारण 2016 को आग लग गई थी, जिसमें कम से कम 111 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि आग हिंदू नववर्ष उत्सव के दौरान लगी, जब आतिशबाजी का सामान आतिशबाज़ी बनाने वाली मशीन पर गिर गया। पटाखों का पूरा ढेर एक ही स्थान पर रखा गया था और आग लगने पर उसमें विस्फोट हो गया, जिससे 40 से अधिक लोगों की तुरंत मौत हो गई, जिसके परिणामस्वरूप आसपास की इमारतों को भी भारी नुकसान हुआ।2012 को तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले के मुदालीपट्टी गांव में ओम शक्ति आतिशबाजी फैक्ट्री मुं भीषण आग लगने से 29 लोगों की मौत हो गई और 50 से अधिक लोग घायल हो गए थे। न तो अग्नि बचावकर्मी और न ही एम्बुलेंस वहां तक पहुंच सकीं। बताया गया कि मौके पर भारी मात्रा में रसायन मौजूद था। कोलकाता के एएमआरआई अस्पताल में 2011 को आग लगने के बाद दम घुटने से 93 लोगों की मौत हो गई. बेसमेंट में आग लगने के तुरंत बाद, एयर कंडीशनिंग सिस्टम के माध्यम से कार्बन मोनोऑक्साइड अस्पताल में फैल गया, जिससे निजी अस्पताल में मौतें हुईं। 2004 को चेन्नई से लगभग 320 किलोमीटर दूर दक्षिण-पश्चिम में कुंभकोणम के एक स्कूल में आग लगने से 94 बच्चों की जान चली गई। आग स्कूल की रसोई में लगी, जहां लकड़ी की आग पर खाना तैयार किया जा रहा था। आग तीन मंजिला इमारत में फैल गई और इसमें सैकड़ों बच्चे फंस गए। 2004 को तमिलनाडु के श्रीरंगम में एक शादी में लगी भीषण आग में दूल्हे सहित 62 लोगों की मौत हो गई। वीडियो फ्लैशगन द्वारा उत्पन्न तीव्र गर्मी के कारण आग भड़क उठी, जिससे पंडाल की फूस की छत पर सजावटी सामग्री में आग लग गईथी। 2001 को तमिलनाडु के इरवाडी गांव स्थित मानसिक गृह में जंजीरों से बंधे 28 कैदी जलकर मर गए। 13 जून 1997 को दिल्ली के उपहार सिनेमा हॉल में एक फिल्म की स्क्रीनिंग के दौरान लगी भीषण आग में 59 लोगों की मौत हो गई। 1997 को ओडिशा के बारीपदा में एक धार्मिक मंडली के दौरान लगी भीषण आग में लगभग 180 लोग मारे गए। 1995 को हरियाणा के सिरसा जिले में एक प्राइवेट मैरिज हॉल में 500 से अधिक लोग मारे गए, जिनमें ज्यादातर बच्चे थे, और 300 से अधिक घायल हो गए। पंडाल की छत पर बिजली की कुछ खराबी के कारण आग लग गई थी। जब डीएवी स्कूल का वार्षिक उत्सव समारोह स्थल पर मनाया जा रहा था तो आग ने तेज़ी से पंडाल के पूरे नायलॉन कपड़े को अपनी चपेट में ले लिया। इन सबसे हटकर कानपुर में एक आलीशान मकान में मंदिर के दीये से भीषण आग लग गई। आग से मकान गैस चैंबर बन गया। दम घुटने से कारोबारी, पत्नी और नौकरानी की मौत हो गई।आलीशान कोठी में बने लकड़ी के मंदिर में बृहस्पतिवार देर रात लगी आग से बिस्कुट कारोबारी, उनकी पत्नी और नौकरानी की मौत हो गई। वेंटिलेशन की व्यवस्था व फायर अलार्म सिस्टम नहीं होने की वजह से घर में आग लगने का पता नहीं चल सका और धुएं की वजह से घर गैस चैंबर में तब्दील हो गया। अनुमान लगाया जा रहा है कि देर रात करीब तीन बजे के बाद मंदिर में रखे दीपक की गर्माहट से मंदिर में बिछी सूखी घास में आग लगी होगी। घर के अंदर तपिश और धुआं इतना ज्यादा हो गया कि घर के एसी, पंखा, कमरे, टीवी, कांच की टेबल आदि गलने लगे। जब संजय और कनिका की नींद खुली तब तक लपटें और धुआं पूरे घर में फैल गया। बचने के लिए दोनों मुख्य दरवाजे की ओर भागे होंगे लेकिन सेंसर वाला लॉक खुलने के बाद वह मुख्य दरवाजे को खींचकर खोल न सके और वहीं गिर गए।



हिमंता के कथित विवादास्पद बोल के विरुद्ध

## इंडिया गठबंधन की चुनाव आयोग से सख्त कार्रवाई की मांग

- 24 घंटे में आयोग नहीं सुनेगा तो जाएंगे अदालत

ब्यूरो



**नई दिल्ली।** कांग्रेस से भाजपा में आए और असम के मुख्यमंत्री बनाये गये हिमंता बिस्वा सरमा को भाजपा सत्ता के शीर्ष नेता ने झारखंड में भाजपा का चुनाव प्रभारी बनाया है। वैसे तो उनको केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नीचे रखा गया है, लेकिन चुभने वाले बोल व अन्य गतिविधियों में सुपर सरमा ही हैं। लोग कहने लगे हैं कि कांग्रेस से भाजपा में आने के बाद वह अपने को भाजपाइयों से भी तगड़ा व प्रतिबद्ध भाजपाई दिखाने के लिए बवाली बोल बोलते हैं। उनके ऐसे ही बोल को लेकर इंडिया गठबंधन के नेताओं ने उनके चुनावी भाषणों को बेहद विभाजनकारी व घृणास्पद बताते हुए चुनाव आयोग से उनके खिलाफ तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग की है। राष्ट्रीय जनता दल, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले), कांग्रेस व झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेताओं ने निर्वाचन आयोग व राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सौंपे गए एक पत्र में कहा है कि हिमंता बिस्वा सरमा ने 1 नवंबर को सारथ में एक चुनावी सभा के दौरान अपने भाषण में मुसलमानों पर निशाना साधा है। अपने संबोधन में असम के मुख्यमंत्री ने कथित तौर पर कहा कि वे (मुसलमान) एक ही पार्टी को वोट देते हैं लेकिन हम (हिंदू) आधा

शेष पेज 11 पर

# मुख्यमंत्री ने रांची में किया रोड शो, जगह-जगह हुआ स्वागत

## महुआ माजी के पक्ष में प्रचार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राजधानी रांची में रोड शो और नुक्कड़ सभा किया। उन्होंने गाड़ी के ऊपर चढ़कर लोगों को संबोधित किया। वह जेएमएम उम्मीदवार महुआ माजी के समर्थन में वोट की अपील भी की। सीएम हेमंत सोरेन पहले कर्बला चौक पहुंचे उसके बाद वह प्लाजा चौक, बड़ा तालाब होते हुए पुरानी रांची पहुंचे। उसके बाद किशोरगंज चौक में झामुमो के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का स्वागत किया। रातु रोड में रोड शो और नुक्कड़ सभा किये। मालूम हो कि पहले गांडेय विधायक कल्पना सोरेन रोड शो करने वाली थी लेकिन वह जमशेदपुर से रांची नहीं पहुंच सकीं। इस कारण वह रोड शो नहीं कर पाईं। उनके स्थान पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने महुआ माजी के पक्ष में रोड शो किया। रोड शो के दौरान जगह-जगह पर झामुमो के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का स्वागत किया। रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री के काफिला में झामुमो के कार्यकर्ता भी शामिल रहे। उन्होंने महुआ माजी को और झामुमो को वोट देने की अपील की।



# झारखंड के भविष्य को सुनिश्चित करने का है यह चुनाव : अमित

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड भाजपा का संकल्प पत्र जारी करते हुए अमित शाह ने कहा कि यह चुनाव सरकार बदलने का नहीं, बल्कि झारखंड के भविष्य को सुनिश्चित करने का चुनाव है। बेरोजगारी और पेपरलीक से युवा त्रस्त हैं। भ्रष्टाचार से त्रस्त जनता भाजपा सरकार को ढूंढ़ रही है। भाजपा सभी पार्टियों से अलग है, जो कहती है वह करती है। जब-जब भाजपा सत्ता में आयी, सभी संकल्पों को पूरा किया। पिछड़ा, गरीब, दलित आदिवासी सब इसकी राह देख रहे हैं। यह संकल्प पत्र सिर्फ भाजपा का नहीं, बल्कि करोड़ों झारखंडियों की आशा की किरण है। यह कुशासन और भ्रष्टाचार के अंत का प्रतिरूप है। आदिवासियों की जमीन की सुरक्षा का संकल्प है। अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने झारखंड के विकास के लिए काफी काम किये। देश का पहला प्रधानमंत्री जो पहली बार भगवान बिरसा मुंडा का गांव गया। पीएम ने झारखंड से ही आयुष्मान योजना, मुद्रा योजना, जनमन योजना लांच की। इसके अलावा 17 जिलों में विश्वकर्मा योजना, बैद्यनाथ धाम को प्रसाद योजना आदि की शुरूआत की जायेगा। भाजपा का यह संकल्प पत्र भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर आधारित है। इसी संकल्प पत्र के जरिए भाजपा चुनावी मैदान में उतरने वाली है।




**50 लाख की रजिस्ट्री एक रुपया में फिर लागू करेंगे :** हम महिलाओं के लिए 50 लाख की रजिस्ट्री एक रुपया में करने की व्यवस्था फिर से शुरू करेंगे। हेंमत सोरेन के शब्दकोष में शर्म नाम की चीज नहीं है। सारी विकास योजनाओं को ध्वस्त कर दिया है। अब झारखंड की जनता सब कुछ जान चुकी है। पूरे देश में सबसे ज्यादा करप्ट झारखंड सरकार है। भाजपा माटी, बेटी और रोटी को सुरक्षित करने का नारा लेकर आगे बढ़ रही है। 15 नवंबर को पीएम मोदी ने जनजातीय गौरव मनाने का निर्णय लिया है। कांग्रेस पर कहा कि वह पिछड़ा वर्ग विरोधी है।

**झारखंडी भाषाओं को आठवीं अनुसूची में शामिल करने का प्रयास करेंगे :** उन्होंने कहा कि झारखंडी भाषाओं हो, मुंडारी, कुड़ुख, करमाली, सादरी को स्कूलों, विश्वविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थाओं में लागू किया जायेगा। उन्होंने आगे कहा कि आदिवासी भाषा का व्याकरण और शब्दकोष भी तैयार किया जायेगा। इन्हें आठवीं अनुसूची में शामिल करने का प्रयास किया जायेगा।

**सहारा में निवेश किया पाई-पाई वापस कराएंगे :** सहारा में जिन लोगों ने वैध पैसा निवेश किया है, उनकी पाई-पाई वापस की जायेगी। उन्होंने कहा कि पांच साल में ऐसा झारखंड बनाया जायेगा, जिससे किसी को मजदूरी के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। उद्योगों को लाकर रोजगार बढ़ाया जायेगा।

# मतदाता जागरूकता को लेकर मनायी गयी मानव शृंखला



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मतदाता जागरूकता को लेकर स्वीप टीम की ओर से लगातार विभिन्न तरह की गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में रविवार को मोरहाबादी मैदान में दो दिवसीय 'ग्रैंड इलेक्शन कार्निवाल' का शुभारंभ किया गया।

उप विकास आयुक्त सह नोडल पदाधिकारी स्वीप दिनेश कुमार यादव, परिक्ष्यमान सहायक दंडाधिकारी सह सहायक समाहर्ता आदित्य पांडे, डीएसई बादल राज समेत स्वीप कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी द्वारा बैलून उड़ाकर कार्निवाल का शुभारंभ किया गया।

**पहले दिन कई कार्यक्रम आयोजित :** ग्रैंड इलेक्शन कार्निवल के पहले दिन मतदाता जागरूकता हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। मानव शृंखला से भारत का नक्शा और वोट करेगा रांची की आकृति बनाई गई। साथ ही इलेक्शन थीम पर फैशन शो, नुक्कड़ नाटक और रॉक बैंड का भी आयोजन किया गया। मौके पर लगभग 100 फीट ऊंचा जागरूकता पोस्टर भी लगाया गया। कार्निवल में उपस्थित लोगों को मतदाता शपथ भी दिलाई गई।

**कार्निवल के दूसरे दिन भी होंगे कई कार्यक्रम :** कार्निवल के दूसरे दिन सोमवार की सुबह 11:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक मतदाता जागरूकता हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। दूसरे दिन ट्रांसजेंडर मतदाताओं को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही नुक्कड़ नाटक छऊ नृत्य और क्विज का भी आयोजन किया जाना है। मोरहाबादी मैदान में आयोजित कार्निवल में अलग-अलग स्टॉल भी लगाए गए हैं, जहां विभिन्न तरह के गेम्स के जरिये मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा। कार्निवाल का समापन डीजे के साथ होगा।

# झारखंड की तस्वीर व जनता की तकदीर बदलेगी भाजपा : शिवराज सिंह चौहान

- *भारत के इतिहास की सबसे भ्रष्ट सरकार है झामुमो सरकार*
- *सोरेन ने सिपाही भर्ती के नाम पर नौजवानों की जिंदगी छीन ली*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** केन्द्रीय कृषि मंत्री और झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को झारखंड की तोरपा विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार कोचे मुंडा और खूंटी विधानसभा से प्रत्याशी नीलकंठ सिंह मुंडा के समर्थन में विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, मैं मध्यप्रदेश का मामा हूं तो झारखंड वासियों का भी मामा ही हूं, मैं नेता, मंत्री नहीं बल्कि भैया और मामा हूं। उन्होंने कहा कि, दीनदयाल उपाध्याय जी कहते थे कि, मंदिर में पूजा-अर्चना करने से भगवान खुश होंगे या नहीं ये मैं नहीं जानता लेकिन दीन-दुखियों, गरीबों और दूसरों की सेवा कर ली तो उनकी आंखों में तुम्हें साक्षात भगवान दर्शन देंगे। जनता की सेवा ही हमारे लिए भगवान की पूजा है और इसलिए झारखंड की जनता का विकास और जनता का कल्याण ही भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है। झारखंड में परिवर्तन की लहर चल रही है और इस लहर में जेएमएम-कांग्रेस सूखे पत्ते की तरह उड़ जाएंगे।



केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने झारखंड सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि, भारत देश की सबसे भ्रष्ट सरकार अगर कोई है तो वो जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन की सरकार ही है। इन्होंने पूरे प्रदेश को लूटकर तबाह और बर्बाद कर दिया है।

केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, हेमंत सोरेन ने 5 लाख सरकारी नौकरियां देने का वादा किया था, लेकिन किसी भी युवा को नौकरी नहीं मिली। 4 साल 10 महीने कुछ नहीं दिया, और चुनाव आते ही सिपाही भर्ती के लिए पूरे प्रदेश से बच्चों को बुला लिया। युवाओं को कड़ी धूप में 10 किलोमीटर दौड़ा दिया। ऐसा दौड़ाया कि, दौड़ते दौड़ते हमारे नौजवान जिंदगी की जंग हार गए। ये हादसा नहीं बल्कि हत्या है।

केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, झारखंड में माँ, बहन और बेटियां सुरक्षित नहीं है, कानून व्यवस्था बद्तर हैं, यहां हर दिन बहनें अपमानित हो रही हैं। विदेशी घुसपैठिए आ रहे हैं और बेटियों को भ्रम के जाल में फंसाकर उनसे शादी कर रहे हैं। उनकी जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं, पंचायतों पर कब्जा कर रहे हैं। हेमंत सोरेन की सरकार उन्हें संरक्षण दे रही है। वोट बैंक की लालच में उनके आधार कार्ड तक बनाए जा रहे हैं। रूबीका और अंकिता जैसी हमारी बेटियों की निर्मम हत्या हो रही है और सोरेन सरकार चुप्पी साधे बैठी है।

संकल्प पत्र के सभी वचन पूरे होंगे केन्द्रीय मंत्री और झारखंड के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, गृहमंत्री अमित शाह जी ने भाजपा का संकल्प पत्र जारी किया है। संकल्प पत्र में किए गए एक-एक वचन को पूरा किया जाएगा।

# झारखंड के 81 विस सीटों के लिए 1211 उम्मीदवार मैदान में

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने जानकारी दी कि झारखंड की 81 विधानसभा सीटों पर कुल 1211 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। उनमें 1081 पुरुष प्रत्याशी हैं। महिला उम्मीदवारों की संख्या 128 है। जबकि 2 प्रत्याशी ट्रांसजेंडर हैं। उन्होंने कहा कि 13 नवंबर को होनेवाले पहले चरण के मतदान की तैयारी अंतिम दौर में है। इस चरण में कुल 43 विधानसभा क्षेत्रों से कुल 683 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। जबकि दूसरे चरण की मतदान की तिथि 20 नवंबर है। इस चरण में 38 विधानसभा क्षेत्रों से कुल 528 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। उसमें 472 पुरुष, 55 महिलाएं और एक ट्रांसजेंडर प्रत्याशी है। उन्होंने कहा कि मतदाताओं के घरों तक बीएलओ द्वारा मतदान पर्ची का वितरण युद्धस्तर पर जारी है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि सभी मतदाता मतदान करने जाते वक्त मतदाता पर्ची में उल्लेखित क्रम संख्या और पार्ट नंबर लिख कर जाएं। इससे नाम ढूंढने में कम समय लगेगा। वहीं पार्ट नंबर से सही कतार में खड़ा होने की जानकारी मिल जाएगी। इससे मतदान करने में जहां काफी कम समय लगेगा, वहीं मतदान की गति भी काफी बढ़ जाएगी। उन्होंने कहा कि फिलहाल पोस्टल बैलेट से मतदान की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक एक अरब, 43 करोड़, 26 लाख की अवैध सामग्री और नकदी की जब्ती की गयी है।



## कांग्रेस ने आदिवासियों का दमन किया : चंपाई

**घाटशिला।** पूर्व सीएम और भाजपा के वरिष्ठ नेता चंपई सोरेन ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा आदिवासियों का दमन करती रही। गुआ कांड से लेकर लगभग गोलीकांड में उसकी ही दमनकारी नीति काम कर रही थी। आदिवासियों का हितैषी होने का दंभ भरना कांग्रेस का पाखंड है। उन्होंने कहा कि बहुत लंबे समय तक वे गुरुजी के साथ रहे और उनका आज भी सम्मान करते हैं पर बदली हुई परिस्थिति में वे भाजपा के साथ हैं क्योंकि भाजपा ने हमेशा आदिवासियों का साथ दिया और झारखंड का गठन भी वाजपेई जी के चलते ही हुआ। कांग्रेस और आरजेड़ी इसका विरोध करते थे।



### मूलवासी सदान मोर्चा का बड़ा फैसला, किसी दल को समर्थन नहीं

# मूलवासी सदानों की बात करने वालों को जिताएं व सदान विरोधी को हराएं : राजेंद्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केन्द्रीय समिति की बैठक केन्द्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कहा गया कि मूलवासी सदान मोर्चा एक सामाजिक संगठन है जो मूलवासी सदानों के अधिकारों को लेकर लगातार आन्दोलन और संघर्ष कर रहा है। मूलवासी सदान मोर्चा से जुड़े लोग विभिन्न राजनीतिक दलों से भी जुड़े हुए हैं। ऐसे में राजनीतिक पार्टी अपने-अपने पार्टी से कुछ टिकट देगी ऐसी उम्मीद थी, लेकिन ऐसा कोई राजनीतिक पार्टी ने नहीं किया। इसको देखते हुए सर्वसहमति से निर्णय हुआ कि मूलवासी सदान मोर्चा किसी एक दल को समर्थन नहीं देगा और वैसे प्रत्याशी को चुनाव में जीतने का प्रयास करेगा जो सदानों के प्रति प्रति सहानुभूति रखते हैं। मूलवासी सदान मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदान मोर्चा ने स्थानीय नीति, नियोजन नीति, ओबीसी आरक्षण को बढ़ाने और सात जिलों में आरक्षण शुन्य है,उसमें सुधार कराने को लेकर हमेशा आन्दोलन किया लेकिन दुर्भाग्यवश नियोजन नीति और स्थानीय नीति ओबीसी आरक्षण के नाम पर गठबंधन की सरकार बनी थी लेकिन सरकार ने वादा खिलाफी किया है। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदान बहुत सारे लोकसभा और विधानसभा क्षेत्र आरक्षित होने के कारण चुनाव नहीं लड़ पाते हैं। इसके बाद भी 112 प्रखंडों के तमाम पंचायत को आरक्षित कर मुखिया, प्रमुख, और जिला परिषद अध्यक्ष बनने से मूलवासी सदानों को वंचित कर दिया गया है।



ऐसे में मूलवासी सदानों को भी राजनीतिक अधिकार मिले इसके लिए मोर्चा विधानसभा का सीट को 160 करने और लोकसभा की सीट को 14 से 28 करने 2026 में परिसीमन कराने की मांग केंद्र सरकार से करती है। इसका राजनीतिक दल समर्थन करते हैं या नहीं वह स्पष्ट करें।

## चुनाव प्रशिक्षण कार्यक्रम की तिथियों में हो संशोधन : धर्मेंद्र तिवारी



**रांची।** भाजमो के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने निर्वाचन आयोग से चुनाव प्रशिक्षण कार्यक्रम की तिथियों में संशोधन की मांग की है। मुख्य चुनाव आयुक्त को प्रेषित एक आवेदन में आग्रह किया है कि छठ पूजा को ध्यान में रखते हुए चुनाव कर्मियों के प्रशिक्षण की तिथियों को फिर से निर्धारित किया जाए। श्री तिवारी ने आवेदन में कहा है कि छठ पूजा बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों में आस्था का प्रमुख पर्व है। इस पर्व के दौरान महिलाएं और परिवार के अन्य सदस्य कठिन व्रत और अनुष्ठान करते हैं, जिससे उन्हें कार्य में भाग लेना कठिन हो सकता है। इसलिए, यह उचित होगा कि चुनाव कर्मियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम छठ पूजा के बाद की तिथियों में आयोजित किया जाए ताकि सभी कर्मचारी पूरी निष्ठा से अपने चुनावी दायित्वों का पालन कर सकें।

# कल्पना ने कार्यकर्ताओं से की मुलाकात

### झामुमो के गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू भी थे उपस्थित

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झामुमो की गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन ने गिरिडीह स्थित हर्ष उपवन प्रधान चुनावी कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। उनके साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा के गिरिडीह के विधायक सुदिव्य कुमार सोनू भी उपस्थित थे। इस दौरान दोनों विधायकों ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया और चुनावी रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर पार्टी की जीत के लिए जुट जाने का संदेश दिया। विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा राज्य के विकास और जनहित के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इस उद्देश्य को साकार करने में हर कार्यकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण है। विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने भी कार्यकर्ताओं को चुनावी तैयारियों में मजबूती से योगदान देने की अपील की। बैठक में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### कल्पना सोरेन ने जमशेदपुर में किया रोड शो



**जमशेदपुर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा की गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने रविवार को जमशेदपुर में रोड शो किया। यह रोड शो इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. अजोय कुमार के समर्थन में आयोजित किया गया। साथ में सांसद पप्पू यादव भी शामिल थे।

## राष्ट्रीय जयहिंद पार्टी ने किया चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

**रांची।** राष्ट्रीय जयहिंद पार्टी ने रांची और हटिया विधान सभा क्षेत्र के पार्टी घोषित किया है। इन प्रत्याशियों में कुमार अभिषेक दूबे व ज्योति बाला देवी की जीत सुनिश्चित करने की रूपरेखा तैयार की गयी। कांके रोड स्थित पतुवेर्दी विला झारखण्ड प्रदेश कार्यालय में पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष बबन चौबे ने मुख्य चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। मौके पर श्री चौबे ने कहा कि सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता दोनों प्रत्याशियों को भारी मतों से विजयी बनाकर विधान सभा भेजें। श्री चौबे ने बताया कि कुमार अभिषेक दूबे एवं ज्योतिबाला देवी स्वच्छ छवि वाले युवा प्रत्याशी हैं। जिनको पार्टी ने टिकट दिया है। मौके पर भगवान राम, सन्तोष श्रीवास्तव, मनीष गुप्ता, मो. शमीम अंसारी, दिनेश बख्सरिया (विश्वकर्मा), रंजीत गुप्ता, सौफीक अंसारी, मनोज गुप्ता, संतोष, संजय गुप्ता, विष्णुकुमार चौबे सहित अन्य उपस्थित थे।

## आज | कल




# रांची डाक मंडल में मतदान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** डाक मंडल के वरिष्ठ डाक अधीक्षक उदय भान सिंह ने एक विशेष मतदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें रांची मंडल के सभी वरिष्ठ प्रधान डाकपाल, प्रधान डाकपाल, उप डाकपाल और शाखा डाकपालों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम बिरसा मुंडा बहुउद्देशीय सभागार, जिला स्कूल परिसर में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में रांची के अनुमंडल पदाधिकारी उत्कर्ष कुमार और झारखंड के डाक सेवा निदेशक पंकज कुमार मिश्रा उपस्थित थे। इस अवसर पर उत्कर्ष कुमार ने उपस्थित लोगों को मतदान के महत्व से अवगत कराया और सभी को मतदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक नागरिक का मत हमारे लोकतंत्र की मजबूती का आधार है और सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए।



पंकज कुमार मिश्रा ने मतदाता पहचान पत्र की समय पर डिलीवरी के महत्व पर जोर दिया और सभी डाकपालों को इसमें सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि भारत डाक मतदाता पहचान पत्रों की सुरक्षित और समय पर वितरण सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जो मतदान प्रक्रिया का एक अहम हिस्सा है।

कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन रांची के केंद्रीय उप मंडल के सहायक अधीक्षक अजय कुमार ने किया। इस कार्यक्रम में लगभग 450 डाकपालों ने भाग लिया। साथ ही, रांची मंडल के सभी डाक निरीक्षक, मंडलीय कार्यालय के सहायक और संदीप कुमार महतो भी इस महत्वपूर्ण मतदान जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित थे। इस कार्यक्रम ने डाक विभाग के कर्मियों को न केवल मतदान के प्रति जागरूक किया, बल्कि उन्हें उनके दायित्वों को पूरी निष्ठा के साथ निभाने के लिए भी प्रेरित किया।

## भाजपा का यह संकल्प पत्र नहीं बल्कि फरेब पत्र है : केशव महतो



**रांची।** भाजपा का यह संकल्प पत्र नहीं बल्कि फरेब पत्र है। 2014 से राज्य की जनता देख रही है कि इनका हर वादा जुमला बनकर रह गया। भाजपा के संकल्प पत्र पर प्रतिक्रिया स्वरूप प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि भाजपा घुसपैठ की बात कर राज्य सरकार को दोष देती है लेकिन इसके लिए पूरी तरह जिम्मेदार केंद्र सरकार और गृह मंत्री हैं। जिनके नेतृत्व में सीमाएं सुरक्षित नहीं है।

# भाजपा के संकल्प पत्र में ओबीसी और मूलवासियों की उपेक्षा : डॉ सूरज मंडल

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** पूर्व सांसद डॉ सूरज मंडल ने कहा कि भाजपा के जारी संकल्प पत्र में झारखंड के अन्य पिछड़े वर्ग (ओबीसी) और मूलवासियों की उपेक्षा की गयी है। यह किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। डॉ मंडल ने कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र में केवल आदिवासियों की बातें हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड गठन के साथ ही ओबीसी आरक्षण की सीमा को 27 प्रतिशत से घटाकर 14 प्रतिशत कर दिया गया था जबकि आदिवासियों की आरक्षण को 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत कर दिया गया। वास्तविकता यह है कि 1999 के मुकाबले में 2000 में या फिर 2024 में जनसंख्या में कोई वैसा परिवर्तन नहीं हुआ। इस कारण कारण आरक्षण की सीमा को परिवर्तित करने की आवश्यकता थी। डॉ मंडल ने कहा कि 10 जिलों में 100 प्रतिशत आरक्षण को समाप्त करने, ओबीसी आरक्षण के स्लैब में परिवर्तन जैसी मांगों को संकल्प पत्र में अनदेखा करना निराशाजनक है।

नगर आयुक्त ने प्रमुख छठ घाटों पर निगम की व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

# 25 छठ घाटों में हुई बैरिकेडिंग, 61 घाटों में 300 से अधिक अस्थाई चेंजिंग रूम

**72 छठ घाटों व उनके संपर्क पथों की संपूर्ण सफाई निगम की प्राथमिकता**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**


नगर आयुक्त संदीप सिंह ने रांची नगर निगम क्षेत्रांतर्गत विभिन्न जलाशयों के तट पर अवस्थित प्रमुख छठ घाटों पर निगम द्वारा किए जा रहे विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सभी गठित टीम अपने-अपने संबंधित जोन में सफाई अभियान को प्राथमिकता के साथ मॉनिटर करे। अगले 24 घंटों के भीतर सभी चिन्हित 72 छठ घाटों की संपूर्ण सफाई सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि छठ महापर्व के दौरान छठ व्रतियों के साथ-साथ लाखों श्रद्धालु छठ घाटों पर भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के लिए जुटते है। साफ-सफाई की दृष्टिकोण से सभी चिन्हित 72 छठ घाटों तथा उसके सभी संपर्क पथों पर विशेष सफाई अभियान दीपावाली के पूर्व से ही चलाई जा रही है, जिसमे अतिरिक्त सफाई कर्मी भी लगाए गए है। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने कहा कि विभिन्न तालाबों में काली पूजा विसर्जन किया गया है, इसलिए स्वच्छता शाखा की टीम को पूरी मुस्तैदी के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। मूर्तियों के अवशेषों को जल्द से जल्द निकालते हुए सभी घाटों में फैली गंदगी की सफाई, ग्रास कटिंग, तालाबों में खतरनाक स्थलों की पहचान हेतु बैरीकेडिंग, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव (तालाब के चारों तरफ) एवं तालाबों के संपर्क पथों पर एवं आस-पास के क्षेत्रों की संपूर्ण सफाई सुनिश्चित करे। साथ ही छठ से पूर्व निगम के वाटर टैंकरों व एंटी स्मॉग गन के द्वारा सभी मुख्य पथों पर पानी का नियमित छिड़काव करना सुनिश्चित करे।

इसके अलावा उनके द्वारा सभी जलाशयों में खतरनाक स्थलों/गहरे पानी के क्षेत्रों को चिन्हित करते हुए रेड रिबन/बास-बल्ली से बैरीकेडिंग करने के कार्यों को जल्द पूरा करने का भी निदेश दिया ताकि लोग गहराई की तरफ न जाएं। इसपर अपर प्रशासक संजय कुमार द्वारा बताया गया कि निगम की टीम द्वारा कुल 25 खतरनाक छठ घाटों में बैरीकेडिंग की गई है और अन्य घाटों पर भी उचित व्यवस्था की गई है। साथ ही सर्वाधिक भीड़ वाले छठ घाटों पर छठ व्रतियों के लिए अस्थाई चेंजिंग रूम की व्यवस्था आवश्यकतानुसार की गई है, जिसमें कुल 61 छठ घाटों में 300 से अधिक चेंजिंग रूम की व्यवस्था निगम द्वारा की गई है। इसके अलावा लगभग 20 कृत्रिम तालाब का भी निर्माण निगम द्वारा किया जा रहा है। विद्युत शाखा के पदाधिकारियों को सभी छठ घाटों में पर्याप्त विद्युत/लाइट्स की व्यवस्था तथा संपर्क पथों पर खराब पड़े पथ बत्तियों को यथाशीघ्र दुरूस्त करने का निदेश दिया।



## चडरी तालाब में कचड़े का ढ़ेर, निगम ने अबतक नहीं की सफाई



**रांची।** लाइन टैंक रोड स्थित चडरी तालाब में अभी तक नगर निगम ने साफ-सफाई नहीं किया है। तालाब के पास कचड़े का ढेर लगा है। चडरी तालाब का पानी भी गंदा है। छठ पूजा को लेकर राजधानी रांची के सभी तालाबों की सफाई की जाती है। इस संबंध में स्थानीय दुकानदार गणेश राम ने बताया कि तालाब निर्माण के समय पानी निकासी नहीं बनाया गया है। इसलिए तालाब के पानी की सफाई नहीं हो रही है। चडरी सरना पूजा समिति के अध्यक्ष सबलु मुण्डा ने कहा कि नगर निगम साफ-सफाई की व्यवस्था जल्द पूरा करे। लाइट की व्यवस्था और एनडीआरएफ टीम की तैनाती हो।

चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व छठ कल से

# छठ पर्व में सूर्य, जल और वायु तीनों तत्वों की होती है पूजा: संजय सर्राफ



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग एवं राष्ट्रीय सनातन एकता मंच के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा कि लोक आस्था का महापर्व छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान 5 नवंबर को कार्तिक शुक्ल चतुर्थी से नहाए खाय के साथ शुरू हो रहा है। 6 नवंबर को खरना में छठ व्रती पूरे दिन का उपवास कर शाम में भगवान भास्कर की पूजा कर प्रसाद ग्रहण करेगी। 7 नवंबर की शाम डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। छठ महापर्व के चतुर्थ दिवसीय अनुष्ठान के अंतिम दिन 8 नवंबर को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर आयु आरोग्यता, यश, संपदा का आशीर्वाद लिया जाएगा। छठ पूजा एक ऐसा महापर्व है जो अपने आप में विश्वास, श्रद्धा और प्रकृति के प्रति आभार का प्रतीक है। यह पर्व मुख्य रूप से बिहार झारखंड एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश मे धूम धाम से मनाया जाता है। छठ पूजा सूर्य देव और छठी मैया को समर्पित है। सूर्य देव को जीवन दाता माना जाता है और छठी मैया को संतान की देवी। इस पर्व में सूर्य, जल और वायु तीनों तत्वों की पूजा की जाती है। छठ पूजा करने से स्वास्थ्य और समृद्धि की प्राप्ति होती है। छठ पूजा के दौरान सभी लोग मिलजुल कर पूजा करते हैं जिससे सामाजिक एकता बढ़ती है।

## ग्रामीण क्षेत्रों में छठ को लेकर सुरक्षा की तैयारी पूरी

**सिविल ड्रेस में पुलिस कर्मी रहेंगे मौजूद**

**महिला पुलिस कर्मियों की रहेगी तैनाती**



**रांची।** ग्रामीण इलाकों में छठ महापर्व को लेकर प्रशासनिक तैयारियां कर ली गई है। ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने बताया सुरक्षा की दृष्टि से छठ घाटों पर सिविल ड्रेस में पुलिस बल तैनात रहेंगे। चोरी या चेन स्नेचिंग जैसी घटनाओं पर नजर रखी जाएगी। सेंसेटिव और अधिक भीड़भाड़ वाले छठ घाटों पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जा रहे हैं। वहीं जिन जगहों पर छठ घाटों की गहराई अधिक है उन घाटों पर एनडीआरएफ की तैनाती की जाएगी। महिला पुलिस कर्मियों की भी तैनाती रहेगी। इससे महिला व्रतियों को किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होगी।

## सिमलिया में काली पूजा भोग का हुआ वितरण




**रांची।** रातू क्षेत्र सिमलिया के नयाटोली में छात्र युवा संघ पूजा समिति के तत्वाधान में काली पूजा धूमधाम से मनाई गई। दीपावली की रात मां काली की प्रतिमा स्थापित कर विधिवत पूजा अर्चना की गई। मां काली के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। खिचड़ी महाप्रसाद का भोग लगाया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं के बीच वितरण किया गया। इस अवसर पर शुक्रवार की शाम बच्चों के बीच प्रतियोगिता कार्यक्रम आयोजित की गई। जिसमें बहुत सारे बच्चों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में अव्वल बच्चों को कमिटी द्वारा पुरस्कार भेंट किया गया। वहीं शनिवार की रात भक्ति जागरण कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी सह हटिया विधानसभा प्रत्याशी भरत कांशी साहू तथा विशिष्ट अतिथि समाजसेवी सोमनाथ पांडे एवं राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी सुनील कुमार सिंह उपस्थित रहे।

## कई जिले रेल सुविधाओं से वंचित : अरुण जोशी



**रांची।** जेडआरयूसीसी के पूर्व सदस्य अरुण जोशी ने भाजपा के संकल्प पत्र में झारखण्ड के सभी जिलों को रेल नेटवर्क से जोड़े जाने के संकल्प का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि इससे कम खर्च में यात्री आरामदायक सफर का आनंद ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि आज भी प्रदेश के कई जिले रेल सुविधाओं से वंचित हैं, जिस कारण यात्री सड़क मार्ग से यात्रा करने को विवश होते हैं। इससे एक ओर जहां अधिक पैसे खर्च करने पड़ते हैं। वहीं दूसरी ओर रेल की अपेक्षा सड़क मार्ग से कठिनाई भी होती है।

# रायफल और कार्बाइन के साथ दो अपराधी गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

विधानसभा चुनाव को लेकर वारंटी अपराधियों के विरूद्ध लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रायफल और कार्बाइन के साथ दो अपराधी गिरफ्तार किए गए हैं। एसएसपी चंदन सिन्हा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने जिले के नगड़ी थाना क्षेत्र स्थित चनचनी स्कूल मैदान के पास से मंसूर अंसारी, लकी उरांव और शाहनवाज अंसारी को गिरफ्तार किया है। रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर ग्रामीण एसपी ने जानकारी देते हुए बताया कि मंसूर अंसारी और लकी उरांव किसी अपराधिक घटना को अंजाम देने के फिराक में थे। पकड़े गये युवक से पूछताछ करने पर उसने कई कांडों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की, साथ ही मंसूर अंसारी की निशानदेही पर अपराधकर्मी आर्यन के दोस्त लल्लु महली के घर से एक अवैध देसी रायफल और पिस्का, नगड़ी स्थित शाहबान अंसारी के घर से एक देसी कार्बाइन बरामद किया गया है।



## हथियार तानते हुए दौड़कर मारने के प्रयास में दो गिरफ्तार

**रांची।** शहर की नगड़ी थाना पुलिस ने मारपीट करने और हथियार तानते हुए दौड़कर मारने के प्रयास मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में जुनैद अंसारी और जुबैर अंसारी शामिल है। इनके पास से एक काला रंग का रेगुलर पिस्टल, पांच गोली, दो स्कार्पियों और चार मोबाईल फोन बरामद हुए हैं।

# सूप और दउरा से सजे रांची के बाजार, खरीदारी में जुटे छठव्रती



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लोक आस्था का महापर्व पांच नवंबर से शुरू हो रहा है। इसे लेकर छठवृतियों में खासा उल्साह है। लोग पूजा सामग्री जमा करने में जुट गए हैं। बकरी बाजार और जिला स्कूल में छठवृतियों की भीड़ उमड़ रहा है। छठ पर्व में बांस से बना सूप दउरा की खरीदारी तेजी से हो रही है। इसके साथ शहर छठ गीतों से गुंजायमन हो रहा है। छह नवंबर को को खरना अनुष्ठान होगा। छठ व्रती दिन भर उपवास पर रहेंगे। सूर्यास्त के बाद व्रती भगवान की नेम निष्ठा से पूजा पाठ करेंगे। इसके बाद प्रसाद ग्रहण करेंगे। लोगों के बीच प्रसाद वितरण किया जायेगा। साथ ही व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास आरंभ हो जाएगा। सात नवम्बर को श्रद्धालु छठ घाट पर अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ्य देंगे। सावरी देवी ने कहा कि खूंटी, मांडर, जोन्हा, तमाड़, मुरी और सिल्ली से अधिकांश सूप, दउरा मंगाया जाता है। रांची के बकरी बाजार में सप्ताह में बुधवार और शनिवार को दुकान लगता है लेकिन छठ पूजा को देखते हुए चार दिन से दुकान लगाये जा रहे हैं। यहां पर सभी समुदाय छठ पर्व में दुकान लगाते हैं। दर्जनों दुकानों को मिलाकर चार दिन में लगभग 50 लाख रुपये का सूप दउरा का कारोबार होता है। इस बार छठ पर्व में पांच हजार सूप बनाया गया। अप्रैल-मई महीने से बनाना शुरू किया है। इस काम में 30-35 महिला-पुरुष मिलकर लगभग पांच हजार सूप बनाये हैं।

## रास्ते से स्कूटी हटाने को कहा तो महिला से हुई मारपीट

**रांची।** रांची के करमटोली के रहने वाली किशोर गोप ने प्रियंका यादव और निशांत गोप के खिलाफ लालपुर थाने में शनिवार को प्राथमिकी दर्ज कराई है। किशोर ने आवेदन में आरोप लगाया है कि 27 अक्तूबर की दोपहर उनकी पत्नी घर के पास झाड़ू लगा रही थी। तभी उसके भतीजे निशांत ने वहां पर स्कूटी खड़ी कर दी। स्कूटी को हटाने के लिए कहा तो आरोपी उनके साथ उलझ गए। गाली-गलौज करते हुए डायन बिसाही का आरोप लगाते हुए मारपीट कर बुरी तरह से जख्मी कर दिया। इसके बाद वह थाना पहुंचे और मामला दर्ज कराया। पुलिस मामले की तफ्तीश में जुट गई है।

# रांची में दो दिन में चार डिग्री तक गिरा पारा



रात में बढ़ी सिहरन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पूर्वी हवा के आने से रांची समेत झारखंड में आज सोमवार से तीन दिन आंशिक बादल छाने के आसार हैं। इस बदलाव के बावजूद मौसम शुष्क रहेगा। सुबह में धुंध या कोहरा छाया रहेगा। लेकिन सूर्यदेव के सामने आते ही धुंध छंट जाएगी। हालांकि ऐसी स्थिति में रात के समय ठंड में बढ़ोतरी दर्ज होने की उम्मीद है। राज्य में 8 नवंबर से मौसम साफ रह सकता है। राजधानी समेत राज्य के विभिन्न जिलों में न्यूनतम तापमान में अब गिरावट दर्ज की जा रही है। इससे रात में सिहरन बढ़ गई है। पिछले तीन दिनों के दौरान झारखंड के विभिन्न जिलों के न्यूनतम तापमान में कमी आई है। रांची में न्यूनतम पारा पिछले दो दिन में चार डिग्री तक गिरकर 15.6 डिग्री सेल्सियस पर आ गया है। यह सामान्य से कम है।

मेदिनीनगर और जमशेदपुर को छोड़कर राज्य के विभिन्न जिलों के अधिकतम तापमान में पिछले 24 घंटों के दौरान एक से चार तक डिग्री तक की गिरावट आई है। हालांकि दो दिन पहले गुरुवार को यह तापमान 21.1 डिग्री था।

**अधिकतम तापमान में आएगी गिरावट**

मौसम विभाग के अनुसार झारखंड के आसपास का मौसम साफ है। कहीं भी मौसम में बदलाव होने के बड़े संकेत नहीं हैं। वातावरण के ऊपरी सतह पर पूरी तरह पश्चिमी-उत्तरी हवा का रुख है। वहीं, निचले स्तर पर पूर्वी हवा आ रही है। इससे वातावरण नम होगा और आंशिक बादल छाएंगे। लेकिन पश्चिमी और उत्तरी हवा के जोर के कारण मौसम शुष्क रहेगा। विभाग के मुताविक आंशिक बादल छाने से अधिकतम तापमान में एक से दो डिग्री की गिरावट आ सकती है। न्यूनतम पारे में बड़े बदलाव के आसार कम हैं।

# राज्य स्तरीय अंतर विद्यालय बैंड प्रतियोगिता संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद् रांची के तत्वाधान में बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम खेलगांव में राज्य स्तरीय अंतर विद्यालय बैंड प्रतियोगिता सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। पाइप बैंड के बालक वर्ग में केरली पब्लिक स्कूल धुर्वा, रांची चैंपियन बनी, तथा संत जेवियर स्कूल लुपुंगुटू चाईबासा एवं सेक्रेड हाई स्कूल कोडरमा की टीम दूसरे एवं तीसरे स्थान पर रही। पाइप बैंड के बालिका वर्ग में केजीबीवी पटमदा पूर्वी सिंहभूम चैंपियन बनी, तथा संत संत अन्ना बालिका विद्यालय मंडर एवं झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय फतेहपुर जामताड़ा की टीम दूसरे एवं तीसरे स्थान पर रही। ब्रास बैंड के बालक वर्ग में संत जेवियर स्कूल लुपुंगुटू चाईबासा चैंपियन बनी, तथा मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय खूंटी एवं प्लस 2 हाई स्कूल कुमारलालो गिरिडीह की टीम दूसरे एवं तीसरे स्थान पर रही। ब्रास बैंड के बालिका वर्ग में मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय खूंटी चैंपियन बनी, तथा केजीबी वी पदमा हजारीबाग एवं के जी बी वी महेशपुर पाकुड़ की टीम दूसरे एवं तीसरे स्थान पर रही।

## न्यूज बॉक्स

### सतर्कता जागरूकता सप्ताह पर ग्रामसभा का आयोजन

**रांची।** सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 के अंतर्गत सीएमपीडीआई ने सार्वजनिक जीवन में भ्रष्टाचार के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए होचर गांव, कांके रोड, रांची में ग्राम सभा का आयोजन किया। इस ग्राम सभा में सीएमपीडीआई के मुख्य सतर्कता अधिकारी सुमित कुमार सिन्हा एवं सतर्कता टीम, जिला परिषद सदस्या किरण देवी, उप मुखिया जितेन्द्र कुमार साहू, सरपंच सौबतिया देवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे। श्री सिन्हा ने ग्रामवासियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलायी तथा भ्रष्टाचार के दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सतर्कता जागरूकता के प्रचार-प्रसार हेतु एक नुक्कड़ नाटक का मंचन भी किया गया।

### 50वां कोल इंडिया स्थापना दिवस समारोह



सीएमपी डीआई को आठ पुरस्कार प्राप्त हुए

**रांची।** कोलकाता में आयोजित 50वें कोल इंडिया लिमिटेड स्थापना दिवस समारोह में पूरे कोल इंडिया स्तर पर सीएमपीडीआई को पांच पुरस्कार व्यक्तिगत/ समूह स्तर जबकि तीन पुरस्कार कॉरपोरेट पुरस्कार श्रेणी सहित कुल 8 पुरस्कार प्राप्त हुए। कोल इंडिया के अध्यक्ष पीएम प्रसाद एवं पूर्व अध्यक्ष सुतीर्थ भट्टाचार्य ने व्यक्तिगत और समूह पुरस्कार प्रदान कर पुरस्कृत किया। कॉरपोरेट श्रेणी में क्षेत्रीय संस्थान-5-बिलासपुर के अंतर्गत कोरबा ड्रिलिंग कैम्प को सर्वश्रेष्ठ ड्रिलिंग शिविर हेतु गवेषण पुरस्कार सीएसआर व्यय में एमसीएल के साथ संयुक्त रूप से प्रथम पुरस्कार और स्वच्छता पखवाड़ा में प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुए। व्यक्तिगत और समूह पुरस्कार श्रेणी में महाप्रबंधक (टीएस/पीआर) संजय कुमार दुबे को सर्वश्रेष्ठ विभागाध्यक्ष का पुरस्कार, क्षेत्रीय संस्थान-7-भुवेश्वर के क्षेत्रीय निदेशक संजय कुमार भर को सर्वश्रेष्ठ क्षेत्रीय निदेशक का पुरस्कार, क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची के क्षेत्रीय निदेशक जयंत चक्रवर्ती को ह्यह्यव्यक्तिगत उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा की प्रभात फेरी

### तूं जुग जुग एको सदा सदा तूं एको जी...



**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा की प्रभात फेरी तीसरे दिन कृष्णा नगर कॉलोनी गुरुद्वारा साहिब से आरंभ होकर रिम्स बरियातू के सामने डॉक्टर अजय छाबड़ा के फ्लैट सुबह 6 बजे पहुंची। वहां से निकलकर फेरी बरियातू रामेश्वरम स्थित हरीश अरोड़ा,पप्पू काठपाल के अपार्टमेंट गई और फिर वहां से निकलकर रामेश्वरम स्थित स्वर्गीय जगत सिंह सुखीजा, लेखराज अरोड़ा, प्रकाश अरोड़ा, हंसराज अरोड़ा और प्रेम मिढ़ा के संयुक्त आवासीय परिसर पहुंची और मनीष मिढ़ा द्वारा अरदास के साथ यही प्रभात फेरी का समापन सुबह नौ बजे हो गया. फेरी के स्वागत में तीनों जगह श्रद्धालुओं द्वारा चाय नाश्ते के लंगर की व्यवस्था की गई। फेरी में गीता कटारिया, शीतल मुंजाल, मंजीत कौर, रेशमा गिरधर, नीता मिढ़ा, इंदु पपनेजा, बबीता पपनेजा, जसपाल मुंजाल, इंदर मिढ़ा, रमेश पपनेजा ने हरि के जन सतगुर सतपुरखा बिनउ करउ गुर पास हम कीरे किरम सतगुर शरणाई कर दइआ नाम परगास... और सभि जीअ तुमारे जी तूं जीआ का दातारा हरि धिआवहु संतहु जी सभि दूख विसारणहारा...... एवं तूं जुग जुग एको सदा सदा तूं एको जी तूं निहचल करता सोई....जैसे कई शब्द गायन के साथ साथ संगत को वाहेगुरु का जाप भी कराया गया। सरदार भूपिंदर सिंह ने निशान साहिब उठाकर फेरी की अगुवाई की।

### सिल्ली व खिजरी विधानसभा के लिए हुआ रेंडमाइजेशन

**रांची।** विधानसभा आम चुनाव 2024 की तैयारियों के तहत जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, वरुण रंजन की अध्यक्षता में रविवार को 61-सिल्ली एवं 62-खिजरी विधानसभा क्षेत्र के लिए सेकेंड रेंडमाइजेशन किया गया। रेंडमाइजेशन दौरान सिल्ली एवं खिजरी विधानसभा क्षेत्र के प्रेक्षक, निवार्ची पदाधिकारी, दोनों विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी/निर्वाचन अभिकर्ता, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, संबंधित कोषांग के अधिकारी एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# सर्दियों में महिलाओं को हो सकती है बड़ी परेशानी

## ठंड के मौसम में मासिक धर्म के दौरान ऐसे रखें अपना ख्याल

**काजल मेहता**

सर्दी का मौसम जैसे ही आता है हमारे जीवन में कई बदलाव होने लगते हैं। दिनचर्या से लेकर खानपान तक इस मौसम में पूरी तरीके से बदल जाता है। ठंड आते ही कई लोग सर्दियों के कारण पानी का सेवन कम कर देते हैं। जबकि ऐसा करना हमारे सेहत के लिए काफी हानिकारक साबित हो सकता है। कायदे से जिस तरह गर्मियों में शारीर को पानी की पर्याप्त आवश्यकता होती है उसी प्रकार सर्दियों में भी शरीर को पर्याप्त पानी की आवश्यकता होती है। खासकर महिलाओं को ठंड में पानी न पिने से या पानी की कमी से परेशानी हो सकती है। ठंड में महिलाओं को अपनी जीवनशैली में किस तरह के बदलाव करने चाहिए। इस विषय पर डॉक्टर अलका से बातचीत की गयी, जिन्होंने कई समाधान बताएं जिस से ठंड के मौसम में महिलाये स्वस्थ रह सकती है।



डॉ.अलका

डॉक्टर अलका ने बताया इस मौसम में महिलाओं को ठंडा पानी पीने के बजाय गुनगुने पानी का सेवन करना चाहिए। साथ ही सर्दियों में फास्ट फूड से परहेज करना चाहिए। जरूरत से ज्यादा तला-गला भोजन भी नुकसान पहुंचाता है। इसलिए बेहतर होगा कि इससे बचें। वहीं, विटामिन सी एक अच्छा एंटी-आक्सीडेंट है। ऐसे में ठंड में इसका भरपूर सेवन करना चाहिए। साथ ही सूखे मेवे खाना भी फायदेमंद साबित होगा।

### गर्भवती महिलाएं कैसे रखे ख्याल

डॉक्टर कहती हैं कि इस सीजन में गर्भवती महिलाओं को अपनी सभी जांचें समयनुसार नियमित रूप से करवानी चाहिए और लगातार डॉक्टर से संपर्क में रहना चाहिए। साथ ही इस मौसम में आने वाली फल और सब्जियों का पर्याप्त सेवन करना चाहिए, ताकि वह खुद को स्वस्थ रख सकें। अक्सर परिवार की देखभाल में व्यस्त महिलाएं अपनी सेहत को लेकर लापरवाह हो जाती हैं। वे अपने ही खानपान पर ध्यान नहीं देती हैं। इसलिए यह जरूरी है कि वे अपने लिए भी समय निकालें। सरकारी केन्द्रों पर गर्भवती महिलाओं को कई जरुरी दवाएं मुफ्त में भी मुहैया करायी जाती है जिनका सर्दियों में सेवन अतिआवश्यक है।

### व्यायाम पर दें विशेष ध्यान

महिलाओं अपनी सेहत का खास ख्याल रखना चाहिए। ऐसे में यह जरूरी है कि वह नियमित रूप से हल्के व्यायाम करें। पैदल चलना भी एक अच्छा व्यायाम है। इसलिए रोजाना कम से कम 30 मिनट पैदल जरूर चलें। मौसम में लगातार हो रहे बदलाव की वजह से अक्सर रात ठंडक और दिन में गर्मी का अहसास होने लगता है। ऐसे में इस मौसम में वायरल इंफेक्शन भी काफी बढ़ जाता है। इसलिए अतिरिक्त सावधानी जरूरी है।

### कुछ देर धूप जरूर सेकें

ठंड के मौसम में बेहद जरूरी है कि आप सीधे इसके संपर्क में आने से बचें। ऐसे में कोशिश करें कि आप बहुत सुबह घर से बाहर निकलने से बचें। साथ ही जब भी घर से बाहर निकलें, तो खुद को गर्म कपड़ों से अच्छी तरह से ढंककर निकलें। अगर टहलने जा रही हैं, तो ठंडक कम होने के बाद ही बाहर निकलें। साथ ही शरीर में विटामिन डी की पूर्ति करने के लिए रोजाना सुबह कुछ देर धूप में अवश्य बैठें। धूप विटामिन डी का प्राकृतिक स्त्रोत है।

### ठंड के मौसम में मासिक धर्म के वक्त कैसे बरतें सावधानी

ठण्ड के मौसम में महिलाओं और किशोरियों को मासिक धर्म के समय काफी परेशानियां होती है। इन दिनों क्रेंप और दर्द अधिक होता है। दरअसल, ठंड के मौसम में रक्त वाहिकाएं सिकुड़ जाती हैं, जिससे रक्त प्रवाह कम हो जाता है और दर्द बढ़ जाता है। वहीं सर्दियों में सूरज की रोशनी कम मिलने की वजह से विटामिन डी की कमी हो जाती है। विटामिन डी, मासिक धर्म से जुड़े हॉर्मोन को नियंत्रित करने में मदद करता है। सर्दियों में लोग कम पानी पीते हैं, जिससे डिहाइड्रेशन हो सकता है। डिहाइड्रेशन की वजह से रक्त प्रवाह में गड़बड़ी हो सकती है, जिससे दर्द बढ़ जाता है। सर्दियों में ज्यादातर समय घर के अंदर बिताने की वजह से शारीरिक गतिविधि कम हो जाती है। इससे पीरियड्स से पहले के माहौल (पीएमएस) में तेजी आती है और दर्द बढ़ जाता है। सर्दियों में लोग ज्यादा तेल-मसाले वाले और जंक फूड खाते हैं, जिससे भी दर्द बढ़ सकता है। इन सभी कारणों से अधिक दर्द होता है जिस से बचने के लिए दिए गए उपायों पर अमल करने से महिलाओं के मासिक धर्म के वक्त होने वाली परेशानियां कम हो जाएगी।

## एक नजर

### विनोदित तिग्गा ने अपने पक्ष में वोट देने की अपील की

**मांडर।** प्रखंड के हेसल गाँव मे एआइएमआइएम के समर्थित उमीदवार बिनोदित तिग्गा ने सघन प्रचार किया। गांव के लोगों ने उनके पक्ष मे पर मोहर लगाने का संकल्प किया। साथ ही उन्हें भारी से भारी मतों से विजय बनाने का संकल्प लिया। मौके पर समाजसेवी रबुल अंसारी, समसुल अंसारी, मुस्ताक अंसारी, मोइन अंसारी, मुंतज़िर अंसारी, साहबान अंसारी, शफीक अंसारी, मंसूर अंसारी, इजराफिल अंसारी, वसीम अंसारी, मुजम्मिल अंसारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### मुख्य छठ तालाब में गंदगी का अंबार



**ठाकुरगांव।** ठाकुरगांव के बाजार टांड स्थित मुख्य छठ तालाब इन दिनों अपने दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। छठ महापर्व मंगलवार से प्रारंभ हो जाएगी लेकिन अबतक उक्त मुख्य छठ तालाब कचड़े के अंबार से घिरा हुआ है। सफाई की ओर ना तो किसी अधिकारी का और ना तो कोई जनप्रतिनिधि का ध्यान जा रहा है। जानकारी के मुताबिक इस तालाब में 100 से अधिक छठव्रति भगवान भाष्कर को अर्ध्य अर्पित करेंगे।

### ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में मनाया गया भाई दूज



**रांची।** शहर के पिठौरिया स्थित प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में रविवार को भाई दूज धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान चैतन्य झांकी का आयोजन किया गया। संस्था की संचालिका बी के राजमती ने भाई दूज का टीका सभी को लगाया और मुंह मीठा किया। भाई दूज के आध्यात्मिक रहस्यों को बताते हुए कहा कि वास्तव में मस्तक या दोनों भौहों के बीच भृकुटि का मध्य मनुष्य शरीर का वह स्थान है, जहां आत्मा निवास करती है। शिव शक्तियां मनुष्यों को अर्थ सहित ईश्वरीय ज्ञान का यह रहस्य भी सुनाती है। आत्मा अविनाशी है। कार्यक्रम में सभी ने एक -एक दीप जलाकर आने वाले समय में आत्मदीप जागृत रखने का संकल्प लिया। इस मौके पर सुबोध कुमार, नरेश कुमार, डॉ अनिल कुमार, आशुतोष द्विवेदी, लीला देवी, ऊर्मिला देवी, रीता देवी, बसंती देवी, संपति देवी, कविता सेन, रोहित कुमार, चंदन, विनोद, रौशन सहित अन्य उपस्थित थे।

## लक्ष्मीनारायण मंदिर में दीपावली मिलन सह अन्नकूट महोत्सव



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री माहेश्वरी सभा, माहेश्वरी महिला समिति, माहेश्वरी युवा संगठन एवं श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर समिति द्वारा दीपावली मिलन सह अन्नकूट महोत्सव का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। समाज जनों ने दीप प्रज्वलित कर एक-दूसरे को दिवाली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर परेश गट्टानी, राहुल साबू, और राम बांगड़ का सम्मान किया गया। भजन संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें भजन गायक विभोर डागा, मनोज कल्याणी, मनोज काबरा, मुकेश काबरा, एवं हनुमान मंडल के सदस्यों ने भजन प्रस्तुत किए। अपराह्न 1:30 बजे, कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा मंदिर परिसर में 101 दीप प्रज्वलित कर भगवान लक्ष्मीनारायण के सामने विश्व कल्याण की प्रार्थना की गई। इसके बाद 101 लोगों ने सामूहिक आरती में भाग लिया, कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद महुआ माजी, पूर्व सांसद अजय मारू, अग्रवाल सभा, मारवाड़ी ब्राह्मण सभा, मारवाड़ी सहायक समिति, मारवाड़ी युवा मंच, हनुमान मंडल, रांची गोशाला न्यास, श्री श्याम मंडल, श्री श्याम मित्र मंडल, झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन, फेडरेशन झारखंड चेम्बर ऑफ कॉमर्स, एवं अन्य सामाजिक व धार्मिक संगठनों के अध्यक्ष एवं सचिव भी उपस्थित थे।

## घरों में कृत्रिम जलाशय का निर्माण कर श्रद्धालु देंगे भगवान सूर्य को अर्ध्य



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पर्व-त्योहारों को प्रकृति में छुपी शक्ति से जोड़ा जाता है। इसलिए प्रकृति में छुपी शक्ति की पूजा को ही ईश्वर की पूजा मानी जाती है। पूजा-पाठ में ज्यादा से ज्यादा प्राकृतिक वस्तुओं का प्रयोग इसी कारण से होता कि हम प्रकृति की पूजा कर रहे हैं तो प्राकृतिक संसाधनों का ही ज्यादा प्रयोग करें। छठ पूजा महापर्व जलाशय में मनाने का विधान है। यह पूजा स्वच्छता, पवित्रता का प्रतीक है। इस पूजा की तैयारी के लिए लोग महीनों पहले से लग जाते थे। अपने आसपास की नदी, तालाब की सफाई करते हैं। यह पर्व हमें यह संदेश देता है कि जल ही जीवन है और प्रकाश ही सदगति है। जीवन के लिए पानी चाहिए और पानी के लिए जलाशय चाहिए। जलाशयों को स्वच्छ रखने पर ही जीवनदायी अमृत पानी मिलती है। इस पूजा के माध्यम से जलाशयों के साफ-सफाई की प्रेरणा मिलती है। बदलाहट के इस दौर में महापर्व छठ पूजा-पाठ का स्वरूप भी बदलता नजर आता है। प्राकृतिक जलाशयों की जगह लोग अब कृत्रिम जलाशय का निर्माण कर अपने घर में ही भगवान भास्कर को अर्ध्य देने लगे हैं। इस तरह का आयोजन हरमू स्थित कांग्रेसी नेता स्व. पीएन सिंह के पुत्र शैलेंद्र सिंह करवाते हैं।

यह व्यवस्था आधुनिक समय के लिए सुविधापूर्ण मालूम पड़ती है। मगर यह सुविधा पूजा के मूलभूत सिद्धांत से अलग है। अलग इस मायने में होगा कि छठ महापर्व को प्राकृतिक जलाशयों में सामूहिकता के साथ मनाया जाता है। वहीं एकांकी पूजा होने से इसकी सामाजिक समरसता में कमी आती है साथ ही प्रकृति से दूरी बनती है। प्रकृति से दूरी बनती है तो पूजा की अवधारणा ही खत्म हो जाती है। अब लोग अपने घर के छत में टब में पानी भरकर खड़े हो जाते हैं और अर्घ्य दे रहे हैं।

### प्रदेश कांग्रेस ने तीन दिग्गज नेताओं को किया निष्कासित

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने निर्देशानुसार देवेन्द्र सिंह बिट्टू, मुनेश्वर उरांव एवं इसराफिल अंसारी को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से छह वर्षों के लिए निष्कासित किया है। इन तीनों नेताओं पर चुनावी मैदान में उतरकर अनुशासन तोड़ने का आरोप है। चुनाव से पहले यह झारखंड कांग्रेस का बड़ा एक्शन माना जा रहा है।

### केंद्रीय जनजातीय मंत्री की जनसभा आज

**रांची।** केंद्रीय जनजातीय मंत्री जुएल ओराम आज सोमवार को गुमला जिले के चैनपुर में सुबह 9:30 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। श्री ओराम गुमला जिले के आदर में सुबह 11:30 से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। केंद्रीय जनजातीय मंत्री गुमला जिले के सिसई स्थित नगर पंचायत में दोपहर 2:30 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।

**ढाई महीने से बंद है खलारी के पांच पंचायतों की जलापूर्ति**

# पानी के अभाव में छठ के लिए खलारी छोड़ जा रहे हैं लोग



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** खलारी प्रखंड के पांच पंचायतों में विगत ढाई महीने से जलापूर्ति ठप है। दुर्गा पूजा महोत्सव से लेकर दिवाली का त्योहार किसी तरह पार हो गया। परंतु नेम निष्ठा का महापर्व छठ बिना पानी के करना मुश्किल है। कई परिवार केवल छठ पूजा करने खलारी से दूसरी जगह सिर्फ इसलिए जा रहे हैं कि उनके घर में सप्लाई का पानी नहीं आ रहा है। लोगों ने बताया कि दुर्गा पूजा, दिवाली त्योहार में जहां तहां से पानी ला लाकर काम चला लिए। ढाई महीने से खलारी के बुकबुका स्थित बहुग्रामीण जलापूर्ति योजना के फिल्टर प्लांट से वाटर सप्लाई बंद है। सबसे पहले सपही नदी में बने संप के विद्युत कंट्रोल पैनल में खराबी बताया गया। उसे ठीक किया गया तो संप का दोनो मोटर जल गया। मोटर वाइन्डिंग कर दुरूस्त किया गया तो पता चला कि पंप ही जाम है। मोटर भी इसी वजह से जला था। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के 55 लाख लीटर पानी प्रतिदिन फिल्टर करने की क्षमता रखने वाले इस वाटर फिल्टर प्लांट के संचालन की जबाबदेही जबतक इसे स्थापित करने वाली निजी एजेंसी राक ड्रिल इंडिया के पास था, तबतक लोगों को लगभग निर्बाध पानी मिलता रहा। तय अनुबंध के बाद एजेंसी ने पूरे प्लांट को सौंप दिया। जिन पंचायतों में जलापूर्ति किया जाता है उनके प्रतिनिधियों द्वारा बहुग्रामीण जलापूर्ति योजना की संचालन समिति बनाई गई। संबंधित पंचायत के मुखियाओं के जिम्मे संचालन और देखरेख है। वहीं मासिक जल शुल्क वसूलने की जिम्मेवारी संबंधित पंचायत के जलसहिया की है। इनमें से सभी नन टेक्निकल हैं। इतने बड़े प्लांट के संचालन के लिए प्लांट में स्थाई रूप से एक मेकैनिकल व इलेक्ट्रिकल तकनीषियन होना चाहिए। प्रबंधन पूरी तरह फेल है जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ा रहा है। पंचायतों के मुखिया धन की कमी बताकर अपनी विवशता बता देते हैं। मासिक जलशुल्क वसूलने का अधिकार जलसहिया को है। समिति को निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित करना होगा, वहीं सख्ती से जलशुल्क भी वसूलना होगा, तभी आम जनता को प्रतिदिन पानी मिल सकेगा।

**जल्द ही दुरूस्त हो जाएगा संप का पंप, मिलने लगेगा पानी : दीपांकर**

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कनीय अभियंता दीपांकर ने कहा है कि पंप जाम होने की बात उनके संज्ञान में आया है। उन्होंने अनुभवी तकनीशियन से बात किया है। जल्द ही संप का पंप दुरूस्त कर लिया जाएगा और जलापूर्ति शुरू हो जाएगा।

## न्यूज बॉक्स

### सिल्ली में जयराम महतो की जनसभा आज



**सिल्ली।** झारखंड लोकतांत्रिक मोर्चा इन दिनों चुनावी रेस में हैं। संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम कुमार महतो अपने चुनावी जनसभा कर रहे हैं। वे आज मंगलवार को सिल्ली के पतराहातु मैदान सभा को संबोधित करेंगे। रांची जिला संगठन महासचिव विमल महतो ने कहा कि केंद्रीय अध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया जाएगा। आदर्श आचार संहिता के नियमों का पालन किया जायेगा।प्रत्याशी देवेंद्र नाथ महतो ने सभा के तैयारी को लेकर पतरातू मैदान में अपने कार्यकताओं के साथ बैठक किया। और केंद्रीय अध्यक्ष के आगमन का रूट चार्ट जारी किया गया।

### शुरू हो गई छठ की तैयारी



खलारी। दीवाली त्योहार बीतते ही जिन घरों में छठ पूजा होना है, वहां तैयारी शुरू कर दी गई है। नेम निष्ठा के लिए घरों में रंग रोगन से लेकर अन्य सफाई कार्य किए गए हैं। छठ के विशेष प्रसाद ठेकुआ बनाने की तैयारी चल रही है। आटा के लिए गेहूं को धोने-सुखाने और सफाई कार्य किया जा रहा है। इस कार्य में व्रतियों के अलावा परिवार के दूसरे सदस्य से लेकर पड़ोसी तक सहयोग कर पुण्य कमा रहे हैं। नहाय खाय के लिए रविवार साप्ताहिक हाट में भी लोग लौकी खरीदे। कई लोग सूप दौरा भी खरीदे।

### खलारी में आस्था के साथ हुई भगवान चित्रगुप्त की पूजा



**खलारी।** खलारी तथा कोयलांचल क्षेत्र में कायस्थ परिवार के लोगों ने भगवान चित्रगुप्त की पूजा धूमधाम से की। कायस्थ परिवार के लोग अपने-अपने घरों में भगवान चित्रगुप्त का चित्र रखकर पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना किए। डकरा में सामूहिक पूजा की गई। इस अवसर पर चित्रगुप्त भगवान की कथा सुनी गई। पूजन में भगवान चित्रगुप्त के साथ कलम, दवात की भी पूजा की गई। पूजा के दौरान कायस्थ लोग कोरे कागज पर स्वस्तिक का चिन्ह बनाकर कथा में वर्णित मंत्र लिखे। आय-व्यय का लेखा जोखा भी लिखे। जिसमें मान्यता के अनुसार आय कम तथा व्यय अधिक दशार्या गया। पूजा के दौरान भगवान चित्रगुप्त से विद्या, बुद्धि तथा लेखन का आशीर्वाद मांगे। अंत में आरती की गई तथा उपस्थित लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। डकरा के सामूहिक पूजा में मनोज श्रीवास्तव, सुबोधकुमार वर्मा, श्रीचन्द्रा, धर्मेन्द्रकुमार सिन्हा, गणेश सिन्हा, महेन्द्र सिन्हा, मनोज अम्बष्ट, मुन्ना, विजयकुमार सिंह (पिन्टू), चन्दन सिन्हा, अमितकुमार सिन्हा, संजय सिन्हा, संजय सिन्हा (माइनर्स) सहित कायस्थ परिवार के अन्य लोग उपस्थित थे।

## चान्हो प्रखंड में दर्जनों लोगों ने आजसू छोड़ थामा कांग्रेस का दामन



**नवीन मेल संवाददाता। चान्हो**

रविवार को चान्हों प्रखंड के कांग्रेस कार्यालय में इंडिया एलायंस के समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी शिल्पी नेहा तिर्की के प्रति आस्था और विश्वास प्रकट करते हुए लतीफ अंसारी अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ फिर से जिला से आए कांग्रेस के वरिष्ट नेता जलील अंसारी के समक्ष काँग्रेस पार्टी जॉइन किया। सभी को चुनाव चिन्ह का अंग वस्त्र भेंट कर कांग्रेस परिवार में स्वागत किया गया। इस बीच जलील अंसारी ने कहा कि चान्हो और पूरे राज्य में कांग्रेस का कारवां लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने सभी से चुनाव में पूरी लग्न और मेहनत से जनता के बीच जाने का आह्वान किया। इस दौरान शामिल हुए युवाओं ने कहा कि आदरणीय बंधु तिर्की और शिल्पी नेहा तिर्की दिन रात जनता की सेवा में समर्पित रहते हैं। और ये दोनो यहां के जननायक हैं। इनके पास हर समस्याओं का समाधान होता है। इसी तरह, माननीय मुख्यमंत्री हेमंत दा की अगुवाई में हर वंचितों और हर वर्ग के लोगों का उत्थान ऐतिहासिक रूप से हो रहा है। इन सब से प्रेरित होकर आज कांग्रेस ज्वाइन किए हैं। सभी ने कांग्रेस प्रत्याशी शिल्पी नेहा तिर्की को भारी मतों से जीत दिलाने का संकल्प लिया। कांग्रेस में शामिल होने वालों में लतीफ अंसारी के साथ साथ इजहारूल अंसारी, असरफुल अंसारी,रेयाजुल अंसारी, फिरोज अंसारी, समीउल्लाह अंसारी, कलाम अंसारी, मुनताज अंसारी समेत दर्जनों लोगों ने कांग्रेस का दामन थामा।

### भाजपा के घोषणा पत्र से हुई निराशा : ओबीसी मोर्चा

**रांची।** राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने कहा कि भाजपा के घोषणा पत्र से काफी निराशा हुई है। प्रदेश अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने कहा कि उम्मीद थी कि राज्य के 55 प्रतिशत आबादी वाले ओबीसी समुदाय के हक और सम्मान का मुद्दा भाजपा के घोषणा पत्र में शामिल होंगे। घोषणा पत्र की केंद्र बिंदु में ओबीसी विकास की कोई कार्य योजना नहीं है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रमुख मुद्दों में एससी, एसटी, ईडब्ल्यूएस की तरह ओबीसी को भी उसके जनसंख्या अनुपात में आरक्षण देने, जातीय जनगणना करने, स्वतंत्र ओबीसी मंत्रालय गठन करने, मंडल कमीशन की अनुशंसाओं को लागू करने, प्रमोशन में आरक्षण देने, ओबीसी पर लागू क्रीमी लेयर हटाने आदि शामिल हैं। लेकिन, गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा जारी भाजपा के घोषणा पत्र में कोई भी मांग शामिल नहीं है। यह तो आरक्षण के नाम पर छलने वाली बात है।

## दीपावली व भाई दूज पर भंडारे का हुआ वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

174 वां निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का वितरण किया गया। प्रसाद भगवान श्री राज श्यामा जी एवं गुरु महाराज को अर्पित किया गया। उसके बाद 900 श्रद्धालुओं एवं सदगुरु कृपा अपना घर आश्रम (सत्य-प्रेम सभागार) में रह रहे सेवादारों के बीच वितरण किया गया। आश्रम परिसर में आये हुए सभी धर्म प्रेमीजनो एव श्रद्धालुओ ने शांती पूर्वक कतार मे लगकर 174 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे के प्रसाद में पुडी, कचौड़ी, आलु चना टमाटर मिश्रित सब्जी, भेजिटेबल पुलाव एवम मिठाई में केसरीया खीर, आलु चिप्स एव भुजीया का पैकेट सभी आये हुए श्रद्धालुओं को विधिवत उद्घाटन कर वितरण शुरू किया गया। संस्था के पुरणमल सर्राफ, निर्मल जालान, विशाल जालान,पवन पोद्दार और संस्था के सदस्यों ने भक्ती भाव से राज श्यामा जी को बहुत भक्ति भाव से भोग लगाकर आरती करके भंडारे के प्रसाद का विधिवत उद्घाटन कर वितरण शुरू किया गया। आज के अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे की सेवा के महान कार्य में विशेष रूप संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष निर्मल जालान, हरीश कुमार, परमेश्वर साहु एव इनके अलावा संस्था के और भी बहुत से सदस्य उपस्थित थे।

**नेम निष्ठा का महापर्व छठ कल से हो जाएगा शुरू**

## छठ घाटों व आसपास शुरू हुई साफ- सफाई



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

नेम निष्ठा के महापर्व छठ का विधान मंगलवार को नहाय-खाय से शुरू हो जाएगा। क्षेत्र के लगभग सभी छठ घाटों व आसपास साफ-सफाई शुरू कर दी गई है। इसी क्रम में एसीसी छठ घाट आसपास साफ सफाई शुरू की गई। यहां के सफाई अभियान में सीसीएल केडीएच परियोजना, पुलिस प्रशासन, खलारी सीमेंट प्रबंधन, छठ पूजा समिति, समाजसेवी सहित स्थानीय कार्यकताओं ने सहयोग किया। मालूम हो कि सीसीएल एनके एरिया प्रबंधन प्रत्येक वर्ष क्षेत्र के सभी छठ घाटों की सफाई कराती है। निविदा प्रक्रिया से तय संवेदक भी साफ सफाई करा रहे हैं। वहीं कई समाजसेवी छठघाट तक व्रतियों के आने जाने के रास्तों के साफ सफाई के लिए प्रयासरत हैं। कार्यकताओं के प्रयास बता रहे हैं कि अर्घ्य के दिन तक सभी छठ घाट दुरूस्त कर लिए जाएंगे। एसीसी छठघाट की सफाई में बिट्टू सिंह, घंटु पांडेय, अवधेश यादव, सत्येन्द्र सिंह, राजेन्द्र रजक, बबलु सिंह, रामानुज सिंह, अशोक रावत, मितेश सिंह, विजय तुरी, विकास सिंह, अजीत सिंह, सोनू सिंह, संजय कामत, सूरज मुंडा, सागर राम, रणजीत केशरी, सूरज रावत, प्रमोद प्रजापति, हरि प्रजापति, ललन सिंह, योगेंद्र रजक, अभिषेक सिंह आदि ने सहयोग किया।

## एमपी के सीएम मोहन यादव आज खलारी में



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव सोमवार को खलारी आएंगे। खलारी भाजपा के लोगों ने बताया कि मोहन यादव पूर्वाह्न 11 बजे हेलीकाप्टर से खलारी के एसीसी क्लब मैदान में आएंगे और एक जनसभा को संबोधित करेंगे। खलारी थाना प्रभारी पुनि विजयकुमार सिंह ने जनसभा स्थल में मंच व हेलीकाप्टर उतरने के स्थल का मुआयना कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता सभा स्थल में तैयारी पूरी करने में जुटे रहे। अधिक से अधिक भीड़ जुटाने की रणनीति बनाई गई है। सभा स्थल के आसपास के सभी परिवारों को सभा में उपसिथत होने की अपील की गई है। तैयारी में लगे भाजपा कार्यकताओं में कांके विधानसभा प्रभारी शशिभूषण भगत, नसीबलाल महतो, प्रथम साहू, प्रीतम साहू, अनिलकुमार गंझू, कार्तिक पांडेय, अरविन्द सिंह, आनंद झा, विकासकुमार सिंह, विकास दुबे, रामसूरत यादव, भरत रजक, शैलेन्द्र शर्मा, श्यामसुन्दर सिंह, जीतेन्द्र पांडेय, शत्रुंजय सिंह, रवीन्द्र पासवान, कुलदीप लोहरा, प्रदीप प्रमाणिक, भरत प्रजापति, चतुरगुण भुइयां, गणेशकुमार महतो आदि शामिल हैं।

## गोधन में भाइयों को श्राप देकर बहनों ने की मंगलकामना



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

भाई दूज के मौके पर खलारी में कई जगह गोधन कूटा गया। भाई बहन के प्रेम की इस अनोखी परंपरा में बहनों ने सुबह सबसे पहले अपने भाइयों को जी भर के कोसा। कोसने के क्रम में मर जाने तक का श्राप दिया। फिर रेंगनी का कांटा अपने जीभ में चुभोकर पश्चाताप किया। गोबर से चौकोर आकृति बनाई गई जिसमें यम-यमी की आकृति के साथ सांप बिच्छु की आकृति भी बनाई गई। बहनों ने पहले इसकी पूजा की। फिर चना, नारियल ईंट व जीभ में चुभोए गए रेंगनी के कांटे को रखकर डंडे से कूटा। पारंपरिक गीत गया। गोधन कूटने में हर उम्र की महिलाएं, छोटी बच्चियां शामिल थी। बाद में भाइयों को तिलक लगाया और कूटा गए चना, नारियल व मिठाई खिलाया। भाइयों ने भी बहनों को उपहार दिया।

**बहनों ने की भाईयों के स्वस्थ व दीघार्यु की कामना:** खलारी क्षेत्र में बहन भाई के प्रेम का त्योहार भाई दूज श्रद्धा व प्रेम से मनाया गया। इस मौके पर बहनों ने भाईयों के स्वस्थ व दीघार्यु होने की कामना की। भाइयों को बिठाकर बहनों ने उन्हें तिलक लगाया, आरती की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। भाईयों ने परंपरा के अनुसार बहनों को उपहार दिया। पौराणिक कथा के अनुसार यह पर्व यमराज और उनकी बहन यमी की कहानी पर आधारित है। परंपरा के अनुसार कई भाई बहनों के घर जाकर स्नान व भोजन किए और वहीं भाई दूज का त्योहार मनाया।

# एक नजर

## झामुमो नेता ने भाजपा सीएम की टिप्पणी पर दी तीखी प्रतिक्रिया

**कोडरमा।** मरकच्चो में भाजपा की आयोजित चुनावी सभा में असम के मुख्यमंत्री हिमांता विश्व शर्मा द्वारा झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर किए गए टिप्पणी को लेकर झामुमो नेता रविंद्र शांडिल्य ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। श्री शांडिल्य ने कहा कि हिमंता विश्व शर्मा 2015 में कांग्रेस पार्टी से भाजपा में आने वाले दल-बदलू नेता हैं। उन्हें बताना चाहिए कि भाजपा 10 वर्ष में कितने बेरोजगारों को नौकरी देने का काम किया है। झारखंड की नियोजन नीति को उच्च न्यायालय में भाजपा के इशारे पर ही चुनौती दी गई थी,जिससे नियोजन नीति नहीं बन सका। उन्होंने कहा कि मंईयां मुख्यमंत्री सम्मान योजना के तहत झारखंड की आधी आबादी को एक हजार से ढ़ाई हजार रु किए जाने पर भाजपा परेशान है।

## छठ तालाब के निकट पांच दिनी मेला सात से तैयारियां जोरों पर

**डोमचांच।** लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा को लेकर ऐतिहासिक शिवसागर छठ तालाब के निकट लगने वाले मेले की तैयारी जोरों पर है। पांच दिनी मेले की शुरूआत सात नवंबर से होगी। समापन 11 नवंबर को होगा। मेले को लेकर शिवसागर तालाब पर भव्य पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। चार लाख रू की लागत से बंगाल में बने एक पंडाल की तर्ज पर अशोक डेकोरेटर द्वारा 65 फीट उंचा और 50 फीट चौडा पंडाल का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। भगवान भास्कर के सात अश्वों पर सवार 15 फीट की प्रतिमा का निर्माण कार्य किया जा रहा है। लगभग 80 हजार रू की लागत से बन रहे मूर्ति निर्माण का कार्य धनबाद के एचके पोल द्वारा किया जा रहा है। पूरे पंडाल और आसपास तक लाइटिंग का कार्य कृष्णा लाईट देवघर द्वारा किया जा रहा है।

## पोस्टल बैलेट से मतदान के लिए सुविधा केंद्र निर्धारित होम वोटिंग हुआ शुरू

**कोडरमा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी मेघा भारद्वाज के निर्देश पर विधानसभा चुनाव 2024 अंतर्गत चुनाव कार्य में संलग्न पदाधिकारियों,कर्मियों को पोस्टल बैलेट से मतदान करने के लिए सुविधा केंद्र निर्धारित कर दिए गए हैं। जबकि 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं को होम वोटिंग की सुविधा तीन नवंबर से शुरू हो गयी है जो पदाधिकारी और कर्मी विधानसभा चुनाव कार्यों में संलग्न हैं, उनके लिए पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपना वोट करने जिले में सुविधा केंद्र निर्धारित कर दिए गए हैं। ऐसे पदाधिकारी,कर्मी अपना वोट पोस्टल बैलेट के माध्यम से 10 नवंबर से 12 नवंबर तक सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे के तक एफसी वन यूआईडी कार्यालय कोडरमा में बनाए गए पोस्टल वोटिंग सेंटर में कर सकते हैं।

धूमधम से बरही में मनाई गई चित्रगुप्त की पूजा

# बहनों ने यमद्वितीया पूजन कर अपने भाईयों की लंबी उम्र व सुरक्षित जीवन की कामना की



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

**बरही।** सूर्य मंदिर परिसर स्थित चित्रगुप्त मंदिर में परिसर में भगवान चित्रगुप्त जी महाराज का धूमधाम से पूजा अर्चना की गई. पूजा अर्चना पुरोहित रामलखन शर्मा, पुरोहित पप्पू पंडित व अजय पंडित के सान्निध्य में की गई. जिसमें बरही चित्रांश परिवार के सैकड़ों चित्रांश परिवार ने अपने इष्टदेव का भक्तिभाव से श्रद्धापूर्वक पूजा अर्चना कर कथा श्रवण किया. मुख्य पुरोहित लखन प्रसाद ने बताया कि चित्रगुप्त जी महाराज हमारे कर्मों के लेखा जोखा रखने वाले है. मरणोपरांत मनुष्य अपने जीवनकाल क्या किया और क्या पाया, इनकी अनुमति के पश्चात ही यमराज प्राणी को मुक्ति के द्वार तक ले जाते है. पूजा की समाप्ति मंत्र लेखन, हवन, आरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ. इसके बाद मंदिर प्रांगण में ही सार्वजनिक भंडारा का आयोजन किया गया. जिसमे उपस्थित लोगों ने भंडारा के प्रसाद का ग्रहण किया. संध्या में आरती के बाद न्यू कॉलोनी स्थित चित्रांश चंदन कुमार कर्ण के आवास पर चित्रांश परिवार की ओर से सामूहिक प्रीति भोज का आयोजन किया गया. जिसमें चित्रांश परिवार के सदस्यो ने सपरिवार शामिल होकर रात्रि भोज किया. इस अवसर पर सुबह में बहनों ने भी घर यमद्वितीया पूजन कर अपने भाईयों के लंबे और सुरक्षित जीवन की कामना किया. चित्रगुप्त पूजा में वरिष्ठ चित्रांश डॉ प्रकाश ज्ञानी, इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी आभाष कुमार, श्याम सुंदर प्रसाद, उपेंद्र प्रसाद, जय प्रकाश कटरियार, राजेंद्र रुखरियार, बिनोद कुमार सिन्हा, अजीत कटरियार, शिव नंदन प्रसाद, शैलेंद्र कुमार सिन्हा, विनय कुमार सिन्हा, महेश श्रीवास्तव, शशांक शेखर प्रसाद, गोपाल चंद्र घोष, राजकिशोर प्रसाद, निशांत कुमार सिन्हा आदि सहित कई चित्रांश मौजूद थे. पूजा आदि सभी कार्यक्रम वरिष्ठ चित्रांशों के संरक्षण में संपन्न हुआ.


# जेएमएम प्रत्याशी के लिए पत्नी चंदन देवी ने कार्यकर्ताओं संग मांगा वोट



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
झामुमो नेत्री चंदन देवी, प्रमोद गुप्ता और कलीम खान के नेतृत्व में बरकट्ठा प्रखण्ड के झुरझुरी और कोनहारा खुर्द पंचायत के कई गांव-टोले तथा सकरेज, चटनियां सिंघा, गंगटियाही, झुरझुरी, अम्बा टोला, मस्जिद टोला, धरहरा, कोनहारा खुर्द में जनसंपर्क अभियान चलाया। साथ ही बाराडीह, चामुदोहर, तुर्कडीह में झामुमो नेता दर्शन सोनी ने जन सभा का आयोजन किया। वहीं इंडिया गठबंधन समर्थित झामुमो प्रत्याशी जानकी प्रसाद यादव के लिए समर्थन मांगा। इस दौरान चंदन देवी ने कहा कि लोगों में झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रति काफी उत्साह है, बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के झामुमो प्रत्याशी जानकी प्रसाद यादव को एक बार पुनः मौका दें ताकि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हो सके। झामुमो नेता प्रमोद गुप्ता ने कहा कि बरकट्ठा में हेमंत की लहर है। इस बार के विधानसभा चुनाव में झामुमो की भारी मतों से विजय सुनिश्चित है। ग्रामीण मतदाताओं को 13 नवंबर को तीर कमान छाप पर ईवीएम में क्रम संख्या 02 दबाकर जानकी प्रसाद यादव को विजयी बनायें। जनसंपर्क अभियान में झामुमो कार्यकर्त्ता चन्द्रिका प्रसाद, ननकू मिंया, अमित कुमार समेत अन्य दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

# न्यूज बॉक्स

## बंडासिंगा मैदान में आज चुनावी सभा को संबोधित करेंगी कल्पना सोरेन




**बरकट्ठा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन सोमवार को बरकट्ठा में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगी। बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के झामुमो प्रत्याशी जानकी प्रसाद यादव के पक्ष में वह सोमवार दोपहर करीब 1:35 बजे बंडासिंघा मैदान पहुंचेगी। कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं ने शनिवार को कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इसकी जानकारी झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कुदूश अंसारी एवं मुखिया प्रतिनिधि बसंत साव ने दी। बताया कि कार्यक्रम को लेकर लगभग तैयारी पूरी कर ली गई है। प्रत्याशी जानकी प्रसाद यादव ने बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र की जनता से भारी संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम सफल बनाने की अपील किया है।

## निर्दलीय प्रत्याशी सुरेंद्र भाई मोदी ने बरकट्ठा में चुनावी कार्यालय का किया उद्धघाटन



**बरकट्ठा।** विधानसभा क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी सुरेंद्र भाई मोदी ने बरकट्ठा दुर्गा मंदिर के समीप चुनावी कार्यालय का उदघाटन फीता काट कर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बरकट्ठा विधानसभा में बीते 10 वर्षों से विकास के नाम पर शून्य कार्य हुए हैं।कहा कि बरकट्ठा विधानसभा की जनता इस बार बदलाव के मुड में है।चाचा -भतीजा के राज में पिछले 15 वर्ष से यहॉ के लोग त्राहिमाम कर रहे हैं। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र वासियों से अपील करते हुए कहा कि आगामी 13 नवंबर को अपने बुथ पर मतदान करने अवश्य जायें और क्रम संख्या 20,गैस चुल्हा छाप पर मतदान कर मुझे भारी मतों से विजयी बनायें।इस दौरान कहा कि बरकट्ठा जीटी रोड की हालत देखिए जहॉ विगत पॉच वर्ष में सैकड़ो लोग सड़क की जर्जर स्थिति के कारण काल के गाल में समा चुके है।थाना,ब्लॉक में भ्रष्टाचार चरम पर है।यहॉ के वर्तमान विधायक मस्त हैं और जनता त्रस्त है। कार्यालय उद्घाटन के दौरान मुख्य रूप से शिवशंकर मोदी, अरुण मोदी, सुनील मोदी, मनोज मोदी, बिट्टू मोदी, सुनील मोदी, सूरज मोदी समेत अन्य दर्जनों लोग शामिल थे।

## अभिनेत्री भाग्यश्री ने निर्दलीय उम्मीदवार अविनाश के लिए मांगा वोट



**बरही।** निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बॉलीवुड अभिनेत्री भाग्यश्री निर्दलीय उम्मीदवार अविनाश कुमार आर्य के पक्ष में रोड शो करने बरही पहुंची. उनके साथ निर्दलीय उम्मीदवार श्री आर्य भी मौजूद थे. इस दौरान बरही चौक पर अपने संबोधन में अभिनेत्री ने निर्दलीय उम्मीदवार के लिए मतदाताओं से उनके पक्ष में मतदान करने का अपील किया. उन्होंने कहा कि श्री आर्य बरही के माटी पुत्र है और बरही विस के चहुमुखी विकास के लिए सपने संजोए हुए है. प्रवासी मजदूरी रुके और बेरोजगारों को बरही में ही पढ़ाई और कमाई की व्यवस्था हो, वृद्ध और गरीबों को सम्मान मिले, सरकारी योजनाओ का लाभ सभी को मिले, बरही को इंडस्ट्रियल हब बनाने आदि कार्यों के लिए इन्हें मतदान करे. श्री आर्य ने भी अपने संकल्पों से लोगो को अवगत कराते हुए अपने पक्ष में मतदान करने की अपील किया. संबोधन के बाद बॉलीवुड अभिनेत्री का काफिला चौपारण के लिए प्रस्थान कर गया.

## अनियंत्रित ट्रेलर पुल तोड़ते हुए तिलैया डैम में गिरा, चालक की मौत

**बरही ।** बीते संध्या करीब सवा पांच बजे एक अज्ञात ट्रेलर बरही तिलैया राजमार्ग स्थित तिलैया डैम पर बने पुल को तोड़ते हुए डैम में गिर गया. सूचना मिलते ही बरही पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर ट्रेकर निकालने का प्रयास किया. परंतु रात्रि होने के कारण घंटों के प्रयास के बाद भी ट्रेलर नही निकाला जा सका. रविवार की सुबह स्थानीय गोताखोरो एवं क्रेन की मदद से गाड़ी चालक को डैम से मृत हालत में निकाला गया. मृतक की पहचान पांचु मीणा उम्र 21 वर्ष पिता नाथु मीणा ग्राम गोरधा अजमेर (राजस्थान) के रूप में हुई है. मामले के संबंध में उचित कारवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया. ट्रेलर पर सिर्फ चालक के सवार होने की जानकारी मिली है. वाहन संख्या या वाहन कहां से आ रहा था और कहां जा रहा था आदि की खोज बीन की जा रही है. उक्त जानकारी पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी आभाष कुमार ने दी.

## सूर्य मंदिर समिति के सदस्यों ने छठ घाट की सफाई की



**विष्णुगढ़ ।** हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत चेडरा पंचायत अवस्थित नव निर्मित सूर्य मंदिर के सामने नदी की साफ_सफाई के साथ सुंदरीकरण किया गया। जिससे छठ व्रतियों को पूजा करने में सुविधा होगी ।मौके पर रामेश्वर सिंह, नवल किशोर प्रसाद वर्मा, आनंद राम, प्रयाग प्रसाद सोनी , शंकर गोस्वामी, बबलू साहू , जुगल प्रसाद स्वर्णकार, बबलू सिंह, सुनील कुमार इत्यादि गण मान्य सदस्य उपस्थित थे। यादव की आत्मा की शांति के लिए की गई प्रार्थना।

## अनुसूचित जाति महापंचायत का हुआ आयोजन

**हजारीबाग।** रिंग्स एंड रोजेस मैरेज भवन में अनुसूचित जाति महापंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें अनुसूचित जातियों के समाज का प्रतिनिधित्व करने वाले मुख्य मुख्य पदाधिकारियों के साथ साथ हजारों की संख्या में महिलाएं और पुरुष, युवा शामिल हुए।इस महापंचायत का आयोजन अनुसूचित जाति संघ के द्वारा किया गया कार्यक्रम करने का मुख्य उद्देश्य थी कि समाज राजनीतिक रूप से कैसे सशक्त हो तथा इस विधानसभा चुनाव में अनुसूचित जाति समाज अपना प्रतिनिधि को कैसे विधानसभा तक पहुंचाएं। अनुसूचित जातियों के सभी समाज ने यह निर्णय लिया कि इस विधानसभा में भीम आर्मी, आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी के रूप में समाज का एक बेटा संजय कुमार उर्फ संजय रविराज खड़े हैं। जिन्होंने पिछले एक दशक से गरीब, दलित, शोषित, पिछड़े आदिवासियों और अल्पसंख्यकों की हर मुद्दे की आवाज मजबूती से उठाईं है। ऐसे होनहार,शिक्षित और संघर्षशील युवा नेता को जितवा कर पूरा हजारीबाग का अनुसूचित जाति समाज विधानसभा भेजने का काम करेगा।समाज के समर्पित ऐसे युवा नेता संजय कुमार जब विधानसभा जाएंगे और समाज के हर तबके का हक अधिकारों की लड़ाई मजबूती से लड़ेंगे।

## छठ महापर्व पर यूथ विंग की अनूठी पहल, आज 21 प्रकार की सामग्री का किया जाएगा वितरण



**हजारीबाग।** हजारीबाग यूथ विंग द्वारा इस छठ महापर्व से पूर्व सोमवार को छठ व्रतियों के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें श्रद्धालुओं को पूजा के लिए आवश्यक 21 प्रकार की सामग्री का वितरण किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य छठ व्रतियों को सहायता प्रदान करना और समाज में सेवा भावना को बढ़ावा देना है। हजारीबाग यूथ विंग के सदस्य इस सेवा के माध्यम से समाज में एक मिसाल कायम करने का प्रयास कर रहे हैं। यह आयोजन लगातार दूसरी बार आयोजित किया जा रहा है और इस वर्ष इसे और भी भव्य रूप से प्रस्तुत करने की तैयारी की गई है। सदस्यों द्वारा कार्यक्रम से एक दिन पूर्व सूप और नारियल की धुलाई से लेकर अन्य सामग्रियों को व्यवस्थित किया गया है,ताकि श्रद्धालुओं के बीच इसे आसानी से वितरित किया जा सके।

विस चुनाव शांतिपूर्ण व निष्पक्ष तरीके से कराने को लेकर एसपी ने की बैठक, कहा

# चुनाव में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : एसपी



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
विधान सभा आम निर्वाचन-2024 को स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने को लेकर रविवार को देबाब्रत दास पुलिस पर्यवेक्षक एवं अजय कुमार पुलिस अधीक्षक रामगढ़ द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय कॉन्फ्रेंस हॉल में सीएपीएफ कंपनी कमांडरों के साथ बैठक की गयी। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि विधानसभा चुनाव 2024 भयमक्त और शांतिपूर्ण वातावरण संपन्ना किया जायेगा। इस दौरान किसी भी तरह लापरवाही बर्दाशत नहीं की जायेगी। 13 नवंबर को 22-बड़कागांव विधान सभा में होने वाले चुनाव की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तैयारियों की समीक्षा की गई । इस दौरान उपस्थित पदाधिकारियों को टेलीफोन डायरेक्री, 2-डिस्ट्रीक्ट ओवरवीव, 3-डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन प्रोफाइल, 4-एफएसटी, 5- एसएसटी, 6-एलडब्लूई सिनारियों, 7 कंट्रोल रूम, 8-इंटर डिस्ट्रिक्ट /स्टेट चेक पोस्ट, 9- कम्युकेशन प्लान, 10- इमेरजेंसी हेलीपेड, 11- मेडिकल प्लान, 12- बेस कैंप ऑफ सीएपीएफ, 13- पेट्रोल पंपों का डिटेल, 14-क्राइम सिनारियो, 15-कम्युनली सेनसिटिव पोकेटस एंड इनसिडेंटस, 16- एक्टिव गैंग, 17-परमानेंट वारंटी, 18-प्रोक्लेम ओफेनडर्से, 19-इंटर स्टेट वांटेड / क्रीमिनल्स / ॅएबस्कोनडर/ वारंटीज/ हिस्ट्री शीटर्स, 20- कैंप एंड पिकेटस, 21- रोल ऑफ सीएवीएफ ऑफ इलेक्शन, 22- लिगल प्रोविजनस 23. डोज एंड डोनटस पर तैयार पुस्तक उपलब्ध कराया गया। साथ ही सभी बिन्दुओं के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। बैठक में मुख्य रूप से पुलिस उपाधीक्षक (मु०) / अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, रामगढ़ / पतरातू, द्वितीय कमान अधिकारी, 26 बटा, उप-समादेष्टा, सीआईएसएफ सहायक समादेष्टा, सीआईएसएफ परिचारी प्रवर रामगढ़, सभी थाना / ओपी प्रभारी, सभी सीएपीएफ कंपनी के कंपनी कमांडर एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# निर्दलीय प्रत्याशी सच्चिदानंद पांडेय ने दौरा कर मांगा जनसमर्थन



**हजारीबाग।** युवा निर्दलीय प्रत्याशी सचिदानंद पांडेय ने रविवार को पीपचो, बड़वार, दारू, पेटो, जिंगा, हुटपा, झुमरा और महेशरा का दौरा कर चुनाव में जनता से समर्थन मांगा।उन्होंने कहा हमारी लड़ाई पूंजीपतियों से है। मैंने होश संभालने के बाद से हीं जनता के सुख दुःख में शामिल रहा हूं।कहा कि आज जनता बदलाव चाह रही है, पार्टियां जनता की उम्मीदों पर खरी नही उतरीं है।इसलिए आप मुझे वोट दे ताकि विकास को धरातल पर उतारा जा सके।

## पूर्व सैनिक और निर्दलीय अरविंद ने लोगों से मिलकर मांगा समर्थन

**हजारीबाग।** सदर विधानसभा के निर्दलीय प्रत्याशी अरविंद कुमार ओझा ने अपने पूर्व सैनिक साथियों के साथ मिलकर हजारीबाग शहर के विभिन्न इलाकों का दौरा किया।इस क्रम में उन्होंने अपनी बात मतदाताओं के बीच रखा। सभी ने उनकी बात को ध्यान से सुना और माना कि फौजी से बेहतर जनप्रतिनिधि कोई नहीं हो सकता।इस क्रम में पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष उपकार सिंह ,जिला अध्यक्ष महेंद्र गोप, सचिव कमल किशोर, मीडिया प्रभारी अजय प्रसाद, पूर्व जिला सचिव अजीत सिंह,नीरज ओझा और शिव शंकर कुमार समेत कई पूर्व सैनिक भी मौजूद थे।

## नम आंखों से भक्तों ने मां लक्ष्मी की प्रतिमा का किया विसर्जन

**सतगावां।** प्रखंड के शिवपुर, खुट्टा, मरचोई, मिरगंज में मां लक्ष्मी, सरस्वती, गणेश की प्रतिमा को रविवार को श्रद्धालुओं ने नम आंखों से विदाई दी। इस दौरान मां की प्रतिमा को सकरी नदी में विसर्जन किया। पिछले दो दिन से शिवपुर गांव में भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों श्रद्धालु मां लक्ष्मी का दर्शन कर सांस्कृतिक कार्यक्रम में एक से एक भजन का लुत्फ उठाया। मां लक्ष्मी, सरस्वती, गणेश की प्रतिमा को पूरे गांव का भ्रमण कराते हुए पुरातात्विक मंदिर में माता लक्ष्मी, भगवान विष्णु से मिलन कराया गया। इस दौरान मां और बहनें माता लक्ष्मी की पूजा की और पूरे परिवार को सुख, शांति की कामना की। शिवपुर घाट सकरी नदी में ले जाकर प्रतिमा का विसर्जन किया। मौके पर स्थानीय पूजा समिति अध्यक्ष पुरूषोतम सिंह, सचिव शशि सिंह, सदस्य दिनेश सिंह, विजय सिंह, तारणी सिंह, संजय सिंह, राजेश कुमार, मुकेश कुमार, गणेश कुमार, सुदीश रविदास, जागेश्वर रविदास, चंदन सिंह आदि मौजूद थे।

मंजीत यादव को दिन दहाड़े गोली मारकर हत्या करने से यादव समाज में आक्रोश

# हत्या में शामिल अपराधियों पर हो कार्रवाई दोषियों को मिले फांसी की सजा : उमेश गोप

*मंजीत यादव के हत्या की साजिश मे शामिल एक भी अपराधी कानून की गिरफ्त से छूटने ना पाये : अर्जुन यादव*



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
विगत 29 अक्टुबर को सुबह करीब 8.00 बजे रामनवमी महासमिति के पूर्व अध्यक्ष सह समाजसेवी मंजीत यादव की हत्या उनके सिरका खिरगांव स्थित निवास के सामने गोली मारकर कर दी गई। इस घटना के बाद हजारीबाग के पूरे यादव मे शोक की लहर दौड़ गई। रविवार को यादव समाज के द्वारा मिशन रोड स्थित मधुवन मे शोक सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में 2 मिनट का मौन रखकर शोक प्रकट किया गया व उनकी आत्मा की शांति के ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोक सभा मे उपस्थित यादव समाज के सभी लोगों का एक स्वर मे आवाज उठाया की इस हत्याकांड मे शामिल सभी अपराधियों की गिरफ्तारी जल्द से जल्द करते हुए उन्हें फाँसी की सजा दी जाए। इस मौके पर यादव समाज के प्रतिनिधियों ने मीडिया के माध्यम से जिला प्रशासन व सरकार से मांग करते हुए कहा कि दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। यदि प्रशासन दोषियों पर जल्द कार्रवाई कर उन्हें कड़ी सजा नहीं दिलाती है तो यादव समाज आंदोलन करने को बाध्य होगा। मौके पर उपस्थित अखिल भारतीय यादव महासभा के हजारीबाग जिला अध्यक्ष उमेश यादव ने कहा कि यादव समाज मंजीत यादव की हत्या का कड़े शब्दों में निंदा करती है व मांग करती है कि इस हत्याकांड में शामिल सभी अपराधियों के गिरफ्तारी जल्द से जल्द पुलिस के द्वारा सुनिश्चित की जाए साथ ही उन्हें फांसी की सजा दी जाए। उन्होंने प्रशासन निक कार्रवाई पर नाराजगी जताते हुए कहा कि जब पूरे राज्य में विधानसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लगा हुआ है जगह-जगह पुलिस के द्वारा ब्रैकेटिंग लगाकर आवागमन करने वाले वाहनों की जांच की जा रही है साथ ही ऐसे एक-एक सूचना पर प्रशासन ध्यान दे रही है जिससे चुनाव प्रभावित न हो और लॉ एंड ऑर्डर की समस्या उत्पन्न ना हो बावजूद इसके मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपराधी आते हैं और गोली मारकर हत्या कर फरार हो जाते हैं।

# निर्दलीय प्रत्याशी हर्ष अजमेरा की धर्मपत्नी ने जनता से मांगा समर्थन



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
सदर विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी हर्ष अजमेरा के पक्ष में अब उनकी धर्मपत्नी प्रीति जैन भी चुनावी मैदान में उतरकर पति के पक्ष में आशीर्वाद मांग रही है,प्रीति जैन ने समाज की महिलाओं के साथ रविवार को शहर के प्रमुख चौक-चौराहों, बंगाली कॉलोनी और क्षेत्र के अन्य इलाकों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाकर मतदाताओं से सीधे संवाद किया। प्रीति जैन ने लोगों से मुलाकात कर उनके विचारों को सुना और उन्हें हर्ष अजमेरा के चुनावी एजेंडे, क्षेत्र के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और समाज सेवा की भावना से अवगत कराया। प्रीति जैन का कहना है कि वे अपने पति हर्ष अजमेरा के विचारों और योजनाओं से पूर्ण रूप से सहमत हैं और मानती हैं कि उनका चुनावी एजेंडा क्षेत्र की बुनियादी जरूरतों और समस्याओं का सही समाधान प्रस्तुत करता है। प्रीति जैन ने लोगों से आग्रह किया कि वे छड़ी छाप पर मतदान कर हर्ष अजमेरा को अपना समर्थन दें। उन्होंने कहा मेरे पति हर्ष अजमेरा का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के विकास को नई दिशा देना और हर व्यक्ति की आवाज को बुलंद करना है। वे राजनीति में बदलाव की एक नई मिसाल पेश करना चाहते हैं, जिसमें जनता की समस्याओं का निपटारा प्राथमिकता के साथ किया जाएगा।

## स्वीप कार्यक्रम के तहत 18वीं जूनियर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का शानदार शुभारंभ

**कोडरमा।** स्वीप कार्यक्रम के तहत जेजे कॉलेज ग्राउंड में रविवार को 18वीं जूनियर राज्य खो-खो प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इसका शुभारंभ जिले के वरीय पदाधिकारी स्वीप नोडल सह डीडीसी ऋतुराज और नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह डीएसडब्लूओ नीतीश कुमार निशांत ने संयुक्त रूप से किया। डीडीसी ने इस प्रतियोगिता की सफलता के लिए हरसंभव सहयोग देने का भरोसा दिया। उन्होंने सभी से मतदान करने की भी अपील की। झारखंड राज्य खो-खो संघ के महासचिव संतोष प्रसाद,उपाध्यक्ष सुनित कुमार मलिक, रेफरी बोर्ड के चेयरमैन अनिल प्रसाद,जिला खो-खो संघ के महासचिव अमित कुमार ने कहा कि हम पूरे झारखंड से आए हुए खिलाड़ियों की हर सुविधा का ख्याल रखने का प्रयास करेंगे। प्रतियोगिता में पूरे झारखंड राज्य से लगभग 700 बालक -बालिका खिलाड़ी, तकनीकी पदाधिकारी हिस्सा ले रहे हैं। झारखंड राज्य खो- खो संघ के तकनीकी पदाधिकारी ने इस खेल को तकनीकी रूप से खिलाया जा रहा है।

# खुशी संस्था ने वृद्धाश्रम और स्पास्टिक स्कूल में जरूतमंदों की मदद की



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
सामाजिक संगठन टीम खुशी ने रविवार को एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए वृद्धाश्रम और स्पास्टिक स्कूल में जरूरतमंदों की मदद की। टीम खुशी ने हजारीबाग के वृद्धाश्रम में विभिन्न उपयोगी वस्तुओं का वितरण किया और वहां के निवासियों को स्वादिष्ट भोजन परोसा, जिससे सभी बुजुर्गों के चेहरे पर खुशी देखने को मिलीइसके बाद टीम खुशी के सदस्य हुरहुरु स्थित स्पास्टिक स्कूल पहुंचे, जहां उन्होंने बच्चों के बीच चॉकलेट और फलों का वितरण किया। बच्चों के साथ समय बिताते हुए, टीम ने वहां भी बच्चों के लिए भोजन की व्यवस्था की, जिससे बच्चे अत्यधिक प्रसन्न दिखे।इस समाजसेवा कार्य में टीम खुशी के सदस्य आलोक नाथ पाण्डेय, आनंद किशोर, संदीप वर्मा, जय प्रकाश, अरुण केरकेट्टा, संजीव कुमार, सौरव विशाल, जीवन यादव, निखिल कुमार, अंकित सिंह, शुभम कुमार, दीपशिखा, अनिल कुमार, सुमित कुमार, संदीप कुमार और राहुल कुमार का विशेष योगदान रहा। टीम खुशी का समाजसेवा कार्य यहां तक सीमित नहीं है। इस दौरान टीम के सदस्यों ने शहरवासियों द्वारा दिए गए पुराने कपड़े, खिलौने, जूते-चप्पल, बैग और गर्म कपड़े जरूरतमंदों में वितरित किए।टीम खुशी का उद्देश्य है कि समाज के उन लोगों तक मदद पहुंचाई जाए।

# सिमडेगा में प्रतिमा स्थापित कर हुई भगवान चित्रगुप्त की पूजा

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** अखिल भारतीय चित्रगुप्त महापरिवार की ओर से प्रिंस चौक दुर्गा पूजा पंडाल में रविवार को पाप और पुण्य का लेखा-जोखा रखने वाले भगवान चित्रगुप्त जी महाराज की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना हुई। पंडित श्यामसुंदर मिश्र ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भगवान की प्रतिमा में प्राण-प्रतिष्ठा कराई। वहीं विधि-विधान पूर्वक पूजा कराई। साथ ही, लोगों ने दवात व कलम की पूजा की। इसके बाद महाआरती के बाद प्रसाद का वितरण भक्तों के बीच किया गया। इधर, शाम में आरती किया गया।मौके पर आचार्य ने बताया कि भगवान चित्रगुप्त जी महराज हम सभी मानवों के द्वारा किए गए कर्मों के पाप पुण्य का लेखा जोखा करते हैं और यमराज उनके द्वारा बताये गये लेखा-जोखा के माध्यम से मानव को स्वर्ग व नरक में भेजते है। वही पूजा में चित्रांश



परिवार के प्रेम कुमार श्रीवास्तव ने यजमान की भूमिका निभाई। ऐसा माना जाता है कि भगवान चित्रगुप्त यमराज के सहायक हैं। ऐसे में जो भी व्यक्ति भगवान चित्रगुप्त की पूजा करता है उसके घर में सुख-समृद्धि की बरसात होती है. ऐसा माना जाता है कि चित्रगुप्त की पूजा करने से तरक्की का आशीर्वाद मिलता है। ऐसा माना जाता है कि जो भी व्यक्ति चित्रगुप्त महाराज की पूजा करता है उसे बुद्धि, विद्या और लेखन में कुशलता हासिल होती है पूजा कार्यक्रम को सफल बनाने में सरंक्षक अजय अखौरी, अनुप श्रीवास्तव,अध्यक्ष मोहन सक्सेना, कार्यकारी अध्यक्ष अरुण कुमार सिन्हा, विजय बक्सी, नरेन्द्र श्रीवास्तव, अनुज बक्सी, सुरजीत कुमार दत्ता, रवि बख्शी, राजीव रंजन वर्मा, सचिव प्रेम कुमार श्रीवास्तव, महेश श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष अरबिंद श्रीवास्तव, मनोज सिन्हा, अमित श्रीवास्तव, रोहित प्रसाद, के अलावा अन्य लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

## भक्तिभाव के साथ मनाया गया भाईदूज का पर्व, भाई के लिए मांगी लंबी उम्र

**सिमडेगा।** कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को जिले भर में भाई दूज का त्योहार मनाया गया। इस मौके पर सिमडेगा सोनारटोली के पास रविवार को बहनों ने गोधन कूटने की परंपरा का निर्वहन किया। साथ ही अपने भाइयों की कुशलता के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इधर पर्व के मौके पर जगह-जगह महिलाएं एकत्र होकर गोधन अर्थात अन्न कूटा। इस दौरान लठ से चना, नारियल, सुपारी, रेंगनी के कांटो को एक साथ कूटा। साथ ही सामूहिक गीत भी गाए। इसके पूर्व महिलाओं ने गोबर के माध्यम से चौकोर आकृतियां बनाई, जिसमें सांप, बिच्छु आदि की भी आकृति



बनाई गई। इसके साथ गोबर ही यम-यमी की भी प्रतिमा बनाई गई। पूजनोपरांत महिलाओं ने अपने भाइयों को चना, भारियल, मिष्ठान्न खिलाकर उनकी कुशलता की कामना की। इधर बानो प्रखंड के रेलवे स्टेशन कॉलोनी में भैया दूज पूजा का आयोजन किया गया। पूजा में बहनों ने उपवास कर भाई की कुशल कामना के लिए पूजा अर्चना की। इस अवसर पर घरों को सजाया गया था तथा रंगोली भी बनाई ई थी। इसके अलावा तामड़ा, केरसई, भेलवाडीह, कोलेबिरा सहित कई जगहों पर गोधन कूट कर भाई की लंबी उम्र की कामना की गई।

## न्यूज बॉक्स

### झारखंड पार्टी के एनोस एक्का ने विभिन्न गांवों में किया चुनावी दौरा

**कोलेबिरा।** झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का और विधानसभा क्षेत्र के झापा प्रत्याशी संदेश एक्का ने नामांकन के उपरांत ही जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। इसके तहत अपने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांव इलाकों का भ्रमण कर रहे हैं। रविवार को कोलेबिरा प्रखण्ड अंतर्गत कोनमेंजरा, कोम्बाकेरा, मोरहा टोली, कुलासोया, कुम्हार टोली, लचरागढ़, टुटीकेल सहित अन्य जगहों में झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का के द्वारा गांव गांव जनसंपर्क अभियान चलाया गया। लोगों को संबोधित करते हुए एनोस एक्का ने लोगों को बताया कि हम जब सरकार में थे हमारे कार्यकाल के समय क्षेत्र का संपूर्ण विकास हुआ था, हम जब विधायक, मंत्री थे तब चारों ओर विकास की बयार बह रही थी याद कीजिए हमारे समय सभी तरफ अच्छी सड़क पुल-पुलिया बिजली पानी आदि के सुविधा दी गई थी। हमें षड्यंत्र के तहत फंसाया गया था अब ज्यादा दिन और नहीं है झारखंड पार्टी के विधायक बनते ही कोलेबिरा विधानसभा में फिर से विकास की गति तेज होगी। जनसंपर्क अभियान में झारखंड पार्टी के जेराल्ड एक्का, विनय अग्रवाल, दीपू पंडा, बसंत साहू, अजित साहू, प्रवीण साहू,चीकु साहू, विकास टेटे, जस्टिन डांग, कुलेश सिंह, मोतीलाल पंडा राजू कसेरा, कमल महतो, अंकित साहू, अनिल काशी, राजेश महतो, सुनिल भुइंया, संतोष साहू, बनु महतो, राजेन्द्र महतो सहित पार्टी कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित रहे।

### सिमडेगा विधानसभा के केरसई एवं बधिमा में खुला चुनावी कार्यालय



**सिमडेगा।** भाजपा द्वारा रविवार को सिमडेगा विधानसभा के केरसई एवं पालकोट बघिमा में भाजपा चुनावी कार्यलाय का उद्घाटन पूजन कर नारियल फोड़ कर साथ ही फीता काट कर किया गया। मौके पर भाजपा प्रत्याशी श्रद्धानन्द बेसरा ने कहा कि चुनावी तैयारी हेतु हर मंडल में चुनावी कार्यालय का उदघाटन किया जा रहा है।आगे उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की वर्तमान की गठबंधन सरकार हर मोर्चे पर फेल है गठबंधन सरकार के कार्यकाल में ना तो महिलाओं को चूल्हा भत्ता मिला और ना ही बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता छात्रों को नौकरी भी नहीं मिली किसानों को किसी तरह की सुविधा नहीं मिली मौके पर छत्तीसगढ़ सरकार में मंत्री एवं कलेक्टर प्रभारी केदार कश्यप ने कहा की सिमडेगा विधानसभा में भाजपा की लहर चल रही है जीत सुनिश्चित है। संगठन प्रभारी बबन गुप्ता ने कहा कि गठबंधन सरकार एवं वर्तमान विधायक से सिमडेगा विधानसभा की जनता ऊब चुकी है मौके पर मंडल अध्यक्ष मानकीलाल जिला संचालन समिति संयोजक ओमप्रकाश साहू उपाध्यक्ष प्रणव कुमार मंडल महामंत्री मनोज साय मंत्री तुलसी साहु वरिष्ठ कार्यकर्ता अनूप केशरी जिला मीडिया प्रभारी रवि गुप्ता,रामविलास बड़ाईक मंडल महामंत्री बुलेश्वर प्रसाद, गौतम कुमार, कामेश विकास प्रसाद, दिनेश प्रसाद आदि उपस्थित थे।

### बानो के छह मतदाताओं ने किया होम वोटिंग



**बानो।** होमपोल के तहत प्रखंड के छः मतदाताओं ने रविवार को मतदान किया। जिसके तहत 85 वर्ष के वरिष्ठ मतदाता व 40 प्रतिशत वोट आते हैं प्रखंड विकास पदाधिकारी नैमुदीन अंसारी की उपस्थिति में निवार्ची पदाधिकारी के उपस्थित में मतदाताओं ने अपने मत दिया। कोनसोदे बूथ के सुमित बुढ़, बानो भिखरा टोली बूथ के रियोरेंन बागे, बानो की बिसवासी पहान कनारोवां बूथ के अल्फोंस मुंडा व बेला बगरैला तथा पबुड़ा बूथ के दिव्यांग प्रकाश बड़ाईक ने अपने पसंद के प्रत्याशी को अपना बहुमूल्य वोट दिया। मौके पर क्षेत्र बीएलओ उपस्थित थे।

### बांसजोर चेक पोस्ट पर इनोवा से डेढ़ लाख रुपये जब्त किए गए

**सिमडेगा।** आगामी विधानसभा चुनाव-2024 के मद्देनजर जिला प्रशासन के द्वारा सुरक्षा के दृष्टिकोण से सभी क्षेत्रों में विशेष सतर्कता और निगरानी रखी जा रही है इसी कड़ी में रविवार को खम्हनटांड़ बांसजोर चेक पोस्ट में चेकिंग के दौरान एक सफेद रंग के इनोवा वाहन ओडी14 एल0505 से कुल एक लाख पचास हजार रुपए जब्त किया गया तथा विधिसम्मत अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। सिमडेगा एसपी शोरूम नहीं जानकारी देते हुए बताया कि चुनाव आयोग के निर्देश के अनुसार नगद राशि का परिवहन करना पूरी तरह से रोक इसके बावजूद लोगों के द्वारा किया जा रहा है। जिसको लेकर सख्ती से निगरानी की जा रही। इसी कड़ी में पैसे की बरामद की की गई है और इस मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का चुनावी जनसभा आज

**सिमडेगा।** विधानसभा चुनाव के तहत 13 नवंबर को सिमडेगा के दोनों विधानसभा सीटों पर चुनाव होना सुनिश्चित हुआ है जिसको लेकर लगातार राजनीतिक दल अपने-अपने स्टार प्रचारकों को बुला रहे हैं इसी कड़ी में आज सिमडेगा इनडोर स्टेडियम में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का दोपहर 2:30 बजे कार्यक्रम होना सुनिश्चित हुआ है। जानकारी देते हुए महागठबंधन के कोंग्रेस अध्यक्ष डेविड तिर्की ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर सभी प्रकार की तैयारी की जा चुकी है। ढाई बजे हेलीकॉप्टर के माध्यम से राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पहुंचेंगे जहां पर उनके द्वारा सिमडेगा विधानसभा के प्रत्याशी विधायक भूषण बाड़ा के पक्ष में जनसभा को संबोधित करेंगे।

### जहरीले सांप के काटने से किशोरी की बिगड़ी तबीयत

**सिमडेगा।** सिमडेगा की बानो में जहरीले सांप के काटने से किशोरी की तबीयत बिगड़ गई बिगड़ी तबीयत को देखते हुए उसे इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल लाया गया जहां पर उसकी उपचार चल रही है। मिली जानकारी के अनुसार प्रेमा नामक किशोरी जमीन पर सोई थी, इस दौरान उसे जहरीले सांप ने काटा इसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी तुरंत परिवार वालों ने उसे इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल लाया जहां पर चिकित्सकों की देखरेख उपचार चल रही है। बताया गया कि जागरूकता की वजह से उसकी जान बच पाई।

### केरसाई : मोटरसाइकिल गिरकर युवक घायल

**केरसई।** थाना क्षेत्र के केरसइ-रेंगारीह रोड में कोनस केली मोड़ के समीप मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गीर पड़ा जिससे चालक के माथे पर गंभीर चोट लगी। केरसई पुलिस के द्वारा घायल को कुरडेग सी एच सी लाया गया। घायल की पहचान अंकित कुल्लू निवासी केउन्द कासा किनकेल के रूप में हुई। कुरडेग सी एच सी में डॉ अभिनव कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### पुलिस ने 3 जुआरियों को पैसे व मोबाइल के साथ किया गिरफ्तार

**सिमडेगा।** सिमडेगा पुलिस ने विधानसभा चुनाव को देखते हुए लगातार गस्ती अभियान तेज कर दी है और इसी कड़ी में सिमडेगा शहरी क्षेत्र के खिजरी में धड़ले से चल रहे जुए के खेल में छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस को आता देख कई लोग भाग खड़े हुए मौके पर पुलिस ने तीन जुआरी को पकड़ने में सफलता हासिल की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी दिनेश कुमार प्रजापति ने बताया कि गिरफ्तार जारी में देवा रजक खिजरी निवासी, तथा मुनेश लोहरा तथा सामटोली निवासी किशोर नागवंशी शामिल है। उनके पास से 113000 नगद राशि तथा 10 एंड्राइड मोबाइल बरामद किए हैं।

## बानो जयपाल मुंडा मैदान मे चुनावी आम सभा का आयोजन

# झारखंड में महिलाओं और किसानों का सम्मान बढ़ाना है : शिवराज सिंह चौहान

नवीन मेल संवाददाता

**बानो।** प्रखंड मुख्यालय के जयपाल सिंह मुंडा मैदान में रविवार को चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि झारखंड मे महिला व किसानों का सम्मान बढ़ाना है। भाजपा की सरकार बनने पर रोटी बेटी माटी की सुरक्षा किया जायेगा। सरकार का प्रयास है कि कोइ झोपडी ना रहे। सभी को पक्का मकान दिया जायेगा। मकान बनने के लिए मुफ्त बालु दिया जायेगा।कृषि केंद्रीय मंत्री सह ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जयपाल सिंह मैदान मे चुनावी सभा मे तोरपा विस क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कोचे मुंडा के पक्ष मे मतदान करने की अपील करते हुए लोगो को सबोधित करते हुए कही। उन्होने





कहा कि भाजपा की सरकार बनते महिलाओ के खाते मे गोगो योजना के तहत इक्कीस सौ रूपया खाता पहुंचाया जायेगा। दिवाली मे महिलाओ को सिलेडर दिया जायेगा ताकि बहन दिवाली अच्छी तरह से मना सके। केंद्र ने झारखंड को जो पैसे दिये उसका बंरबांट किया। हेमत सरकार के राज्य में रोटी, माटी बेटी असुरक्षित है। भाभी मां के समान होता है उसका भी अनादर किया गया। तो यहां अन्य महिला का सम्मान कैसे होगा। उन्होने कहा कि धुसपैठिये बंगलादेशियो को सरकार बनते ही खदेडा जायेगा। भर्ष्टाचरियों को जेल भेजा जायेगा। लोग यहां बाल्टी मे बालु बेच रहे है। बालु तो प्राकृति ने दिया है। सरकार बनते ही मकान बनाने के लिए मुफ्त बालू दिया जायेगा।

भाजपा प्रत्याशी कोचे मुंडा ने कहा कि विस चुनाव मे भाजपा की सरकार बननी है इसके लिए सबो के साथ की जरूरत है। उन्होने कहा कि बंगलादेशियो को रोकना है भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही घुसपेठियो खदेडना है। उन्होने कहा कि रोटी माटी बेटी का अस्मिता को बचाना है। भष्टाचारी हेमंत सरकार को उखाड कर फेंकना है झारखंड मे कमल का फुल खिलाना है देश को बचाना है। कार्यक्रम का सचालन कृपा सिंधु ने किया। धन्यवाद ग्यापन प्रखंड अध्यक्ष बालमुकुंद सिंह ने किया। इस अवसर पर छतीसगढ के वन प्रर्यावरण मंत्री केदार कश्यप, भुषण साहु, शंकर सिंह, अनुप साहु, विवनाथ बडाइक, अमीन सिंह, दुर्ग विजय सिंह, दिलमोहन साहु, निखिल कडुंलना, बालेश्वर नाग, धीरज गुप्ता, अमित सोनी, चंद्रशेखर गुप्ता, भोला बडाइक, कृष्णा सिंह, संजय मिश्रा, रोहित साहु, सुनील सिंह, सुजीत सिंह ,रीना देवी ,ज्योति देवी आदि लोग उपस्थित थे।

## डीसी ने स्ट्रांग रूम, काउंटिंग हाल डिस्पैच सेंटर का किया निरीक्षण



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने रविवार को सिमडेगा कॉलेज, सिमडेगा में बने डिस्पैच सेंटर, काउंटिंग हॉल, स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर विधानसभा आम चुनाव-2024 की तैयारियों से संबंधित कार्यों का समीक्षा जायज लिया।इस दौरान उपायुक्त ने काउंटिंग के दिन पॉलीटिकल पार्टियों के प्रतिनिधि के लिए स्थल का निरीक्षण कर, एलईडी स्क्रीन लगाने का निर्देश दिया। वहीं डिस्पैच एवं काउंटिंग दिन के लिए तैयारियों की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने ईवीएम मशीन रिसीविंग काउंटर 70-सिमडेगा एवं 71-कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र वार बनाये जाने वाले कार्यों की जानकारी ली।मौके पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, परियोजना निदेशक आईटीडीए सरोज तिर्की, अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, उप निर्वाचन पदाधिकारी पवन कुमार महतो, कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण अमृत मिंज, अंचलाधिकारी सदर सिमडेगा मो० इम्तियाज, सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

## झारखंड भाजपा ने बनाया है, भाजपा ही संवारेगी, हेमंत सरकार ने इसे लूटा : जुएल

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** केंद्रीय आदिवासी जनजातीय मंत्रालय के मंत्री जुएल उरांव ने रविवार को पाकरटांड बाजार के पास स्कूल मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में जनता अपना विवेक से वोट देगी, लेकिन उससे पहले सभी लोगों को जानने की आवश्यकता है कि भारतीय जनता पार्टी ने ही झारखंड राज्य को बनाने में अपने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की भूमिका रही, लेकिन उसके विपरीत आज राज्य में हेमंत सोरेन की सरकार लूट एवं भ्रष्टाचार को बढ़ावा देते हुए राज्य के खनिज संपदा एवं यहां के जल जंगल जमीन को लूटने का काम किया है। आज लोगों के बीच कहा जाता है कि भाजपा आदिवासी विरोधी है लेकिन भाजपा ने देश के सर्वोच्च पद पर



राष्ट्रपति के रूप में द्रौपदी मुर्मू को बैठाया है, छत्तीसगढ़ और उड़ीसा जैसे राज्यों में आदिवासी मुख्यमंत्री बनाया है। इसके अलावा अलग जनजातीय मंत्रालय बनाने का भी भाजपा ने काम किया है। आज हर जगह लूट भ्रष्टाचार बलात्कार जैसी घटनाएं बढ़ रही है और सभी सरकारी कार्यालय एवं दफ्तरों में घूसखोरी का कार्य बढ़ गया है लेकिन भारतीय जनता पार्टी की सरकार आते ही ऐसे लोगों पर नकेल कसने का काम किया जाएगा। उन्हें भाजपा के प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा के पक्ष में लोगों से वोट करने के लिए अपील किया तथा उन्होंने कहा कि झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा की सरकार बनेगी और हेमंत सोरेन को गद्दी से बाहर करने का काम जनता करेगी। इस मौके पर जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक, जिला मंत्री तुलसी साहू एवं कार्यक्रम प्रभारी अनूप केसरी ने भी सभा को संबोधित किया। इस मौके पर जिला महिला मोर्चा ,प्रखंड अध्यक्ष निकुज बिहारी सिंह प्रखंड समिति के अलावे सैकड़ो की संख्या में सभा में लोगों की उपस्थिति रही।

## सिमडेगा महिला कॉलेज में चुनाव को लेकर चल रहे प्रशिक्षण में पहुंचे डीसी, बोले

# चुनाव कार्य सफलतापूर्वक व त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराने में करें सहयोग

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** विधानसभा आम चुनाव-2024 के मद्देनजर महिला पीठासीन पदाधिकारी एवं मतदान पदाधिकारी का महिला कॉलेज सलडेगा, सिमडेगा में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में पीठासीन पदाधिकारी- 91 एवं प्रथम मतदान पदाधिकारी 327 उपस्थित रहे। इस दौरान प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह-उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह पहुंचे उन्होंने सभी महिला पीठासीन पदाधिकारियों एवं प्रथम मतदान पदाधिकारी को चुनाव के दिन में बरती जाने वाली सावधानियों एवं प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र में आप सभी के लिए सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। तथा आपके लिए भोजन पानी आदि की भी व्यवस्था की गई है। आप सभी अच्छे से प्रशिक्षण लेकर जाएं, शांतिपूर्ण वातावरण में



सफलतापूर्वक मतदान करायें। उन्होंने इस दौरान पीठासीन पदाधिकारी एवं मतदान पदाधिकारी विषेश रूप से मतदान शुरू होने से पहले की मॉक पोल प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने का निर्देश दिया। उन्होंने मॉक पोल होने के ईवीएम एवं वीवीपैट से डाटा डिलीट निश्चित रूप कर लेने की बात कहीं।मॉक पोल की प्रक्रिया पूरी कर उसकी तत्काल सूचना देंगे। मॉक पोल का ईवीएम से शुद्धिकरण करके ही मतदान प्रक्रिया आरंभ करेंगे। बेब कास्टिंग कैमरा सही लगा है या नहीं इसकी जानकारी सेक्टर पदाधिकारी को देने की बात कहीं। साथ ही उन्होंने कहा कि जो मतदान कर्मी कलस्टर में रुकेंगे वह सुबह में जल्द उठ कर अपने मतदान केंद्र के लिए प्रस्थान करेंगे, मतदान केंद्र पहुंचे ही सबसे पहले वोटिंग कंपार्टमेंट तैयार करेंगे, जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रशिक्षणार्थियों को चुनाव कार्य को सफलतापूर्वक और त्रुटिरहित संपन्न कराने के लिए ईवीएम पर अच्छे से हैंड्स ऑन ट्रेनिंग लेने, मास्टर ट्रेनर द्वारा बताए गए सभी बिंदुओं पर बारिकी से अध्ययन करने एवं उसका अनुपालन करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि प्रशिक्षण जितना बेहतर होगा, मतदान प्रक्रिया का संचालन भी उसी अनुरूप और बेहतर तरीके से कर पाएंगे। जहां शंका हो उसे बार-बार पूछें। मन में किसी प्रकार का संकोच नहीं रखेंगे। बूथ पर पीठासीन व मतदान पदाधिकारी की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। अपने जिम्मेदारियों को अच्छी तरह से समझें।

उपायुक्त महोदय ने पीठासीन पदाधिकारी की डायरी भरने से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। अंत में उन्होंने सभी मतदान कर्मियों को बेहतर तरीके चुनाव सम्पन्न करने हेतु शुभकामनाएं दी। मतदान कार्य से जुड़े सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को ईवीएम, वीवीपैट के कनेक्शन, संचालन एवं समस्त मतदान प्रक्रियाओं का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान मॉक पोल, मतदान प्रक्रिया आरंभ करने, कंट्रोल यूनिट व वीवीपैट सील करने तथा मतदान प्रक्रिया बंद होने पर दस्तावेजों की पैकिंग सहित सभी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही प्रशिक्षणार्थियों को छोटे समूह बनाकर कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट और वीवीपैट की जानकारी दी गई।

# शंख नदी छठ घाट का पूजा समिति ने किया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर लगातार तैयारी जारी है सिमडेगा के सबसे बड़े छठ घाट शंख नदी संगम तट पर होने वाले छठ पूजा की तैयारी को लेकर छठ पूजा सेवा संस्थान सिमडेगा के संस्थापक सदस्यों के द्वारा रविवार को निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में वहां पर पहुंच पथ निर्माण कार्य शुरू से पूर्व कनीय अभियंता विपिन कीड़ों वहां पहुंचे और उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण कार्य का कार्य शुरू हो गया है लेकिन छठ पूजा को ध्यान में रखते हुए सिर्फ अभी मिट्टी भरने का काम किया जाएगा पूजा समाप्त के पश्चात युद्ध स्तर पर यहां पर कालीकरण सड़क निर्माण कार्य शुरू हो जाएगी जिससे कि भविष्य में छठ व्रत्तियों को किसी प्रकार से दिक्कत नहीं होगी। इस मौके पर संस्थापक सदस्य प्रदीप केसरी, विष्णु वैध ने बताया कि यहां पर पार्किंग की व्यवस्था साफ सफाई आदि सभी चीजों की व्यवस्था को दुरुस्त की जा रही है, ताकि यहां पर आने वाले हजारों की संख्या में



श्रद्धालुओं को किसी प्रकार से कोई भी दिक्कत ना हो। इसके अलावा आकर्षक विद्युत सजावट एवं अन्य व्यवस्था भी संस्थान की ओर से की जाएगी। वही छठ पूजा शंख नदी समिति के संस्थापक सदस्य प्रदीप केसरी के आग्रह पर सिमडेगा उपायुक्त में समिति के सदस्यों को आश्वासन दिया है कि छठ पूजा में लोगों को छोटी गाड़ियों की आवश्यकता होती है जिसे ध्यान में रखते हुए 8 नवंबर के बाद ही गाड़ियों का अधिग्रहण किया जाएगा। जिससे कि छठ पूजा में व्रत करने वाले लोगों को वाहनों की कमी ना हो गौरतलब हो सिमडेगा उपायुक्त अजय कुमार सिंह से छठ पूजा शंख नदी समिति के संस्थापक सदस्य प्रदीप केसरी ने वाहनों की कमी को ध्यान में रखते हुए अधिकरण से संबंधित आग्रह किया था, जिस पर उपायुक्त ने संज्ञान लिया है। इस मौके पर संजय मिश्रा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## एक नजर

### व्रतियों के बीच बांटी गई निःशुल्क पूजन सामग्री

**रामगढ़।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज एवं रामगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सानिध्य में छठ व्रती माताओं एवं बहनों के बीच निःशुल्क संपूर्ण पूजन सामग्री का वितरण 3 नवम्बर को किया गया। इस अवसर पर फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू ने बताया कि यह पूजन सामग्री बांटने का कार्य पिछले आठ वर्षों से किया जा रहा है। श्री साहू ने बताया कि जो भी माताओं एवं बहनों आर्थिक रूप से समृद्ध नहीं है और वह छठ पूजा करना चाहते हैं। वह संपूर्ण पूजन सामग्री प्राप्त करके पूरी भव्यता के साथ छठ पूजा कर सकते हैं।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने युवक गंभीर अस्पताल में भर्ती

**गुमला।** रायडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत जोड़ाजाम के समीप अज्ञात वाहन के टक्कर से खटखोर निवासी फिलिप लकड़ा गंभीर रूप से घायल हो गया। रायडीह थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह पेट्रोलिंग में निकले थे उनकी नजर सड़क किनारे पड़े घायल युवक पर पड़ी। अपने वाहन से तत्काल उसे सदर अस्पताल लेकर आए। जहां युवक का इलाज चल रहा है। घटना की सूचना पर उनके परिजन सदर अस्पताल पहुंचे और उसकी पहचान की। वही बताया गया कि युवक का दिमागी हालत ठीक नहीं है और अक्सर वह घर से बाहर घूमता रहता है। वह सड़क के किनारे घूम रहा था तभी एक अज्ञात वाहन उसे टक्कर मारते हुए जशपुर की ओर फरार हो गया। घटना में युवक के सिर चेहरा सहित शरीर के कई हिस्से में काफी चोट लगी है।

### शिव प्रसाद साहू बने प्रदेश भाजपा के प्रदेश मंत्री

**गुमला।** भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश ने संगठनात्मक मजबूती के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए पूर्व गुमला जिला अध्यक्ष शिव प्रसाद साहू को प्रदेश मंत्री के पद पर नियुक्त किया है। यह नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देश पर की गई है, और इसे तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है। प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू द्वारा जारी नियुक्ति पत्र में कहा गया है कि शिव प्रसाद साहू का अनुभव और नेतृत्व प्रदेश संगठन को और सशक्त बनाएगा। पार्टी को विश्वास है कि उनके मार्गदर्शन में झारखंड में भाजपा संगठन और भी मजबूत होगा और संगठन विस्तार के प्रयासों को नई दिशा मिलेगी। भाजपा ने इस नियुक्ति के माध्यम से झारखंड में अपनी संगठनात्मक शक्ति को बढ़ाने का एक और कदम उठाया है। इस फैसले का पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया है और शिव प्रसाद साहू को बधाई दी है।

# जनता के आशीर्वाद से फिर बनेगी हेमंत सोरेन की सरकार : ममता देवी



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

पूर्व विधायक एवं रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से महागठबंधन की प्रत्याशी ममता देवी ने रविवार को गोला प्रखंड के चोकाद पंचायत के विभिन्न गांवों में जा कर लोगों से मुलाकात कर आशीर्वाद और जनसमर्थन मांगा। दौरे के क्रम में चक्रवाली , संधोय, चोपादारू, ऊपरखखरा, फूलझरिया, गांव के लोगों के समक्ष अपने कार्यकाल में किए गए कार्य और हेमंत सोरेन सरकार द्वारा चलाए गए योजनाओं और विकास कार्यों को उन्होंने बताया।

**आप महागठबंधन को विजय बनाएं हम हमेशा आपका साथ देंगे।**

कहा की अबूवा आवास, मईया सम्मान योजना, सर्वजन पेंशन योजना , सावित्री बाई फूले किशोरी योजना आदि योजनाएँ राज्य सरकार लोगों के हित में चला रही है । साथ कृषि ऋण माफी योजना, 200 यूनिट बिजली फ्री आदि योजनाओं का लाभ लोगों को मिल रहा है। ममता देवी ने लोगों से कहा की आप महागठबंधन को विजय बनाएं हम हमेशा आपका साथ देंगे । जनसंपर्क में युवा कांग्रेस अध्यक्ष अजीत करमाली, विनीत प्रभाकर, अंदु राम महतो, रमेश मुंडा, धीरेन महतो, भदरू सिंह, सहदेव सिंह, विजय कुमार, राजेश महतो, चंद्र हंस महतो,पठान, पटेल महतो, दिनेश हेंब्रम, फुलचंद करमाली, रामकुमार हेंब्रम, आशिक मुर्मू, सूदन महतो, कैलाश महतो, रमेश महतो, कुलेश्वर महतो, गौरीशंकर महतो, तसलीम अहमद, सगीर अंसारी, वरुण कुमार,नकुल महतो, भुनेश्वर महतो आदि शामिल थे।

# राजकुमार यादव को विधानसभा भेजने के लिए धनवार की जनता तैयार : दीपांकर भट्टाचार्य




**धनवार सर्कस मैदान में माले का विधानसभा बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न**

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

धनवार विधानसभा क्षेत्र में बूथ मजबूती को लेकर भाकपा माले का धनवार के सर्कस मैदान में रविवार को विधानसभा बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न हुआ.जिसमें बतौर मुख्य अतिथि भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य उपस्थित थे। वहीं मुख्य रूप से धनवार से माले प्रत्याशी सह पूर्व विधायक राजकुमार यादव मौजूद थे। इस दौरान पार्टी के कार्यकताओं को बूथ स्तर पर ध्यान देने और उसे मजबूत करने पर बल दिया गया। मौके पर दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि यह चुनाव बेहद ही महत्वपूर्ण है। एक बार फिर राजकुमार यादव को विधानसभा में भेजना है, जनता का मूड यही बता रहा है। उन्होंने कार्यकताओं से इस चुनाव में एक सिपाही की तरह बूथ पर तैयार रहकर अपने पक्ष में भी मत बढ़ाने की अपील की। वहीं राजकुमार यादव ने अपने विधायक काल की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि यदि जनता उन्हें मौका देती है तो ढ़िबरा का मुद्दा, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार का मुद्दा विधानसभा में गूंजेगा। राजकुमार ने जनता से उन्हें फिर से एक बार मौका देने की अपील की है।

### घाघरा में आस्था के साथ मनाया गया भाई दूज का पर्व



**घाघरा / गुमला।** घाघरा पुटो रोड स्थित मंदिर के समीप बहनों ने अपने भाइयों के लम्बी उम्र और सुख समृद्धि के लिए पूजा अर्चना की कर भाई दूज का पर्व मनाया गया वही डुमरी पंडिताइन सरिता देवी के द्वारा पवित्र मंत्रोच्चारण के साथ भाई दूज पूजा पाठ कराया गया उसके बाद विधिवत कथा सुनाई गई साथ ही इस पूजा के मान्यता को बताते हुए कहा की भाई दूज का पर्व दीपावली के दो दिन के बाद कार्तिक शुक्ल पक्ष की द्वितीया को मनाया जाता है भाई दूज का पर्व भाइयों के प्रति बहनों की श्रद्धा व विश्वास की पर्व है यह पाव भाई और बहन के प्रेम का प्रतीक माना जाता है और बहने अपने भाइयों के लंबी उम्र की कामना करती है।

# विकास राणा के आने से झामुमो मजबूत होगा : हेमंत सोरेन

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

आजसू पार्टी के केन्द्रीय प्रवक्ता विकास राणा अपने समर्थकों के साथ राँची के काँके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास राँची में झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और कल्पना सोरेन के समक्ष झारखण्ड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गए। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और कल्पना सोरेन ने विकास राणा को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराया ! उनके साथ झामुमो के गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू एवं राज्यसभा सांसद महुवा मांझी भी उपस्थित थी !मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि विकास राणा के आने से झामुमो मजबूत होगा। विकास राणा ने कहा कि हेमन्त सोरेन को झारखण्ड का अगला मुख्यमंत्री बनाना मेरा लक्ष्य

**झारखंड का मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को बनाना मेरा लक्ष्य : विकास राणा**

**आजसू पार्टी के विकास राणा झारखण्ड मुक्ति मोर्चा में शामिल**



है झामुमो को मजबूत किया जायेगा। आजसू पार्टी के विकास राणा के साथ झामुमो में शामिल होनेवालों में आजसू पार्टी के केन्द्रीय समिति सदस्य आनन्द सिंह, केन्द्रीय समिति सदस्य जितेन्द्र कुमार, जिला कोषाध्यक्ष अजय कुमार, जिला सचिव विवेक कुमार राणा, नगर अध्यक्ष आफताब आलम, नगर सचिव अविनाश कुमार सिन्हा उर्फ पिंकू, सदर प्रखण्ड अध्यक्ष ओम प्रकाश देव, कटकमदाग प्रखण्ड अध्यक्ष अवध किशोर साव मुख्य रूप से शामिल हैं। उपरोक्त पदाधिकारी सामूहिक रूप से आजसू पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से एवं पार्टी के सभी पद से त्याग-पत्र देकर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन और श्रीमती कल्पना सोरेन के समक्ष झामुमो में शामिल हो गए।

## जेएमएम प्रत्याशी ने कार्यकर्ताओं के साथ किया गांवों का दौरा, मांगा समर्थन



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**

जेएमएम प्रत्याशी सह पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने अपने कार्यकताओं के साथ प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाया। इस निमित्त बेलकपी पहुंचने पर जेएमएम प्रत्याशी जानकी प्रसाद यादव का विजय तिलक लगाकर एवं माला पहनाकर कर लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने लोगों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि झारखंड राज्य की चहुंमुखी विकास के लिए एक बार फिर से हेमंत सरकार बनावें ताकि राज्य की भविष्य उज्जवल हो सके। जनसंपर्क अभियान में मुखिया ललीता देवी ,झारखंड आंदोलनकारी धीरेंद्र पांडेय ,बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद ,मुखिया निजाम अंसारी, जितेन्द्र रवानी, बासुदेव महतो,संजय साव,राजकुमार नायक,बीरेंद्र पांडेय,बलभद्र पांडेय,चंद्रिका पांडेय, अमर पांडेय, ज्ञानदिप पांडेय, अजित राणा,द्वारिका गोस्वामी, प्रदीप राम,राजू राम, सोहन राम, बिनोद राम,गोलू रवानी, द्वारिका यादव,महेश पासवान, चंद्र पासवान, बबलू पासवान, अरविंद राणा, नरेश साव, नरेश ठाकुर, मनोज साव, लक्ष्मन नायक, पुनीलाल साव, द्वारिका पासवान, हुलास नायक, कैलाश नायक समेत आदि लोग शामिल थे।

## श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव को लेकर पहले दिन निकाली गई प्रभात फेरी

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

सिख धर्म के संस्थापक एवं सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव के प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में रविवार को पहले दिन की प्रभात फेरी भक्तिभाव के साथ निकाली गई। प्रभात फेरी के पहले दिन बड़ी संख्या में सिख समुदाय के महिला और पुरुष शामिल हुए। प्रभात फेरी में लोग साध संगत के साथ शबद कीर्तन करते हुए चल रहे थे। सरदार अंगद सिंह चंडोक व सरदार गुरजोत सिंह निशान साहब लेकर संगत की अगुवाई करते हुए आगे चल रहे थे। पूरा क्षेत्र 'गुरु नानक की वडिऐ सिमर, नानक घर के गोले, है तन मन वस्या सोई, सुख तेरा दित्ता लाये' से गूंज उठा। प्रभात फेरी को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा गया। प्रभात फेरी गुरुद्वारा साहिब से निकल कर सुभाष चौक, झंडा चौक, चट्टी बाजार, लोहार टोला होते हुए सरदार मनपाल सिंह सोनी, डॉ मनबीर कौर सोनी के द स्टाइल



उप कम्पलेक्स पहुंची। जहां सोनी परिवार द्वारा समूह एवं संगत का स्वागत किया गया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से प्रीतम सिंह ने सरदार मनपाल सिंह को सरोपा देकर सम्मानित किया। यहां सोनी परिवार ने संगत के लिए चाय और नाश्ते की व्यवस्था की।

**प्रभात फेरी में ये हुए शामिल :** प्रभात फेरी में रामगढ़ गुरुद्वारा के प्रधान परमदीप सिंह कालरा, मीत प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, मीत प्रधान हैप्पी छाबड़ा, तेजिंदर सिंह सोनी, रघुवीर सिंह, जसविंदर सिंह सलूजा, गुरप्रीत चाना, गुरप्रीत सिंह जगजीत सिंह जग्गी, राजू नंदा,अंगद चंडोक, मशहूर शबद गायक सुरजीत सिंह छाबड़ा,पलविंदर सिंह , गुरजीत सिंह सलूजा, इकबाल सिंह, यश छाबड़ा, जिगर छाबड़ा, जसकीरत भाटिया, जगजीत सिंह,राजा कालरा, नीतू सिंह जस्सल, स्वीटी सोनी, चरणजीत जौली ,सुमी जौली, गुरबख्श कौर, रंजीत कौर बलविंदर कौर आदि शामिल हुए।

**अमित शाह ने चुनावी सभा में हेमंत सरकार पर जमकर बरसे, कहा**

# झारखंड की जनता कमल को जीताकर सरकार बनाने के लिए संकल्प ले चुकी है

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**

प्रखंड के गैडा +2 उच्च विद्यालय के परिसर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित विजय संकल्प सभा में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह जमकर गरजे। चुनावी सभा को संबोधित करने पहुंचे केंद्रीय गृहमंत्री अमित साह को पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र देकर कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र राय ने स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह व संचालन भाजपा नेता रघुवीर प्रसाद और भाजयुमो प्रखंड अध्यक्ष टिंकू प्रसाद ने किया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी, छत्तीसगढ़ सरकार के वित्त मंत्री ओपी चौधरी, बरकट्ठा भाजपा प्रत्याशी अमित यादव, कोडरमा प्रत्याशी डॉ नीरा यादव, बरही प्रत्याशी मनोज यादव, बगोदर प्रत्याशी नागेंद्र महतो, भाजपा कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र कुमार राय, बरकट्ठा विधानसभा प्रभारी सह प्रदेश मंत्री सरोज सिंह, कोडरमा जिलाध्यक्ष अनूप जोशी,




भाजपा प्रदेश नेता रंजीत चंद्रवंशी, जिला महामंत्री सुमन कुमार पप्पू, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, सुनील साहू, समेत आदि लोग मौजूद थे। चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राज्य में बढ़ती घुसपैठ और कानून-व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति पर चिंता जताई और कहा कि अगर झारखंड में घुसपैठ को रोकना है, तो हेमंत सोरेन सरकार को हटाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता ने भाजपा की कमल निशान वाली सरकार बनाने का संकल्प ले लिया है और झारखंड में सत्ता परिवर्तन अनिवार्य हो गया है। उन्होंने युवाओं की बेरोजगारी की समस्या पर भी निशाना साधा। अमित शाह ने कहा कि हेमंत सरकार ने वादा किया था कि हर साल 5 लाख नौकरियां दी जाएगी और अगर यह वादा पूरा न हुआ तो बेरोजगार युवाओं को भत्ता देने का काम किया जाएगा। सरकार ने दो हजार रुपये का रोजगार भत्ता देने की बात कही थी, लेकिन आज भी राज्य के युवा बेरोजगार और परेशान हैं। उन्होंने राज्य के एक मंत्री के आवास से बरामद हुए 350 करोड़ रुपये का जिक्र करते हुए कहा कि जनता का पैसा गैरजिम्मेदार सरकार के भ्रष्टाचार में बर्बाद हो रहा है। उन्होंने जनता से अपील की कि 13 नवंबर को कमल का बटन दबाकर झारखंड में एक सशक्त सरकार बनाएँ। अमित शाह ने कहा कि भाजपा सरकार बनते ही राज्य से एक-एक घुसपैठिये को बाहर निकालने का काम किया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि राज्य में 2019 से 2024 के बीच अपराध की घटनाओं में 49 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और हेमंत सरकार ने जनता पर अत्याचार करने का काम किया है। कोडरमा के पत्थर उद्योग को पुनर्जीवित करने के लिए 500 करोड़ रुपये की घोषणा करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बालू माफियाओं पर सख्त कार्रवाई करेगी। उन्होंने बेरोजगारी पर सरकार की उदासीनता की ओर इशारा करते हुए कहा कि नौकरी की तलाश में 17 युवाओं की मौत हो गई, लेकिन हेमंत सरकार इसकी जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है। भाजपा सरकार बनते ही जिम्मेदार अधिकारियों पर भी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ने कहा कि भाजपा सरकार बनने पर नरेंद्र मोदी के सिद्धांतों पर काम किया जाएगा। उन्होंने पेपर लीक मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित करने का भी वादा किया। उन्होंने हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के मुद्दे पर कांग्रेस के समर्थन में उतर आई थी, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अनुच्छेद को समाप्त कर ऐतिहासिक कार्य किया। इसी तरह, अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निर्माण को लेकर भी विपक्षी पार्टियों को परेशानी थी, लेकिन भगवान श्रीराम ने अयोध्या में अपने मंदिर में पहली बार दीपावली मनाई।

### उदय मेहता ने चलाया व्यापक जनसंपर्क अभियान

**दारू।** रविवार को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के सदर विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी उदय मेहता ने विधानसभा चुनाव को लेकर हजारीबाग जिले के कई प्रमुख ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर जनसंपर्क अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान मेहता ने पुरनाडीह, दारू खैरिका, छोटका ईरगा, बड़का ईराग, चिरंवाँ, बड़वार, सुलतानी (यादव टोला), पिपचों, सुलतानी (रविदास टोला), जबरा, दारूड़ीह, पाण्डेय टोला, बाक्सीडीह, दारू चौक, बसोबार, भटभिगा, पेटो, हरली, तिलैया, और झुमरा जैसे कई गांवों का दौरा किया। इन सभी स्थानों पर ग्रामीणों ने मेहता का भव्य स्वागत किया और उनके पक्ष में समर्थन का भरोसा दिलाया। वहीं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए मेहता ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में विकास और जनहित के मुद्दों पर उनका फोकस रहेगा। उन्होंने अपनी प्राथमिकताओं में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, और बुनियादी सुविधाओं के विकास को अहम बताया।

## न्यूज बॉक्स

### 20 किला गांजा व 125 लीटर शराब बरामद

**दुमका।** दुमका एसपी के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर एवं जरमुंडी के नेतृत्व में दो अलग-अलग टीम का गठन किया गया। प्राप्त सूचना के आधार पर जिले के मुफस्सिल थाना अंतर्गत हरिपुर गांव एवं जामा थाना अंतर्गत महारो चौक स्थित बांउरी टोला दोनों जगहों पर छापेमारी कर 20 किलो गांजा एवं 125 लीटर अवैध शराब जब्त किया गया। उक्त मामले में दो अलग-अलग लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

### जमुआ में 1038 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ एक गिरफ्तार




**गिरिडीह।** जमुआ थाना क्षेत्र के द्वारपहरी में पुलिस ने 1038 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। वाकया शनिवार रात का है। गिरिडीह एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर खोरीमहुआ एसडीपीओ राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी की गई, जिसमें भारी मात्रा मे अवैध शराब जब्त की गई। यह जानकारी एसडीपीओ राजेन्द्र प्रसाद ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने कहा कि गुप्त सूचना मिली थी कि द्वारपहरी के कैलास प्रसाद साव पिता दर्शन साव के घर अवैध अंग्रेजी शराब स्टोर कर रखी रखी हुई है। कैलाश प्रसाद व चिरकी निवासी उसका दामाद डब्लू साव शराब को गाड़ी में लोड कर बिहार ले जाने की तैयारी में हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त गांव में छापेमारी की गई। कैलाश प्रसाद साव के घर से 86 कार्टून में रखी 1038 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की गई। पुलिस ने शराब की तस्करी करने में लिप्त कैलाश प्रसाद साव को गिरफ्तार कर लिए। जमुआ थाना में कांड संख्या 218/24 के तहत मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया।

### आपराधिक घटना को अंजाम देने से पहले अपराधी गिरफ्तार

**रामगढ़।** आपराधिक घटना को अंजाम देने से पहले एक अपराधी गिरफ्तार हुआ है। एसपी अजय कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए अंशुमन कुमार नाम के युवक को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक देशी कट्टा बरामद किया गया। रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए एसपी ने बताया कि सूचना प्राप्त हुआ कि पतरातू थाना क्षेत्र के तिलैयाटांड़ के आस पास एक व्यक्ति बाइक पर अवैध आर्म्स के साथ देखा गया है। जिसके बाद एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। छापेमारी दल के द्वारा पतरातू थाना स्थित तिलैयाटांड में अलग-अलग टीम बनाकर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के क्रम एक बाइक से आ रहे युवक ने पुलिस को देखकर तेजी से भागने लगा, जिसका पीछा कर मोटरसाईकिल को पकड़ा गया।

### गावां में अवैध खनन के खिलाफ वन विभाग की छापेमारी



**गिरिडीह।** अवैध माईका खनन के खिलाफ वन विभाग ने रविवार को छापेमारी अभियान चलाया. जहां उन्हें बड़ी सफलता मिली. वन विभाग के कर्मियों और पदाधिकारियों ने मौके पर से 7 बोरा ढिबरा, धामा, छेंनी, हथौड़ी समेत कई सामग्री बरामद किया है। हालांकि, इस कार्य में संलिप्त सभी लोग घटनास्थल से भाग निकले। मामला गावां वन प्रक्षेत्र का है। गावां वन विभाग के रेंजर अनील कुमार को गुप्त सूचना मिली कि कुछ लोग अवैध रूप से माईका का उत्खनन कर रहे हैं। इसके बाद एक स्पेशल टीम बनाकर चरका पत्थर व नगवां जंगल में छापेमारी अभियान चलाया गया। जैसे ही वन विभाग की टीम उक्त जंगल के पहाड़ी पर पहुंची अवैध उत्खनन करने वाले भाग निकले। खनन स्थल से छापेमारी करने गये कर्मियों और पदाधिकारियों को 7 बोरा ढिबरा, धामा, हथौड़ी, छेनी आदि बरामद किया है। सभी सामग्री को वन विभाग की टीम ने जब्त कर लिया है। मौके पर प्रभारी वनपाल राजेन्द्र प्रसाद, जिलाजित कुमार, हीरालाल पंडित, आलोक मोहन पांडेय, सुरेश महतो आदि मौजूद थे।

### झारखंड की जनता बदलाव चाहती है : मुनिया देवी



**गांडेय,गिरिडीह।** गांडेय विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मुनिया देवी ने रविवार को गांडेय प्रखंड के बड़कीटांड, दासडीह,गांडेय, झारघटा पंचायत के विभिन्न गांवों का दौरा कर जनसंपर्क किया इस दौरान प्रत्याशी मुनिया देवी ने गांव गांव जाकर मतदाता से मिले और अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की उन्होंने कहा कि झारखंड की सरकार यहां के खनिजों को लूटने में लगी हुई है।राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह फैल है । राज्य में बहु बेटियां सुरक्षित नहीं है। यहां के जनता बदलाव करेगी और भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी साथ में पूर्व जिला अध्यक्ष यदुनंदन पाठक एंथोनी स्वामी सहित कई वारिश कार्यकर्ता ने भी जन संपर्क किया मौके। पर उपस्थित मंडल अध्यक्ष प्रकाश यादव,हरी मंडल,नीरज राय, मनीषा पांडेय,बेबी देवी,कविता तिवारी,रंजीत स्वर्णकार,संकेत कुमार,बासुदेव सिंह,बलदेव राय,राजू मंडल सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### प्रत्याशी अभिषेक कुमार ने तिसरी हाट में लोगों से किया समर्थन की अपील



**तिसरी (गिरिडीह)।** झारखंड बचाओ क्रांति सेवा समिति यानी कि जेबीकेएसएस पार्टी से धनवार विधानसभा सीट के उम्मीदवार अभिषेक कुमार का जनसंपर्क अभियान लगातार जारी है.इसी क्रम में रविवार को तिसरी में लगने वाले साप्ताहिक हाट पहुंचे। जहां उन्होंने नुक्कड़ सभा का आयोजन कर लोगों से उन्हें समर्थन देने और धनवार में बदलाव लाने की अपील की। साथ ही उन्होंने जनता से एक बेहतर उम्मीदवार को चुनने की भी अपील की।कहा कि यदि जनता मौका देती है तो विधानसभा क्षेत्र की तस्वीर बदल जाएगी।

संपादकीय

## चुनावी रेवड़ी पर रोक लगे या गारंटी मानी जाए

लोकसभा और विधानसभा चुनावों में चुनावी रेवड़ियों के रूप में प्रलोभन देने की होड़ का लाभ पंजाब की आम आदमी पार्टी को मिलने का आरोप लगता है। अन्य पार्टियां भी पीछे नहीं हैं। इस पर रोक के लिए दाखिल याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और चुनाव आयोग को अक्टूबर मंह नोटिस जारी किया गया था। याचिकाकर्ता कर्नाटक के निवासी शशांक जे श्रीधर ने मांग की है कि विधानसभा या आम चुनावों के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा विशेष रूप से नकदी के रूप में मुफ्त उपहारों का वादा करना रिश्वत देना करार दिया जाए और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के तहत ऐसे राजनीतिक दल के उम्मीदवार के लिए रिश्वत या वोट के लिए प्रलोभन माना जाए। एक पूर्व के मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने सुनवाई की, एक विशेषज्ञ पैनल के गठन पर विचार किया और फिर अदालत ने इस मामले को तीन न्यायधीशों वाली पीठ के पास भेज दिया है। अदालत ने 2013 में एस. सुब्रमण्यम बालाजी बनाम तमिलनाडु मामले में दिए गए फैसले पर भी गहराई से पुनर्विचार की बात कही थी। इसमें यह फैसला सुनाया गया था कि चुनावी घोषणापत्र में किए गए वादों को भ्रष्ट आचरण नहीं माना जा सकता। अब सेवानिवृत्त हो चुके भारत के मुख्य न्यायाधीश एन.वी. रमना की अगुवाई वाली पीठ ने कार्यवाही में कल्याणवाद, समाजवाद और चुनाव से पहले 'मुफ्त सामान बांटने' के वादों के राजनीतिक अर्थशास्त्र पर महत्वपूर्ण दृष्टिकोण पेश किया था। कई सुनवाई के बाद, 'मुफ्त उपहार' के अस्पष्ट संदर्भों से आगे बढ़ते हुए पीठ ने कल्याणकारी योजनाओं और सामाजिक-आर्थिक आधार पर दी जाने वाली रियायतों और चुनाव से समय लोकलुभावन सामान और वस्तुओं की घोषणाओं के बीच तर्कसंगत अंतर को स्पष्ट किया। शुरूआत में इस बारे में स्पष्टता नहीं थी क्योंकि हर चीज को 'मुफ्त उपहार' कहना और कल्याणकारी नीतियों के प्रति राजनीतिक दलों के नजरिए पर तंज कसने पर ज्यादा जोर दिखा। ऐसे असंगत वादों के खिलाफ जिन लोगों ने अदालत का दरवाजा खटखटाया उन्हें केंद्र सरकार का भी समर्थन मिला। प्रधानमंत्री मोदी ने जिस तरह 'मुफ्त' संस्कृति को खारिज करने के लिए सार्वजनिक तौर पर कई बार टिप्पणियां की, उसके बाद सरकार के इस रुख पर कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिए। 2013 में दो-न्यायाधीशों वाली खंडपीठ का फैसला, 2006 में गरीबों को टेलीविजन सेट बांटने के वादे पर सवार होकर डीएमके के सत्ता में आने और इस वादे को पूरा करने की पृष्ठभूमि में आया था। इस फैसले में कहा गया था कि राज्य के नीति निर्देशक तत्व ऐसी योजनाओं की अनुमति देते हैं और उन योजनाओं पर सार्वजनिक धन खर्च के ऊपर सवाल नहीं उठाया जा सकता। बशर्ते वह विधायिका द्वारा पारित विनियोग पर आधारित हो। यह भी कहा गया कि किसी पार्टी के चुनावी वादे को 'भ्रष्ट आचरण' नहीं कहा जा सकता। उस खंडपीठ ने इस तर्क को भी खारिज कर दिया था कि गरीब और अमीर सबको लाभ देना, अनुच्छेद 14 में दर्ज समानता के मानदंड का उल्लंघन होगा। जब राज्य की उदारता की बात आई, तो फैसले में कहा गया कि गैर-बराबर लोगों को बराबर नहीं मानने का नियम यहां लागू नहीं होगा।

> 2013 में दो-न्यायाधीशों वाली खंडपीठ का फैसला, 2006 में गरीबों को टेलीविजन सेट बांटने के वादे पर सवार होकर डीएमके के सत्ता में आने और इस वादे को पूरा करने की पृष्ठभूमि में आया था।

# बेहतर सड़क सुरक्षा की दिशा में




सड़क परिवहन, भारत में परिवहन का प्रमुख साधन है और यात्री एवं माल यातायात के संदर्भ में इसका निरंतर विस्तार हो रहा है। सड़क नेटवर्क और वाहन बेड़े के तेजी से विस्तार और परिणामस्वरूप गति में हुई वृद्धि के कारण, हर साल लगभग 4.5 लाख दुर्घटनाएँ और 1.5 लाख मौतें होती हैं, जिससे अनुमान है कि सकल घरेलू उत्पाद के 3% का आर्थिक नुकसान होता है। दुर्घटना के आंकड़ों से पता चलता है कि 68% मौतें में सड़क उपयोगकर्ताओं का कमजोर समूह, जैसे दोपहिया वाहन, पैदल यात्री और साइकिल चालक शामिल होता है। सड़क दुर्घटना के मुख्य कारण हैं - तेज गति से वाहन चलाना, ड्राइवरों का ध्यान भटकना, मोबाइल का उपयोग और लाल बत्ती का उल्लंघन करना आदि। आधी से ज्यादा मौतें देश की 35 वर्ष से कम आयु की युवा आबादी की होती हैं। प्रतिकूल सामाजिक प्रभावों को रोकने और सतत आर्थिक विकास सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षित सड़क परिवहन में सुधार करना अनिवार्य है। माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में और माननीय मंत्री (सड़क परिवहन एवं राजमार्ग) के कुशल मार्गदर्शन में सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। मंत्रालय इस दशक के अंत तक प्रभावी परिणाम प्राप्त करने के क्रम में 4ई (अर्थात इंजीनियरिंग, कार्यान्वयन, जागरूकता और आपातकालीन देखभाल) को स्थायी तौर पर मजबूत करने के लिए एक व्यापक योजना की अवधारणा तैयार कर रहा है।

राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क 6.3 मिलियन किलोमीटर के कुल सड़क नेटवर्क का 2.3% है, लेकिन कुल सड़क यातायात में इसकी हिस्सेदारी 40% है। राष्ट्रीय राजमार्गों पर चलने वाले यातायात की औसत गति अधिक होती है और भारी वाणिज्यिक वाहनों का प्रतिशत भी अधिक होता है, जिसके परिणामस्वरूप लगभग एक तिहाई मौतें और दुर्घटनाएँ राष्ट्रीय राजमार्गों पर होती हैं। मंत्रालय ने परियोजना कार्यान्वयन के सभी चरणों में सड़क सुरक्षा ऑडिट को अनिवार्य कर दिया है, ताकि किसी भी नई परियोजना में इंजीनियरिंग दोष न होना सुनिश्चित किया जा सके। मंत्रालय ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर सभी ब्लैक स्पॉट (दुर्घटना संभावित क्षेत्र) को खत्म करने के लिए पूरे भारत में अभियान शुरू किया है। पहचान किये गए कुल 13795 ब्लैक स्पॉट में से 9525 ब्लैक स्पॉट पर गति नियंत्रण उपाय, फुटपाथ चिह्न, सड़क संकेत, सोलर स्टड, पैदल यात्री क्रॉसिंग, रंबल स्ट्रिप्स (पट्टियों से वाहनों के गुजरने पर गड़गड़ाहट की आवाज होती है) इत्यादि जैसे अल्पकालिक उपाय पूरे किए जा चुके हैं और शेष स्पॉट को मार्च, 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। विश्लेषण से पता चला है कि अल्पकालिक उपाय 85% ब्लैक स्पॉट्स में प्रभावी रहे हैं और इसके परिणामस्वरूप मृत्यु और गंभीर चोटों वाली दुर्घटनाओं में कमी आई है। 4593 ब्लैक स्पॉट्स पर दीर्घकालीन उपाय, जैसे रेलिंग के साथ फुटपाथ का प्रावधान, जंक्शन सुधार, फ्लाईओवर, सड़क चौड़ीकरण, ज्यामितीय सुधार, फुट ओवर ब्रिज इत्यादि पूरे किए जा चुके हैं और शेष, जहाँ आवश्यक है, को 2026-27 तक पूरा करने का लक्ष्य है। पिछले 2 वर्षों में, जिन 5 किलोमीटर या उससे अधिक लंबाई के एनएच खंडों में कोई मौत नहीं हुई है, वे व्यापक नमूने के अध्ययन के आधार पर एनएच नेटवर्क का लगभग 14.5% हिस्सा हैं। उक्त एनएच खंडों को सफेद गलियारों के रूप में प्रस्तावित किया गया है और क्षेत्रीय अधिकारियों को इन गलियारों की सुरक्षा करने और उन्हें अच्छी स्थिति में बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया है। निर्माण क्षेत्र सुरक्षा उपायों को पूरी गंभीरता से लागू किया जा रहा है। मंत्रालय ने ई-डीएआर (इलेक्ट्रॉनिक विस्तृत दुर्घटना रिपोर्ट) की शुरूआत की है, जो दुर्घटना डेटा की रिपोर्ट, प्रबंधन और विश्लेषण के लिए एक केंद्रीय डेटा भंडार है। दुर्घटना स्थलों की तुरंत पहचान की जाती है और संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों द्वारा इंजीनियरिंग दोष का आकलन करने के लिए उनका दौरा किया जाता है। यदि आवश्यक हो, तो स्थल पर आवश्यकता के अनुसार समाधान के उपाय लागू किए जाते हैं। जून, 2024 तक इंजीनियरिंग हस्तक्षेप की आवश्यकता वाले 6014 दुर्घटना स्थलों में से लगभग 5446 दुर्घटना स्थलों पर इंजीनियरिंग दोष का उपयुक्त निवारण किया गया है।


धमार्नंद सारंगी
महानिदेशक (सड़क विकास) तथा विशेष सचिव, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय।


पंकज अग्रवाल
म्मुख्य अभियंता (सड़क सुरक्षा), सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय।

नई कारों और एसयूवी के सुरक्षा मूल्यांकन के लिए स्टार रेटिंग प्रणाली शुरू की गयी है - भारत नयी कार मूल्यांकन योजना (बीएनसीएपी), जो वैश्विक मानकों के अनुरूप है। माननीय प्रधानमंत्री ने 13 अगस्त, 2021 को अनुपयुक्त और प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों को चरणबद्ध तरीके से हटाने के लिए वाहन स्क्रैपिंग नीति की शुरूआत की थी। इस प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए पूरे देश में स्वचालित परीक्षण स्टेशनों (एटीएस) और पंजीकृत वाहन स्क्रैपिंग सुविधा केंद्र (आरवीएसएफ) का एक इकोसिस्टम स्थापित किया जा रहा है। सड़क वर्गीकरण को ध्यान में रखे बिना, सड़कों पर कानून और व्यवस्था तथा विनियमन का कार्यान्वयन राज्य सरकारों के अधिकार क्षेत्र में आता है। मंत्रालय ने अग्रणी भूमिका निभाते हुए सड़क सुरक्षा की इलेक्ट्रॉनिक निगरानी और कार्यान्वयन के लिए नियम अधिसूचित किए हैं तथा स्पीड कैमरा, सीसीटीवी, स्पीड गन, डैश कैम, बॉडी वियरेबल कैमरा जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण उपलब्ध कराये हैं। बच्चों के लिए सुरक्षा कवच/क्रैश हेलमेट अनिवार्य करने के लिए अधिसूचना जारी की गई है। मोटर वाहन (संशोधन) अधिनियम में यातायात नियमों के उल्लंघन के लिए आर्थिक दंड में भी वृद्धि की गयी है। सड़क सुरक्षा पर लोगों को प्रशिक्षण और जागरूक बनाना समय की मांग है, ताकि वाहन चलाते समय या सड़क का उपयोग करते समय मानवीय त्रुटियों को कम किया जा सके। मंत्रालय ने बच्चों में सड़क सुरक्षा के बारे में अच्छी प्रथाओं को विकसित करने के लिए कार्यक्रमों का एक सेट तैयार किया है और शिक्षा मंत्रालय से स्कूली शिक्षा, 2023 की राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (एनसीएफ) में इसे शामिल करने का अनुरोध किया है। मंत्रालय ने राज्य और जिला स्तर पर अत्याधुनिक क्षेत्रीय वाहन-परिचालन केंद्र (आरडीटीसी), वाहन-परिचालन प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने की योजना भी लागू की है। एक अनुमान के अनुसार, यदि पीड़ितों को गोल्डन ऑवर (दुर्घटना के बाद के 2 घंटे) के दौरान उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जाता है, तो काफी संख्या में होने वाली मौतों को टाला जा सकता है। मंत्रालय ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण और वित्तीय सेवा विभाग के सहयोग से सड़क दुर्घटना पीड़ितों को अधिकतम 7 दिनों की अवधि में 1.5 लाख रुपये तक का कैशलेस उपचार प्रदान करने के लिए ₹मोटर वाहनों के कारण सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों के लिए कैशलेस उपचार योजना को अंतिम रूप दिया है और इसे मंजूरी दी है। इस योजना को जल्द ही अखिल भारतीय स्तर पर लॉन्च किया जाएगा। यह योजना अस्पतालों को समयबद्ध तरीके से सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों को चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए कानूनी रूप से बाध्य करती है।

आपकी बात

## झारखंड की सांस्कृतिक विरासतः सोहराय



डॉ दीपक प्रसाद

झारखंड, अपनी अद्वितीय सांस्कृतिक धरोहर और विविधता के लिए जाना जाता है। यहाँ के आदिवासी समुदायों की परंपराएँ, त्योहार और उत्सव उनकी जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा हैं। इनमें से एक प्रमुख त्योहार है सोहराय, जो फसल के मौसम के बाद मनाया जाता है। यह त्योहार झारखंड की सांस्कृतिक विरासत का एक जीवंत उदाहरण है और आदिवासी लोगों के जीवन, उनकी मान्यताओं और परंपराओं को दशार्ता है। सोहराय में खेती से जुड़ी प्राकृतिक शक्तियों और पशुधन को धन्यवाद देने की परंपरा है। इसे विशेष रूप से संथाल, मुंडा, हो, उरांव जैसी जनजातियाँ बड़े उत्साह के साथ मनाती हैं। सोहराय मुख्यतः फसल कटाई के उत्सव के रूप में मनाया जाता है। यह त्योहार धान की फसल के पूर्ण होने और उसकी कटाई के बाद मनाया जाता है। आदिवासी समुदाय इस अवसर पर अपनी मेहनत के परिणाम का जश्न मनाते हैं और प्राकृतिक शक्तियों के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। सोहराय में मुख्य रूप से फसल की समृद्धि, पशुधन की सुरक्षा और स्वास्थ्य की प्रार्थना की जाती है।सोहराय आमतौर पर दीपावली के बाद या अक्टूबर-नवंबर में मनाया जाता है। इस त्योहार के दौरान, विशेष रूप से बैल, गाय, बकरी जैसे फसल में सहायक जानवरों की पूजा की जाती है। इन पशुओं को अच्छे से सजाया जाता है, उनके सींगों पर तेल लगाया जाता है, और उनकी सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना की जाती है। यह किसानों के लिए उनके श्रम और मेहनत का प्रतीक होते हैं। सोहराय समारोह में आदिवासी नृत्य, तरह-तरह के वाद्य यंत्रों जैसे कि सिंगा, ढोल, मंदर, के साथ झूमर नृत्य विशेष महत्व रखते हैं। इन नृत्यों के माध्यम से समुदाय अपनी खुशी और उत्साह व्यक्त करता है। संगीत के लिए पारंपरिक वाद्ययंत्रों का उपयोग किया जाता है, जो इस उत्सव की आत्मा को और भी जीवंत बनाते हैं। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के पारंपरिक खाद्य पदार्थों का निर्माण किया जाता है, जैसे कि धनिया चावल, मक्का के लड्डू, और गुड़। ये व्यंजन त्योहार की विशेषता होते हैं और सामुदायिक भोज का हिस्सा होते हैं। यह त्योहार समुदाय को एकत्रित करता है। लोग मिलकर भोजन करते हैं, गाते-बजाते हैं और सामाजिक एकता का प्रदर्शन करते हैं। सोहराय के दौरान घरों की दीवारों पर मिट्टी से सुंदर चित्र बनाना एक महत्वपूर्ण परंपरा है। इन चित्रों में गाय-बैल, पक्षी, पेड़-पौधों के प्रतीक होते हैं जो प्रकृति के प्रति श्रद्धा दशार्ते हैं। सोहराय केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं है, बल्कि यह सामाजिक एकता का प्रतीक भी है। लोग एकत्र होकर एक-दूसरे के साथ खुशियाँ साझा करते हैं, जिससे आपसी संबंध मजबूत होते हैं। सोहराय फेस्टिवल झारखंड की सांस्कृतिक विरासत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह न केवल कृषि से जुड़े उत्सवों का प्रतीक है, बल्कि आदिवासी समुदायों की जीवनशैली, उनकी मान्यताओं और उनकी संस्कृति की गहराई को भी दशार्ता है।

**रंगकर्मी, निर्देशक, सहायक आचार्य, कार्तिक उरांव महाविद्यालय रांची विवि, रांची।**

अलग बात

## सनातन समाज में सामाजिक-आर्थिक संघर्ष से उभरे कायस्थ


प्रवीण प्रियदर्शी

भारतीय समाज संरचना को जो स्थायित्व वैदिक काल में मिला था उसे उत्तर वैदिक काल आते-आते कई चुनौतियों से मुखातिब होना पड़ रहा था। नये उद्योगधंधों और आर्थिक कार्य व्यवहार ने सामाजिक संरचना में परिवर्तन की शर्त रख दी, तो लगातार मजबूत होते राजतंत्रीय व्यवस्था के सामने अपने आर्थिक और प्रशासनिक मामलों का रिकार्ड रखना भी जरूरी हो गया। गौतम बुद्ध, भगवान महावीर जैसे विचारकों ने वैदिक दर्शन को चुनौती देते हुए सामाजिक पुनर्संरचना को अहम मुद्दा बना दिया। मगध साम्राज्य के विस्तार और मौर्यों के विस्तृत नौकरशाही में राजस्व, लेखा और आंकड़ों का संचयन बेहद महत्वपूर्ण हो गया था। मौर्यों के पतन के बाद जो राज्य व्यवस्था बनी उसमें गुप्तकाल तक कोई खास संरचनात्मक परिवर्तन नहीं हुआ। हां राजस्व, लेखा और जमीन संबंधी आंकड़ों से संबंधित कार्य और विस्तृत जरूर हो गए। इन कार्यों में विशेषज्ञता ने भारतीय समाज व्यवस्था में एक नए वर्ग को जन्म दिया। इसमें मध्यम और निम्न वर्गीय ब्रह्मण, क्षत्रीय, वैश्य, उच्च वर्गीय शुद्र, विदेशी आक्रांताओं के साथ आये वभिन्न श्रेणी के लोग जुड़े थे। इसी काल खंड के पौराणिक ग्रंथों, स्मृति व साहित्यिक ग्रंथों में लेखकीय कार्य के लिए एक नई जाति 'कायस्थ' का वर्णन मिलना प्रारंभ होता है। कायस्थों का उद्धव भारतीय इतिहास में एक अजब कहानी है। इसने भारतीय समाज व्यवस्था में एक नई हलचल पैदा कर दी। वर्ण व्यवस्था के इतर महज काम, हुनर, भाषा, सहिष्णुता और प्रगतिशीलता के आधार पर एक नई जाति ही अस्तित्व में आ गई। यह भारतीय संदर्भ में बिना औद्योगिक क्रांति के एक मध्यम वर्ग के उद्भव की अनूठी गाथा है। इतिहासकारों में कायस्थों की उत्पत्ति को लेकर विभिन्न मत हैं। कुछ विद्वान इन्हें विदेशी खासकर तुर्किश, कुर्द मूल का बताते हैं तो कुछ पार्थियन व शक आक्रांताओं से इसे जोड़ते हैं। इस संदर्भ में सबसे मजबूत तर्क कल्हण के राजतरंगिनी में मिलता है जिसमें कारकोटा राजवंश (इसे कायस्थ राजवंश माना जाता है) के राजकुमार का एक तुर्की व्यवसायी की पुत्री से विवाह का उल्लेख है। वहीं सक्सेना को कुछ इतिहासकार शकों की सेना के साथ जोड़ते हैं। श्रीवास्तव का उद्भव कुछ इतिहासकार कश्मीर के श्वात घाटी से बताते हैं। इन्हें भी शक, कुषाण मूल का माना जाता है।



बोधि वृक्ष


जीवन की संकीर्णता, छोटी-छोटी बातें जो आपको परेशान कर देती हैं, से स्वयं का पुनरुत्थान करें। कोई भी व्यक्ति दुःख को पसन्द नहीं करता। अगली बार जब आप किसी मनोदशा से ग्रस्त हों तो क्यों न अपना विश्लेषण करें?

## नकारात्मक मनोदशाओं से मुक्ति


श्री श्री परमहंस योगानंद

आत्मा में निहित परमात्मा का नित्य-नवीन-आनन्द अनश्वर है। इसी प्रकार, मन में इसकी अभिव्यक्ति को कदापि नष्ट नहीं किया जा सकता यदि कोई व्यक्ति इसको बनाए रखना जानता है, और यदि वह जान बूझकर मन को न बदले और मनोदशाओं को पोषित करता हुआ दुःखी न हो। आप ईश्वर का एक प्रतिबिम्ब हैं, आपको एक देवता की तरह व्यवहार करना चाहिए। लेकिन होता क्या है? प्रातः काल में पहली बात यह होती है कि आप क्रोधित होकर शिकायत करते हैं, मेरी कॉफी ठण्डी है! इससे क्या फर्क पड़ता है? ऐसी बातों से परेशान क्यों होते हैं? मन में ऐसा समभाव रखें जिसमें आप पूर्णरूप से शान्त हों, सब प्रकार के क्रोध से मुक्त। यही तो आप चाहते हैं। किसी भी वस्तु या व्यक्ति को अपनी बकरी न ले जाने दें। आपकी बकरी है आपकी शान्ति। किसी को भी इसे अपने से छीन कर मत ले जाने दें। जीवन की संकीर्णता, छोटी-छोटी बातें जो आपको परेशान कर देती हैं, से स्वयं का पुनरुत्थान करें। कोई भी व्यक्ति दुःख को पसन्द नहीं करता। अगली बार जब आप किसी मनोदशा से ग्रस्त हों तो क्यों न अपना विश्लेषण करें? आप देखेंगे कि किस प्रकार स्वेच्छा से, जानबूझकर आप स्वयं को दुःखी बना रहे हैं। और जब आप ऐसा करते हैं, तो आपके मन की इस स्थिति में, आनन्द के अभाव को आपके आसपास के लोग अनुभव करते हैं।... **(क्रमशः)**

फेसबुक वॉल से




X से




रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक

आज का दोहा

सुना कि दुख आया नहीं, बिकने अब की बार।
खौफनाक खुशियाँ ,सुना, आयी हैं बाजार।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

धर्म की बात

## सूर्य और छठी मइया की पूजा एक साथ क्यों?


सरोज कुमार पंकज
वरिष्ठ पत्रकार



खरना से लेकर उदयमान सूर्य को अर्घ्य समर्पित करने तक, यानी पंचमी से लेकर सप्तमी तक का त्रि-दिवसीय व्रत है-सूर्यषष्ठी व्रत। इस व्रत में सर्वतोभावेन सूर्य की ही पूजा की जाती है। हालाँकि सूर्य के साथ षष्ठी अर्थात छठी मइया की भी पूजा की जाती है। यही वजह है कि इस व्रत को 'सूर्यषष्ठी' व्रत कहा जाता है। सूर्य से षष्ठी का क्या सम्बन्ध है, यह एक विचारणीय प्रश्न है, क्योंकि बहुत लोग इस रहस्य को नहीं जानते, जबकि छठी मइया की पूजा अवश्य करते हैं। इस संदर्भ में 'ब्रह्मवैवर्त पुराण' के अध्ययन से पता चलता है कि इसके प्रकृति खंड में प्रकृति देवी स्वयं को पाँच भागों में विभक्त करती हैं, जो राधा, लक्ष्मी, सरस्वती, दुर्गा और सावित्री हैं। प्रकृति देवी के एक प्रधान अंश को 'देवसेना' कहा जाता है, जो सर्वश्रेष्ठ मातृका मानी जाती हैं। ये समस्त लोकों के बालकों की रक्षा करने वाली देवी हैं। इसलिए प्रकृति का छठा अंश होने के कारण इन्हें 'षष्ठी' भी कहा जाता है।

**षष्ठांशा प्रकृतेर्या च सा च षष्ठी प्रकीर्तिता।**
**बालकाधिष्ठातृदेवी विष्णुमाया च बालदा।**
**आयुप्रदाःच बालानां धात्री रक्षणकारिणी।**
**सततं शिशुपार्श्वस्था योगेन सिद्धियोगिनी।।(ब्रह्मवैवर्तपुराण)**

उपर्युक्त श्लोकों से ज्ञात होता है कि विष्णुमाया षष्ठीदेवी अर्थात छठी मइया बालकों की रक्षिका एवं आयुप्रदा हैं। सूर्यषष्ठी व्रत की शुरूआत व्रह्मवैवर्त पुराण के अनुसार प्रथम मनु स्वयंभु के पुत्र राजा प्रियव्रत से मानी जाती है। जब राजा प्रियव्रत की पत्नी मालिनी ने मृत बच्चे को जन्म दिया, तब षष्ठीदेवी की कृपा से ही बच्चा जीवित हुआ था। तत्पश्चात प्रियव्रत द्वारा प्रतिमास की शुक्लपक्ष षष्ठी को पूजा करायी जाने लगी। उसी समय से यह लोक में भी प्रचलित हुआ। हालाँकि बालकों के जन्म, नामकरण तथा अन्नप्राशन आदि शुभ अवसरों पर भी षष्ठीदेवी की पूजा प्रचलित है। अतएव इस पौराणिक प्रसंग से यह स्पष्ट है की 'छठी' मइया बालकों के संरक्षण एवं संवर्द्धन से सम्बन्धित देवी हैं, तथा इनकी पूजा षष्ठी तिथि को ही की जाती है। अतएव कार्तिक तथा चैत्र मास के शुक्लपक्ष की षष्ठी के दिन इस महाव्रत में 'शक्ति' तथा 'ब्रह्म' दोनों की उपासना का फल एक साथ प्राप्त होता है। इसीलिए यह महापर्व 'सूर्यषष्ठी' के नां से विख्यात है। सूर्यषष्ठी के एक दिन पूर्व पंचमी को शाम में खंड+ना यानी 'खरना' के दिन व्रतियों द्वारा खीर बनाकर खाई जाती है और षष्ठी को व्रत रखते हुए सप्तमी के उदयमान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद पारण किया जाता है। मुख्य रूप से यह महापर्व बिहार, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश तथा झारखण्ड के उतरी क्षेत्र में धूमधाम से जबकि वैश्विक स्तर पर आंशिक रूप से मनाया जाता है। छठव्रत के दिन बहुत ही मनमोहक दृश्य उत्पन्न होता है। जब पकवानों से भरे हुए नये बाँस से निर्मित सूप और दौरी लेकर छठी मइया तथा भगवान सूर्य के लोकगीत गाती हुई महिलायें अपने-अपने घरों से निकलकर पवित्र नदी, सरोवर या तालाब तक जाती हैं, तब पूरा वातावरण भक्तिमय बन जाता है। इस दिन भगवान सूर्य के अर्घ्य की दौरी ढोने का भी एक अपना अलग महत्व है। यह कार्य पति, पुत्र या फिर घर का कोई सदस्य ही करता है। घर से घाट तक लोकगीतों का क्रम चलते रहता है, और यह तबतक चलता है जबतक भगवान सूर्य सायंकालीन अर्घ्य स्वीकार कर अस्ताचल को नहीं चले जाते। फिर ब्रह्म मुहूर्त में ही अर्घ्य की सामग्री के साथ सभी व्रती जल में खड़े होकर हाथ जोड़े भगवान सूर्य के उदयमान होने की प्रतीक्षा करते हैं। जैसे ही क्षितिज पर अरुणिमा दिखायी देती है, वैसे ही मंत्रों के साथ सूर्य को अर्घ्य समर्पित किया जाता है। इस तरह 'सूर्य' और 'षष्ठी' दोनों की एक साथ उपासना से अनेक वांछित फलों को प्रदान करने वाला यह सूर्यषष्ठी व्रत वास्तव में बहुत ही महत्वपूर्ण है।इसकी बड़ी विशेषता यह भी है कि कहावत के विपरीत उगते नहीं डूबते सूर्य को भी अर्घ्य दिया जाता है जिसमें क्या धनी,क्या गरीब सभी जातियों के भक्त एक घाट पर इकट्ठे ही नहीं होते पूजा के पश्चात पूरी श्रद्धा के साथ सभी से मांगकर प्रसाद ग्रहण करते हैं। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# शीतकाल के लिए बंद हुए केदारनाथ धाम के कपाट

**एजेंसी। देहरादून**

विश्व प्रसिद्ध और ग्यारहवें ज्योर्तिलिंग केदारनाथ धाम के कपाट भैयादूज के पावन पर्व पर रविवार प्रातः साढ़े आठ बजे विधि-विधान और धार्मिक परंपरा के साथ शीतकाल के लिए बंद हो गए। इस दौरान सेना के भक्तिमय धुनों के साथ श्रद्धालुओं के 'जय बाबा केदार' के उद्घोष से पूरा धाम गूंज उठा। 15 हजार से अधिक श्रद्धालु कपाट बंद होने के साक्षी बने। अब आने वाले छह महीने तक भक्तगण बाबा केदार के शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर में दर्शन कर सकेंगे। रविवार प्रातः पांच बजे से बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय की उपस्थिति में कपाट बंद किए जाने की प्रक्रिया शुरू हुई। बीकेटीसी के आचार्य, वेदपाठियों, पुजारीगणों ने भगवान केदारनाथ के स्वयंभू शिवलिंग की समाधि पूजा की। स्वयंभू शिवलिंग को भस्म, स्थानीय पुष्पों, बेलपत्र आदि से समाधि रूप दिया गया। प्रातः 08:30 बजे बाबा केदार की पंचमुखी उत्सव डोली को मंदिर से बाहर लाया गया और केदारनाथ मंदिर के कपाट बंद कर दिए गए। इस विशेष अवसर के लिए दीपावली के दिन से ही फूलों से मंदिर की साज-सज्जा की जा रही थी। कपाट बंद होने के साथ ही बाबा केदार की पंचमुखी उत्सव डोली अपने पहले पड़ाव रामपुर के लिए प्रस्थान कर गई। हजारों श्रद्धालु बाबा की पंचमुखी डोली के साथ पैदल रवाना हुए। श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह भंडारे आयोजित किये गये थे।






**15 हजार से अधिक श्रद्धालु कपाट बंद होने के साक्षी बने।**

**बदरीनाथ धाम के कपाट 17 नवंबर को बंद हो रहे हैं।**

**द्वितीय केदार मद्महेश्वर जी के कपाट 20 नवंबर को बंद हो रहे हैं**

### यात्राकाल में रिकार्ड साढ़े 16 लाख से अधिक तीर्थ यात्री पहुंचे

कपाट बंद होने के अवसर पर बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने कहा कि इस यात्राकाल में रिकार्ड साढ़े 16 लाख से अधिक तीर्थयात्री केदारनाथ धाम पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन से आज भव्य व दिव्य केदारपुरी का पुनर्निर्माण हो रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिह धामी के मार्गदर्शन में केदारनाथ धाम यात्रा का सफल संचालन हुआ।

## पूजा-अर्चना के बाद यमुनोत्री धाम के कपाट बंद

उत्तरकाशी। उत्तराखंड के चार धामों में प्रसिद्ध यमुनोत्री धाम के कपाट भैयादूज के पर्व पर वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा अर्चना के साथ शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। पूरे शीतकाल में मां यमुना की पूजा अर्चना खरसाली स्थित यमुना मंदिर होगी। रविवार को अपराह्न 12 बजकर 5 मिनट पर मां यमुना जी के कपाट विधिविधान के साथ पूजन करने के बाद बंद कर दिए गए। उद्गम स्थल स्थित उत्तराखंड के सुप्रसिद्ध धाम यमुनोत्री के कपाट बंद होने के बाद पुलिस सुरक्षा के साथ यमुनोत्री से पावनी मां यमुना की डोली ढोल-दमाऊ के साथ शनिदेव महाराज की अगुवाई में खरसाली (खुशीमठ) गांव के लिए रवाना हुई। पूरे शीतकाल के दौरान श्रद्धालु मां यमुनाजी के दर्शन व पूजा-अर्चना खरसाली स्थित यमुना मंदिर में कर सकेंगे। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक संजय डोभाल, बृजेश तिवारी, पुलिस उपाधीक्षक सुरेन्द्र भंडारी, कोतवाली बड़कोट दीपक कठैत, यमुनोत्री मंदिर समिति के सचिव सुरेश उनियाल, रावल आशीष उनियाल, महावीर सिंह पंवार और अजय रावत सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष 7 लाख 11 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने सुरक्षित तरीके से यमुनोत्री धाम पहुंच कर मां यमुना के दर्शन किये।

# योगी को जान से मारने की धमकी देने वाली महिला पुलिस हिरासत में



- **महिला फातिमा खान (24) के पास सूचना प्रौद्योगिकी में स्नातक की डिग्री**
- **महिला से पूछताछ जारी, धमकी देने के कारणों का पता लगाया जा रहा है**

**एजेंसी। मुंबई**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने वाली महिला को एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) की टीम ने ठाणे जिले के उल्हासनगर इलाके में से हिरासत में लिया है। एटीएस की टीम और मुंबई पुलिस महिला से गहन छानबीन कर रही है। पुलिस के अनुसार योगी आदित्यनाथ को धमकी देने वाली महिला फातिमा खान (24) के पास सूचना प्रौद्योगिकी में स्नातक की डिग्री है, लेकिन वह मानसिक रूप से अस्थिर है। फिर भी महिला से पूछताछ की जा रही है और धमकी देने के कारणों का पता लगाने का प्रयास जारी है। दरअसल, मुंबई पुलिस के ट्रैफिक कंट्रोल रुम को शनिवार शाम को एक धमकी भरा संदेश मिला, जिसमें कहा गया था कि अगर योगी आदित्यनाथ 10 दिनों के भीतर इस्तीफा नहीं देते हैं, तो उन्हें महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की तरह उन्हें भी मार दिया जाएगा। इसके बाद मुंबई पुलिस ने आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) को सतर्क कर दिया। साथ ही इस धमकी की जानकारी उत्तर प्रदेश पुलिस को दी गई। इसके बाद एटीएस ने धमकी देने वाली महिला का पता लगाया और उसे उल्हासनगर से हिरासत में ले लिया। इसके बाद महिला को मुंबई लाकर उससे पूछताछ की जा रही है। एक वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी ने पुष्टि की कि उसे अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है।

## नक्सलियों का हमला, दो जवानों को घायल कर राइफलें लूट ले गए

**एजेंसी। सुकमा**



छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के जगरगुंडा साप्ताहिक बाजार में ड्यूटी पर तैनात पुलिस के दो जवानों पर नक्सलियों ने धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। घायल दोनों जवानों को जगरगुंडा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद हेलीकाप्टर से एयरलिफ्ट कर बेहतर इलाज के लिए ले जाने की तैयारी की जा रही है। नक्सली दोनों घायल जवानों की राइफलें लूट ले गए। सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने घटना की पुष्टि की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह जगरगुंडा में लगने वाले साप्ताहिक बाजार के लिए जवानों की तैनाती की गई थी। इस दौरान नक्सलियों की स्मॉल एक्शन टीम ने दो जवानों कटटम देवा और सोडी कन्ना पर अचानक हमला बोल दिया। जवान जब तक कुछ समझ पाते तब तक नक्सलियों ने जवानों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना को अंजाम देकर नक्सली फरार हो गए। घायल जवानों को सुरक्षा बल जवानों ने तत्काल जगरगुंडा अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों जवानों को एयरलिफ्ट कर बेहतर इलाज के लिए भेजा जा रहा है। घायल दोनों जवानों की इंसास राइफलें नक्सली लूट कर ले गए हैं। इलाके में तलाशी अभियान तेज कर दिया गया है।

## आप सरकार दिल्ली के लिए अभिशाप है : विजेंद्र गुप्ता

**एजेंसी। नई दिल्ली**



दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी पर तंज कसते हुए कहा है कि अब लोग उनके झूठे वादों में फंसने वाले नहीं हैं। विजेंद्र गुप्ता ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, आम आदमी पार्टी की राजनीति केवल झूठे और खोखले वादों पर टिकी है। चुनावी मंच से किए गए उनके वादे महज वोट बटोरने का एक साधन बन गए हैं, जिनका जमीन पर कोई असर नहीं दिखता। हाल ही में दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि दिल्ली की महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपये देंगे। पंजाब के चुनाव से पहले केजरीवाल ने महिलाओं को एक हजार रुपये देने का ऐसा ही वादा किया था जो सिर्फ वोट बटोरने का हथकंडा था, चुनाव जीतने के बाद एक रुपया भी पंजाब की महिलाओं को नहीं दिया गया।

## योगी के नेतृत्व में सरकार और संगठन के पदाधिकारी प्रचार में उतरे

**एजेंसी। लखनऊ**

अभी हाल में संपन्न हरियाणा विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी ने लगातार तीसरी बार फतह हासिल की। चुनाव प्रचार में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जनता से संवाद काफी कारगर साबित हुआ। हरियाणा के बाद अब अपने उत्तर प्रदेश में भी योगी आदित्यनाथ मतदाताओं से संवाद स्थापित करने उतरेंगे।

उत्तर प्रदेश में 9 विधानसभा सीटों पर 13 नवंबर को उपचुनाव है। योगी आदित्यनाथ हर सीट पर भाजपा व सहयोगी दल के प्रत्याशी के लिए संवाद करने पहुंचेंगे। योगी आदित्यनाथ संवाद के जरिए एनडीए को जिताने की अपील तो करेंगे, लेकिन चुनाव के पहले ही यहां विकास और सुशासन के बलबूते उन्होंने आमजन के दिल में जगह बना ली है। अगस्त से सितंबर तक सीएम योगी ने इन जिलों में नई परियोजनाओं की गंगा बहाकर विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। विकास, सुशासन और संवाद के जरिए योगी आदित्यनाथ ने उपचुनावों में जीत की नींव तैयार कर ली है।

## तेजस्वी ने नीतीश कुमार पर नौकरी नहीं देने का लगाया आरोप



**एजेंसी। पटना**

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव ने रविवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर स्वास्थ्य विभाग में खाली पदों को नहीं भरने का आरोप लगाया। तेजस्वी यादव ने कहा, मेरे स्वास्थ्य मंत्री रहते स्वास्थ्य विभाग में जो डेढ़ लाख नौकरी थी, उसकी फाइल सीएम नीतीश कुमार ने कैबिनेट में आने से रुकवा दी थी। तब मैंने अनुरोध किया था कि स्वास्थ्य विभाग की जो मैंने फाइल तैयार की थी, उसे कैबिनेट में आने दीजिए। इस पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा था कि बाद में देखा जाएगा। अब मैं उनसे अनुरोध करूंगा कि उसे पारित करवाइए। सीएम नीतीश कुमार कहते थे कि बिहार में नौकरी कहां से देंगे, हम पैसा कहां से लाएंगे? जब हम सरकार में भागीदार थे तो नौकरी देने का काम किया। राजद नेता ने दावा किया कि पार्टी बिहार में चारों विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनाव में जीत हासिल करेगी।

## न्यूज बॉक्स

### तेलंगाना : साइबराबाद में नशे में वाहन चलाने के आरोप में 513 गिरफ्तार

**हैदराबाद।** तेलंगाना की साइबराबाद ट्रैफिक पुलिस ने सप्ताहांत पर चलाए गए एक बड़े अभियान में नशे में गाड़ी चलाने के आरोप में 513 लोगों को गिरफ्तार किया है। ये मामले शुक्रवार दोपहर दो बजे से रविवार सुबह 6 बजे तक चलाए गए अभियान के दौरान सामने आए। पकड़े गए लोगों में 425 दोपहिया वाहन चालक, 24 तिपहिया वाहन चालक, 60 चार पहिया वाहन चालक और चार भारी वाहन चालक शामिल हैं। इनमें से 64 अपराधियों के खून में अल्कोहल का अनुपात 200 मिलीग्राम/100 मिली से 550 मिलीग्राम/100 मिली के बीच पाई गई। पुलिस ने कहा कि सभी गिरफ्तार व्यक्तियों को अदालत में पेश किया जाएगा। इस बीच, हैदराबाद में सड़कों पर युवाओं द्वारा बाइक रेसिंग और खतरनाक स्टंट से लोगों में दहशत फैल रही है। हैदराबाद, साइबराबाद और राचकोंडा कमिश्नरेट की सीमा के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर दर्जनों बाइकर्स स्टंट करते देखे गए हैं। दीपावली के जश्न के दौरान युवा पटाखों के साथ भी अपनी बाइक पर खतरनाक स्टंट करते देखे गए।

### सत शर्मा बने जम्मू-कश्मीर भाजपा अध्यक्ष रविंदर रैना राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को सत शर्मा को जम्मू-कश्मीर भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। इसके साथ ही रविंदर रैना को पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी का सदस्य बनाया गया है। रविवार को भाजपा की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने सत शर्मा को जम्मू-कश्मीर में पार्टी का अध्यक्ष नियुक्त किया है। वहीं, रविंदर रैना को पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि सत शर्मा को जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया था।

### बस मार्शलों पर गंदी राजनीति बंद करे भाजपा : सीएम आतिशी



**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने रविवार को भाजपा नेताओं को बस मार्शलों की बहाली को लेकर गंदी राजनीति बंद करने को कहा। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि नौकरी से निकाले गए सिविल डिफेंस स्वयंसेवकों (सीडीवी) को पता है कि उनकी परेशानी की वजह भाजपा है, न कि सत्तारूढ़ आप या उसके संयोजक अरविंद केजरीवाल। मुख्यमंत्री ने भाजपा को चुनौती दी कि वह अधिकारियों से उनकी सरकार के उस प्रस्ताव को स्वीकार करने के लिए कहें, जिसे इस सप्ताह राजनिवास भेजा जा सकता है ताकि सभी 10 हजार सीडीवी को तुरंत नियमित किया सके। आतिशी ने गरीब परिवारों के 10 हजार से अधिक बस मार्शलों को रोजगार प्रदान करने और दिल्ली की महिलाओं तथा बच्चों के लिए बस यात्रा को सुरक्षित बनाने के लिए उनकी तैनाती का श्रेय केजरीवाल को देते हुए कहा कि उनकी सेवा में व्यवधान भाजपा द्वारा नियंत्रित अधिकारियों के कारण उत्पन्न हुआ था।

### श्रीनगर के ग्रेनेड हमले में 12 से अधिक दुकानदार घायल

**श्रीनगर।** श्रीनगर में रविवार दोपहर आतंकवादियों ने सीआरपीएफ के एक वाहन पर ग्रेनेड फेंका, लेकिन निशाना चूक गया और ग्रेनेड सड़क पर फट गया। इस हमले में करीब 12 से अधिक पैदल यात्री और दुकानदार घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि अज्ञात आतंकवादियों ने श्रीनगर शहर में टूरिस्ट रिसेप्शन सेंटर (टीआरसी) क्रॉसिंग के पास सीआरपीएफ के मोबाइल बंकर वाहन पर ग्रेनेड फेंका। घायलों को अस्पताल ले जाया गया है और तलाशी के लिए इलाके की घेराबंदी कर दी गई है। वरिष्ठ पुलिस और सीआरपीएफ अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं।' बता दें कि जिस जगह ग्रेनेड फटा, वहां 'संडे मार्केट' (गर्म कपड़े, कंबल, जैकेट, बर्तन, क्रॉकरी, जूते आदि बेचने वाले फेरीवाले) के कारण खरीदारी करने वालों की भीड़ लगी रहती है। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इस हमले की निंदा की है।

### सम्राट चौधरी ने कहा लालू के अत्याचार से ही राजनीति में आया हूं



**पटना।** लालू प्रसाद यादव ने कहा है कि धरती पर अत्याचार बढ़ गया है और इसे खत्म करना होगा। उनके इस बयान पर बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को प्रतिक्रिया दी। सम्राट चौधरी ने मीडिया से बातचीत के दौरान लालू यादव के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि बिहार पुलिस की एसटीएफ रोज कार्रवाई कर रही है। क्योंकि अपराधी को संरक्षण देने वाले लोग, अपराध की बात करते हैं, किस मुंह से कर रहे हैं? लालू प्रसाद यादव का मतलब ही गुंडागर्दी, अपराधीकरण और दूसरे का क्रेडिट लेना है। उनका परिवार कभी यह नहीं कहता है कि हमने 15 वर्षों में क्या किया? यह कहता है कि नीतीश कुमार ने 15 साल में क्या किया? इसलिए जिन लोगों ने कभी बिहार के लिए काम ही नहीं किया हो, उस पर क्या बात करनी? पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि कहां गलतफहमी में हैं? 1995 में लालू प्रसाद यादव के अत्याचार से ही मैं राजनीति में आया हूं। उनके खिलाफ राजनीति में आया हूं। उनके खिलाफ भी जीत कर आया हूं। लालू प्रसाद के खिलाफ ही मेरा परिवार संघर्ष करके आया है। लालू प्रसाद यादव को दिन याद दिलाना चाहता हूं कि उनके साथ जब हमारा परिवार था, तब उनको सत्ता में बचाने का काम किया गया। लालू जी कहां है? वह तो बिहार में भ्रष्टाचार के लिए जाने जाते थे। हजारों लाठियां खाई हैं इसी शरीर पर।

## आज का राशिफल

**मेष :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**वृष :** जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय समान रहेगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुख-आनंद कारक समय है। अपने काम पर ध्यान दीजिए। अंधविश्वासी न बनें।

**मिथुन :** लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**कर्क :** किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। बुद्धि और धन का दुरुपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता हैं। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। पुराने मित्र से मिलन होगा।

**सिंह :** भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कार्यसिद्धि में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

**कन्या :** शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन.देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति रहेगी। लेन.देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे।

**तुला :** लाभ में आशातीत वृद्धि तय हैं मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। आगे-आगे गौरख जागे वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**वृश्चिक :** कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

**धनु :** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। नौकरी में अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी।

**मकर :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। आर्थिक चिंताएं कम होगी।

**कुंभ :** : विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग जनों से मतभेद रहेगा। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी।

**मीन :** : कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाएं। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

## मुसलमानों के दिल में दर्द पैदा कर रहा वक्फ संशोधन बिल : नवाब जान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

- **पूरे देश में इस मुद्दे पर राय मशविरा चल रहा है और चंद्रबाबू नायडू ने सभी से सर्वे करने का आग्रह किया है**
- **पूरे देश में इस मुद्दे पर राय मशविरा चल रहा है और चंद्रबाबू नायडू ने सभी से सर्वे करने का आग्रह किया है।**
- **इस बिल को लेकर सभी का राय मशविरा लेना चाहिए।**




वक्फ संशोधन बिल को लेकर देश भर में सियासी घमासान जारी है। कुछ राजनीतिक दल इसे मुसलमानों के लिए बेहतर बता रहे हैं, तो कुछ इसका विरोध कर रहे हैं। इन सब के बीच एनडीए के घटक दल तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) ने भाजपा की टेंशन बढ़ा दी है।

तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) के उपाध्यक्ष नवाब जान उर्फ अमीर बाबू ने रविवार को वक्फ संशोधन बिल को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि यह बिल मुसलमानों के दिलों में दर्द पैदा कर रहा है। उनका कहना है कि चंद्रबाबू नायडू के कहने पर ही वक्फ संशोधन बिल को लेकर ज्वाइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) का गठन किया गया है। नवाब जान ने कहा कि चंद्रबाबू नायडू के अनुसार इस बिल को लेकर सभी का राय मशविरा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूरे देश में इस मुद्दे पर राय मशविरा चल रहा है और चंद्रबाबू नायडू ने सभी से सर्वे करने का आग्रह किया है। उनका मानना है कि यह आवश्यक है कि इस विषय पर सभी पक्षों की बात सुनी जाए। इससे पहले नवाब जान उर्फ अमीर बाबू ने कहा था कि वक्फ संशोधन बिल को नाकाम करने के लिए हमें आगे बढ़ना है। भारत की बदकिस्मती है कि पिछले 10-12 वर्षों में यहां ऐसी घटनाएं हुईं, जो नहीं होनी चाहिए थीं। हमारे चंद्रबाबू नायडू एक सेकुलर सोच वाले इंसान हैं। वे हिंदू और मुसलमान को एक ही नजर से देखते हैं।

### नोएडा पुलिस के साथ मुठभेड़ में दो बदमाश घायल, दोनों इलाजरत

**नोएडा।** थाना सेक्टर-24 की पुलिस और बदमाशों के बीच रविवार को मुठभेड़ हुई। इसमें दो बदमाश पुलिस की गोली से घायल हो गए। दोनों अस्पताल में भर्ती हैं। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार, दोनों बदमाशों ने हाल ही में एक युवक से लूट की घटना को अंजाम दिया था। जब युवक ने लूट का विरोध किया, तो बदमाशों ने उस पर गोली चला दी थी। इससे युवक घायल हो गया था। इस घटना के बाद पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही थी। थाना सेक्टर-24 की पुलिस चेकिंग अभियान चल रही थी। इसी दौरान पुलिस को मोटरसाइकिल सवार दो युवकों पर संदेह हुआ। जब पुलिस ने उन्हें रोकना चाहा, तो उन्होंने रुकने की बजाय पुलिस पर ही फायरिंग शुरू कर दी। इस पर पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की। पुलिस की गोली लगने से दो बदमाश घायल हो गए।

# श्रद्धालुओं को होंगे अमृत कलश के दर्शन

**एजेंसी। प्रयागराज**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इस बार प्रदेश सरकार महाकुंभ को पिछले सभी कुंभ से ज्यादा विराट, भव्य और दिव्य बनाने के लिए प्रयागराज में 24 घंटे काम कर रही है। इसी क्रम में इलाहाबाद संग्रहालय प्रयागराज ने महाकुंभ की भव्यता को नया रूप देने की योजना बनाई है। संग्रहालय ने महाकुंभ के दौरान कलश से टपकती अमृत की बूंद के दृश्य को प्रतिकृति के रूप में प्रदर्शित करने का फैसला किया है। भारतीय कला व संस्कृति को प्रदर्शनी के द्वारा प्रदर्शित करने के लिए मेला प्रशासन से लगभग 12 हजार वर्ग फिट जमीन की डिमांड भी की गई है। संग्रहालय के डिप्टी क्यूरेटर डॉ. राजेश मिश्रा के अनुसार महाकुंभ के दौरान संग्रहालय की तरफ से स्थापित अमृत कलश देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। अमृत टपकता कुंभ श्रद्धालुओं के लिए सेल्फी प्वाइंट के तौर पर विकसित किए जाने की योजना है। महाकुंभ के पौराणिक महत्व को देखते हुए ही इस बार अमृत कलश की स्थापना का निर्णय लिया गया है।




### प्रमुख क्रांतिकारियों की गाथा का होगा प्रदर्शन

इसके साथ ही इलाहाबाद संग्रहालय प्रयागराज ने दुनिया की पहली ऐसी वीथिका का भी निर्माण किया है, जहां सन 1857 से लेकर आजादी मिलने तक सभी प्रमुख क्रांतिकारियों की गाथा का प्रदर्शन किया गया है। इसमें देश की आजादी के लिए लड़ने वाले गरम दल के लगभग सभी क्रांतिकारियों को प्रदर्शित किया गया है। इलाहाबाद संग्रहालय ने 90 साल की क्रांति को जीवंत रूप दिया है। यहां मंगल पांडे से लेकर चंद्रशेखर आजाद तक लगभग सभी बड़े आजादी के परवानों के बारे में लोगों को जानने को मिलेगा। डिजिटल और आलेखों से बनी यह दुनिया की पहली वीथिका है, जहां एक साथ इतने क्रांतिकारियों को नमन करने और उनकी खूबियां जानने का अवसर मिलेगा। 1857 से लेकर 1947 तक देश पर न्योछावर एक एक वीर का इतिहास जानकर लोग दंग रह जाएंगे।



**मुंबई।** *चौथी पारी में एजाज पटेल के (6-57) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत न्यूज़ीलैंड ने मुंबई में खेले गए अंतिम टेस्ट के तीसरे दिन भारत को 25 रनों से हराकर ऐतिहासिक 3-0 से क्लीन स्वीप किया। यह पहली बार है जब भारत को तीन या उससे ज़्यादा मैचों की सीरीज़ में घरेलू मैदान पर क्लीन स्वीप किया गया है।*

# वानखेड़े स्टेडियम में एजाज ने मचाया धमाल

## न्यूज़ीलैंड ने किया ऐतिहासिक वाइटवाश, 3-0 से किया क्लीन स्वीप

**बेकार गईं पंत की अर्धशतकीय पारी, विवादास्पद तरीके से हुए आउट :** 147 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ने लंच तक 92 रन पर 6 विकेट खोकर संघर्ष कर रही थी। दूसरे सत्र की शुरुआत में जीत के लिए 55 रन और चार विकेट शेष थे, भारत की उम्मीदें पूरी तरह से ऋषभ पंत (64) पर टिकी थीं, जिनकी साहसिक पारी ने मेजबान टीम को लक्ष्य के करीब तक पहुँचाया। हालाँकि, एजाज ने जल्द ही भारत की उम्मीदों पर पानी फेर दिया और एक बेहद विवादास्पद निर्णय में पंत को विकेट के पीछे कैच करा दिया। पंत को शुरू में मैदानी अंपायर रिचर्ड इलिंगवर्थ ने नॉट आउट करार दिया था, लेकिन डीआरएस पर अल्ट्राएज ने मामूली सी भी गड़बड़ी पकड़ ली। तीसरे अंपायर के लिए समस्या यह थी कि यह कहना मुश्किल था कि यह बल्ले के पैड से टकराने या किनारे से मामूली सी आवाज थी। ऐसे मामलों में, मैदानी अंपायर का फैसला आम तौर पर बना रहता है, लेकिन पॉल रीफेल ने इसे पलटने का फैसला किया, जिससे पंत को झटका लगा। यह भारत के लिए एक बड़ा झटका था और उसके बाद से, वाशिंगटन सुंदर और रविचंद्रन अश्विन के क्रीज पर होने के बावजूद भी परिणाम पहले से ही तय था। पिच की प्रकृति और भारत की ओर से बल्लेबाज़ी में कमी का मतलब था कि पंत को अपना काम पूरा करने के लिए अंत तक बल्लेबाजी करनी थी। तमिलनाडु की जोड़ी ने कुछ समय तक टिके रहने का प्रयास किया, लेकिन अश्विन ने ग्लेन फिलिप्स की गेंद पर रिवर्स स्वीप करने का प्रयास किया, और इसी प्रयास में उन्होंने अपना विकेट भी फेंक दिया।

**न्यूज़ीलैंड ने दूसरी पारी में बनाए 174 रन, भारत के सामने रखा 147 रनों का लक्ष्य :** इससे पहले न्यूजीलैंड की दूसरी पारी 174 रनों पर समाप्त हुई। दूसरी पारी में न्यूजीलैंड के लिए विल यंग ने 51 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। यंग के अलावा डेरिल मिचेल ने 21, डेविड कॉनवे ने 22 और ग्लेन फिलिप्स ने 26 रन बनाए। भारत के लिए रवींद्र जडेजा ने 5, रविचंद्रन अश्विन ने 3 और वाशिंगटन सुंदर व आकाशदीप ने 1-1 विकेट लिया।

**भारत की पहली पारी 263 रन पर सिमटी, गिल शतक से चूके, पंत का अर्धशतक :** इससे पहले शुभमन गिल (90), ऋषभ पंत (60) के शानदार अर्धशतक और आखिरी में वाशिंगटन सुंदर (नाबाद 38) की महत्वपूर्ण पारी की बदौलत भारत ने अपनी पहली पारी मे 263 रन बनाए और 28 रनों की बढत हासिल की। वहीं, न्यूजीलैंड की तरफ से एजाज पटेल ने 4 विकेट लिए। न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी में 235 रन बनाए थे। न्यूजीलैंड की ओर से एजाज पटेल ने 5, मैट हेनरी, ग्लेन फिलिप्स और ईश सोढ़ी ने 1-1 विकेट लिया।


## रोहित शर्मा ने ली हार की जिम्मेदारी, कहा-

# यह मेरे करियर का सबसे बुरा दौर है

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** एजाज पटेल (छह विकेट) और ग्लेन फिलिप्स (तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर न्यूजीलैंड ने तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन रविवार को भारत को 25 रनों से हरा दिया। इसी जीत के साथ ही न्यूजीलैंड ने तीन टेस्ट मैचों की सीरीज भी 3-0 से अपने नाम कर ली हैं और भारत पहली बार टेस्ट में घर पर क्लीन स्वीप हुआ है। इस हार का जिम्मा भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने लिया है और उन्होंने कहा कि यह मेरे करियर का सबसे बुरा दौर है। रोहित शर्मा ने कहा, 'हां, बिल्कुल, आप जानते हैं, एक सीरीज हारना, एक टेस्ट हारना कभी आसान नहीं होता, यह कुछ ऐसा है जो आसानी से पचने वाला नहीं है। हम अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट नहीं खेल पाए, हम जानते हैं और हमें इसे स्वीकार करना होगा। उन्होंने (न्यूजीलैंड) पूरी सीरीज में हमसे बहुत बेहतर प्रदर्शन किया। हमने बहुत सारी गलतियां कीं और हमें इसे स्वीकार करना होगा। हमने पहली पारी (बेंगलुरू और पुणे में) में पर्याप्त रन नहीं बनाए और हम खेल में बहुत पीछे थे, यहां हमें 30 रन की बढ़त मिली, हमें लगा कि हम आगे हैं, लक्ष्य भी हासिल किया जा सकता था, हमें बस थोड़ा सा प्रयास करना था जो हम करने में विफल रहे। उन्होंने कहा, 'ऐसे लक्ष्य का पीछा करते हुए आप बोर्ड पर रन भी चाहते हैं, यह कुछ ऐसा है जो मेरे दिमाग में था (आज उनकी खुद की बल्लेबाजी पर), यह सफल नहीं हुआ और जब ऐसा होता है, तो यह अच्छा नहीं लगता। जब मैं बल्लेबाजी करने जाता हूं तो मेरे दिमाग में कुछ खास विचार, कुछ योजनाएं होती हैं, लेकिन इस सीरीज में ऐसा नहीं हो पाया और यह मेरे लिए निराशाजनक है। उन खिलाड़ियों ने दिखाया कि इन सतहों (पंत, जायसवाल और गिल) पर कैसे बल्लेबाजी करनी है, आपको थोड़ा आगे रहना होगा और जब हम ऐसी पिच पर खेलते हैं तो सक्रिय होना होगा।

भारतीय कप्तान ने कहा, 'हम पिछले 3-4 सालों से ऐसी पिचों पर खेल रहे हैं, हम जानते हैं कि कैसे खेलना है (और अच्छा खेलना है)। लेकिन इस सीरीज में ऐसा नहीं हुआ, कुछ चीजें (ऐसी पिचों पर कैसे बल्लेबाजी करनी है) जो नहीं हो पाए और इससे दुख होगा। व्यक्तिगत रूप से मैं बल्लेबाजी और कप्तान के रूप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाया, यह कुछ ऐसा है जो मुझे परेशान करेगा। लेकिन, हमने सामूहिक रूप से अच्छा प्रदर्शन नहीं किया और यही इन हार का कारण है।







*व्यक्तिगत रूप से मैं बल्लेबाजी और कप्तान के रूप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाया, यह कुछ ऐसा है जो मुझे परेशान करेगा।*

### न्यूज़ीलैंड के खिलाफ सीरीज गंवाने के बाद डब्ल्यूटीसी स्टैंडिंग में दूसरे स्थान पर खिसका भारत

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज 3-0 से गंवाने के बाद भारत आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2023-25 चक्र में दूसरे स्थान पर खिसक गया, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। न्यूजीलैंड ने मुंबई में तीसरे और अंतिम टेस्ट को 25 रन से जीतकर पहली बार भारत को उसकी जमीन पर तीन या अधिक टेस्ट मैचों की टेस्ट सीरीज में वाइटवॉश किया। इस हार के साथ ही, भारत ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप स्टैंडिंग में अपना शीर्ष स्थान खो दिया और दूसरे स्थान पर खिसक गया, साथ ही उनका अंक प्रतिशत 58.33 हो गया, जैसे-जैसे बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला नजदीक आ रही है, ऑस्ट्रेलिया अब 62.50 प्रतिशत अंक प्रतिशत के साथ शीर्ष स्थान पर है। इस बीच, न्यूजीलैंड ने चौथा स्थान फिर से हासिल कर लिया है, जो उसने इस सप्ताह की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका के हाथों बांग्लादेश को हराने के बाद खो दिया था। उनका अंक प्रतिशत 54.55 प्रतिशत है।

# सीनियर पुरुष हॉकी राष्ट्रीय चैंपियनशिप आज से, चेन्नई करेगा मेजबानी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सीनियर पुरुष हॉकी राष्ट्रीय चैंपियनशिप का 14वां संस्करण सोमवार को तमिलनाडु के चेन्नई में मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम में शुरू होने वाला है। 16 नवंबर तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में कुल 31 टीमें हिस्सा लेंगी, जिन्हें आठ पूल में बांटा गया है। लीग चरण के दौरान, प्रत्येक टीम अपने पूल की हर दूसरी टीम के खिलाफ खेलेगी। प्रत्येक पूल से शीर्ष टीम 13 नवंबर को क्वार्टर फाइनल में पहुंचेगी, उसके बाद 15 नवंबर को सेमीफाइनल और 16 नवंबर को फाइनल और तीसरे/चौथे स्थान के लिए प्ले-ऑफ होगा। पूल ए में मौजूदा चैंपियन हॉकी पंजाब के साथ दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव हॉकी और छत्तीसगढ़ हॉकी शामिल हैं। पूल बी में हॉकी हरियाणा, तेलंगाना हॉकी, हॉकी हिमाचल और हॉकी मिजोरम शामिल हैं।

पूल सी में हॉकी यूनिट ऑफ तमिलनाडु, हॉकी मध्य प्रदेश, हॉकी आंध्र प्रदेश और हॉकी अंडमान और निकोबार शामिल हैं। पूल डी में हॉकी कर्नाटक, हॉकी चंडीगढ़, हॉकी उत्तराखंड और त्रिपुरा हॉकी शामिल हैं। पूल ई में, हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा का मुकाबला ले पुडुचेरी हॉकी, हॉकी राजस्थान और हॉकी अरुणाचल से होगा।

पूल एफ में उत्तर प्रदेश हॉकी, दिल्ली हॉकी, केरल हॉकी और हॉकी जम्मू और कश्मीर शामिल हैं। पूल जी में हॉकी झारखंड, हॉकी महाराष्ट्र, गोवा हॉकी और हॉकी गुजरात शामिल हैं। पूल एच में मणिपुर हॉकी, हॉकी बंगाल, हॉकी बिहार और असम हॉकी शामिल हैं। टूर्नामेंट की शुरुआत कई मैचों से होगी, जिसमें उत्तर प्रदेश हॉकी बनाम केरल हॉकी और हॉकी कर्नाटक बनाम हॉकी उत्तराखंड जैसे कई रोमांचक मुकाबले शामिल हैं, जो एक रोमांचक चैंपियनशिप के लिए मंच तैयार करते हैं। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने आगामी टूर्नामेंट के लिए अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, "हम चेन्नई में 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप की मेजबानी करके बहुत खुश हैं, यह एक समृद्ध हॉकी विरासत वाला शहर है।

यह चैंपियनशिप देश भर से सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करती है और भारतीय हॉकी के भविष्य के सितारों को विकसित करने में एक महत्वपूर्ण आयोजन है। मैं सभी टीमों को शीर्ष सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा करने के लिए शुभकामनाएं देता हूं।

फाइल फोटो



*हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा, "यह चैंपियनशिप उच्च गुणवत्ता वाली हॉकी और गहन प्रतिस्पर्धा का वादा करती है। हमने भागीदारी में जबरदस्त वृद्धि देखी है, और देश के सभी कोनों से उत्साह देखना उत्साहजनक है। मैं कुछ रोमांचक मैचों की प्रतीक्षा कर रहा हूं क्योंकि टीमें प्रतिष्ठित खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करती हैं।*

# एचआईएल : दिल्ली एसजी पाइपर्स में शामिल हुईं दो बार की ओलंपिक पदक विजेता लिली ओवस्ले

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** दिल्ली एसजी पाइपर्स ने हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के आगामी सत्र के लिए इंग्लैंड की मिडफील्डर और महिला हॉकी सुपरस्टार लिली ओवस्ले के साथ करार किया है। दिल्ली एसजी पाइपर्स ने शनिवार को उक्त घोषणा की। लिली ओवस्ले एक बेहद प्रतिष्ठित खिलाड़ी हैं, जिन्होंने 2016 रियो ओलंपिक में स्वर्ण पदक और 2020 टोक्यो में कांस्य पदक जीता है। इसके अलावा उन्होंने कई अन्य उपलब्धियाँ भी हासिल की हैं। ओवस्ले महिला टीम से 28 वर्षीय डच मिडफील्डर ज़ान डे वार्ड की जगह लेंगी, जिन्होंने निजी कारणों से एचआईएल के इस सत्र से अपना नाम वापस ले लिया है।

हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति के अनुसार, दिल्ली एसजी पाइपर्स महिला टीम के कोच डेव स्मोलेनर्स ने कहा, "ज़ान डे वार्ड, जो निस्संदेह दुनिया की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं, को खोना टीम के लिए एक झटका है। लेकिन 2 बार की ओलंपिक पदक विजेता लिली ओवस्ले को उनकी जगह लेने में सक्षम होना एक बड़ी राहत है।" उन्होंने कहा, "वह टीम को उसकी क्षमता तक पहुँचने में मदद करने के लिए अपने अनुभव, नेतृत्व और तेज़ गति के खेल का उपयोग करेंगी।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता होने के अलावा, ओवस्ले ने 2022 और 2014 के राष्ट्रमंडल खेलों में क्रमशः स्वर्ण और रजत भी जीता है।






# डॉ रेड्डीज ने अमेरिका में जेनेरिक दवा की 3.3 लाख से अधिक बोतलें वापस मंगाईं

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** डॉ रेड्डीज लैबोरेटरीज ने विनिर्माण संबंधी कमियों के कारण अमेरिकी बाजार में जेनेरिक दवा की 3.3 लाख से अधिक बोतलें वापस मंगाई हैं। ये दवा रक्त में उच्च कैल्शियम स्तर और हाइपरपैराथायरायडिज्म के इलाज के लिए इस्तेमाल की जाती है। अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, डॉ रेड्डीज अमेरिकी बाजार में सीजीएमपी (मौजूदा अच्छी विनिर्माण प्रथा) से विचलन के कारण सिनाकैल्सेट गोलियों की 3,31,590 बोतलें वापस मंगा रही है। इसमें कहा गया कि यह वापसी ''एफडीए की अंतरिम सीमा से अधिक एन-नाइट्रोसो सिनाकैल्सेट अशुद्धता मौजूद होने'' के कारण की गई।






# एंटीबायोटिक बेअसर होने से हर वर्ष हो रहीं लाखों मौत

आरपी सिंह

**नई दिल्ली।** सर अलेक्जेंडर फ्लेमिंग ने पहली एंटीबायोटिक के तौर पर पेन्सिलीन की खोज से करोड़ों मरीजों बचाई थी पर आजकल इसका चलन ऐसा बढ़ा कि इसका ज्यादा उपयोग उल्टा असर करने लगा है। बिना जरूरत के सेवन से शरीर में मौजूद जीवाणु उसके प्रतिरोधी जीवाणु (बैक्टीरिया) का रूप लेकर इतने बलवान हो जाते हैं कि बैक्टीरिया पर संक्रमण रोकने की दवाएं बेअसर साबित होने लगती हैं।'लैंसेट' पत्रिका के एक अध्ययन में देश में संक्रमण से 2019 में 29.9 लाख लोगों की मौत हुई थी। जिसमें 60 फीसद संख्या बैक्टीरिया संक्रमण और 44.6 फीसद मौत एंटीबायोटिक दवाओं का मरीज पर बेअसर रहने के कारण हुई थी। अस्पतालों में नवजात शिशुओं को धड़ल्ले से एंटीबायोटिक देने का चलन है। इसके पीछे वजह यह है कि एंटीबायोटिक दवा नवजात को देने से पहले उसके रक्त की जांच आवश्यक है, लेकिन देश के अधिकांश शासकीय और निजी अस्पतालों में 'माइक्रोबायोलाजिस्ट' के पद खाली हैं। रक्त जांच के बिना यह कह पाना मुश्किल है कि संक्रमित नवजात पर कौन-सी एंटीबायोटिक कारगर है। जांच रपट के अभाव में चिकित्सक नवजात शरीर में एंटीबायोटिक का उपयोग तब तक करते हैं, जब तक शिशु बेहतर महसूस नहीं करता है। देश में नवजात शिशुओं की मौत की संख्या प्रति हजार पर छब्बीस है।विश्व में दस लाख संक्रमित मरीजों की मौत केवल इसलिए हो रही है कि उपलब्ध एंटीबायोटिक बेअसर साबित हो रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रपट कहती है कि एंटीबायोटिक दवाओं के बेअसर होने के कारण 2050 तक विश्व में मौत की दर एक करोड़ प्रतिवर्ष तक पहुंच जाएगी।विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कई देशों को चेतावनी जारी की है कि बिना स्वास्थ्य परीक्षण के मरीजों को एंटीबायोटिक दवा देने पर पूरी तरह रोक लगाई जानी चहिए। 2030 तक सिर्फ आपातकालीन स्थिति को छोड़ कर, बगैर स्वास्थ्य परीक्षण के, एंटीबायोटिक दवाओं के उपयोग पर विश्व के सभी देशों को रोक लगानी होगी। अन्यथा हालात बेकाबू हो सकते हैं। इंडियन काउंसिल आफ मेडिकल रिसर्च (आइसीएमआर) की रपट चिंता बढ़ाने वाली है। मौजूदा स्थिति में चालीस फीसद मरीजों पर एंटीबायोटिक दवाओं ने असर दिखाना बंद कर दिया है। निमोनिया, टाइफाइड और मूत्र संक्रमण में अधिकांश एंटीबायोटिक दवाएं अब निष्क्रिय साबित हो रही हैं। बिना डाक्टर के पर्चे के आसानी से एंटीबायोटिक दवाएं मिलना, बची दवा का मरीज द्वारा भविष्य में स्वयं या परिवार के लिए उपयोग में लाना और एंटीबायोटिक को उचित रूप से नष्ट करने के बजाय कचरे में फेंकना गंभीर मसला है। दूसरी तरफ अपनी जीनोमिक संरचना में परिवर्तन कर बैक्टीरिया मौजूदा दवाओं के प्रति अपनी प्रतिरोधक क्षमता लगातार विकसित कर रहे हैं। देश में झोलाछाप डाक्टरों की भरमार, रोग के सामान्य लक्षण भर देख कर गैर पेशेवर द्वारा बीमारी का इलाज, दवाओं का खर्च बढ़ाने के लिए अनावश्यक एंटीबायोटिक दवाओं को मरीज के पर्चे में जोड़ा जाना, मर्ज को लाइलाज बना कर मरीज को मौत के मुंह में धकलने से कम नहीं है। बैक्टीरिया, वायरस और अन्य रोगाणुओं का धरती पर इतिहास रहा है। मानव जीवन की उत्पत्ति इसके बहुत बाद की है।पृथ्वी के हर कालखंड में सभी प्रतिकूल परिस्थितियों में बैक्टीरिया जीवित रहे हैं। क्योंकि इनके अंदर प्रतिरोधी क्षमता विकसित कर प्रकृति परिवर्तन में जीवित रहने की दक्षता है। मानव शरीर में लाखों की संख्या में सुसुप्त अवस्था में बैक्टीरिया मौजूद हैं, जिसमें कुछ अच्छे तो कुछ बुरे हैं। बीमारी की हालत में बुरे बैक्टीरिया मानव शरीर को नुकसान पहुंचाने के लिए सक्रिय होते हैं। बैक्टीरिया एकल कोशिका के रूप में शरीर के अंदर-बाहर स्वतंत्र रूप से जीवित रह सकता है। इसके विपरीत वायरस परजीवी है, जो स्वतंत्र रूप में जीवित नहीं रह सकता है। बीमारी की स्थिति में दोनों लक्षण एक जैसे ही हैं। इसलिए मात्र बाह्य परीक्षण के आधार पर यह कह पाना असंभव है कि संक्रमण का कारण क्या है।संक्रमण में खून व अन्य जांच के बिना एंटीबायोटिक का उपयोग मरीज के शरीर के साथ खिलवाड़ है। शल्य चिकित्सा, कैंसर व अंग प्रत्यारोपण में बैक्टीरिया नियंत्रण के लिए एंटीबायोटिक दवाओं से इलाज में आवश्यकता होती है, लेकिन शरीर में मौजूद बैक्टीरिया अगर पहले से ही प्रतिरोधक क्षमता हासिल कर शक्तिशाली हो चुके हों, तो इन परिस्थितियों में मौजूदा एंटीबायोटिक से संक्रमण पर काबू कर पाना बहुत मुश्किल होता है। जबकि संक्रमण की रफ्तार कई गुना अधिक हुआ करती है। इन परिस्थितियों में इलाज लंबा व खर्चीला तो होता ही है, यह लाइलाज भी बन सकता है।केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय को बाजार में बिकने वाली दवाओं में एंटी बैक्टीरिया व एंटी वायरल दवाओं पर उनकी पहचान जारी करना चाहिए। इसमें रंग के अंतर या पहचान चिह्नित कर उपभोक्ताओं को जागरूक किया जा सकता है कि एंटीबायोटिक दवाओं के इस्तेमाल में उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा बरतनी है। चिकित्सक द्वारा लिखी एंटीबायोटिक की पूरी अवधि की दवा का उपयोग होना चाहिए।अपने मन से कम या अतिरिक्त मात्रा में उपयोग नहीं होना चाहिए। बिना डॉक्टर की सलाह के एंटीबायोटिक दवाओं का उपयोग नहीं करना चहिए। बची हुई दवा कहीं भी नहीं फेंकनी चाहिए।



- **ज्यादा एंटीबायोटिक उपयोग से मर्ज हो रहे लाइलाज**
- **बिना स्वास्थ्य परीक्षण एंटीबायोटिक देने पर रोक लगे –विश्व स्वास्थ्य संगठन**

# पानी संकट से जूझ रहे राजनडीह व झरिवा गांव, चापाकल और सोलर जलापूर्ति ठप्प



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** राजनडीह और झरिवा पंचायत क्षेत्र के ग्रामीण पिछले कई महीनों से पेयजल संकट से परेशान हैं। राजनडीह के 8 और झरिवा के 3 चापाकल पिछले कुछ महीनों से खराब पड़े हैं, जिसके कारण ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। युवा समाजसेवी सुशील कुमार मेहता ने बताया कि उन्होंने इस मुद्दे को संबंधित विभाग तक पहुँचाया था, और मरम्मत के लिए मिस्त्री टीम भी आई, लेकिन पाइप की अनुपलब्धता के कारण चापाकल की मरम्मत नहीं हो सकी। इस खराब चापाकल से जुड़ी सोलर जलापूर्ति योजना भी ठप्प हो गई है, जिससे स्थिति और विकट हो गई है। ग्रामीणों ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द समाधान की मांग की है। वहीं विभाग द्वारा पाइप और अन्य पार्ट्स की कमी को हास्यास्पद बताते हुए इसे सरकार की उदासीनता का परिणाम बताया है।

# अपहरण कर बेचने की नियत से ले जा रहे बच्ची को नावाबाजार पुलिस ने किया बरामद

**राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार पलामू।** नावाबाजार थाना क्षेत्र के चेचरिया गांव निवासी करेश भुईयां की तीन वर्षीय बच्ची को गांव के ही तीन लोगों द्वारा अपहरण कर बेचने की नियत से ले जाया जा रहा था। नावाबाजार थाना पुलिस ने छतरपुर पुलिस के सहयोग से अपहृत बच्ची के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अपहरणकर्ताओं में सुदय भुईया, शंकर राम और राजू भुईया का नाम शामिल है। ये सभी चेचरिया गांव के ही निवासी हैं। करेश भुईयां ने नावाबाजार थाना में अपनी पोती के गायब होने की शिकायत दी थी, जिसमें उन्होंने



संदिग्ध रूप से बताया था कि गांव के सुदय भुईया, शंकर राम और एक अन्य साथी ने उनकी पोती का अपहरण किया है। नावाबाजार थाना प्रभारी चिंटू कुमार ने इसे गंभीरता से लेते हुए कांड संख्या 77 / 24 दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू की। अनुसंधान के क्रम में सुदय भुईया और शंकर राम को गिरफ्तार किया गया। सभी ने मिलकर बच्ची को बेचने की नियत से अपहरण करने की बात स्वीकार की। तकनीकी शाखा और गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार को बच्ची को नावाबाजार थाना क्षेत्र के तुलबुला गांव में पाया गया, जहां तुलबुला जंगल से राजू भुईया के पास से बच्ची को सुरक्षित बरामद किया गया। इसके साथ ही अपहरण कांड में संलिप्त तीनों को नावाबाजार पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# चैनपुर : गोवंश तस्करी के प्रयास को पुलिस ने नाकाम किया, तस्कर वाहन छोड़कर फरार



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रविवार को चैनपुर थाना प्रभारी को गुप्त सूचना मिली कि चैनपुर थाना क्षेत्र के नरसिंहपुर पथरा स्थित प्रखंड स्तरीय स्टेडियम में कुछ पशु तस्कर गोवंशीय पशुओं को चोरी कर वध करने और मांस की बिक्री के उद्देश्य से ले जा रहे हैं। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ने वरीय पदाधिकारी को जानकारी दी और तुरंत कार्रवाई के लिए मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने नरसिंहपुर पथरा स्टेडियम के पास से गोवंशीय पशु, एक स्कूटी और एक पैशन प्रो मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया। पुलिस के पहुंचते ही सभी तस्कर मौके से अपने वाहन छोड़कर फरार हो गए। चैनपुर थाना प्रभारी ने बताया कि घटनास्थल पर मिले दोपहिया वाहनों के आधार पर मामला दर्ज किया जा रहा है। साथ ही, गोवंशीय पशु हत्या प्रतिषेध अधिनियम और पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत अज्ञात तस्करों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है।

# रेलिंग टूटने और बेंच उखड़ने से रिवर फ्रंट क्षतिग्रस्त, छठ व्रतियों को होगी खासी असुविधा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** गिरवर स्कूल के पास स्थित कोयल नदी के किनारे बने रिवर फ्रंट पर हर वर्ष हजारों छठ व्रतियों की भीड़ उमड़ती है। पूजन के लिए सुविधा हेतु बनाए गए इस रिवर फ्रंट के 18 घाटों की हालत जर्जर हो चुकी है। इन घाटों पर बने राजस्थान से मंगाए गए खास पत्थरों की रेलिंग भी अधिकांश स्थानों पर टूट चुकी हैं।

उल्लेखनीय है कि यह रिवर फ्रंट 2023 में आम लोगों के लिए समर्पित किया गया था, जिसके बाद व्रतियों को छठ पर्व और अन्य आयोजनों के लिए यहां कुछ सुविधाएं मिलती थीं। लेकिन इस वर्ष कई जगहों पर रेलिंग के टूटने और बैठने के लिए बनाए गए बेंच के उखड़ जाने से न केवल रिवर फ्रंट की सुंदरता में कमी आई है, बल्कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी गंभीर प्रश्न उठ खड़े हुए हैं।

इस वर्ष अच्छी बारिश के कारण जलस्तर पिछले वर्ष की



तुलना में बढ़ा हुआ है। ऐसे में रेलिंग टूटने और बेंच के क्षतिग्रस्त होने के कारण छठ कर रहे व्रतियों और अन्य लोगों को खासी असुविधा का सामना करना पड़ेगा। छठ पर्व में केवल तीन दिन बचे हैं, लेकिन अब तक मेदिनीनगर के इस प्रमुख छठ घाट पर नगर निगम द्वारा कोई सुविधा बहाल नहीं की गई है।

इसके अलावा, घाटों के किनारे बनाए गए स्टील के रेलिंग भी शरारती तत्वों द्वारा उखाड़ लिए गए हैं।

बताते चलें कि नदी के तट पर 410 मीटर लंबा मरीन ड्राइव का दूसरा चरण 4.25 करोड़ रुपए की लागत से बनकर तैयार हुआ था। लेकिन स्थानीय लोगों की उदासीनता और शरारती तत्वों की गतिविधियों के कारण रिवर फ्रंट उपेक्षा का शिकार बन रहा है।

# सिमरिया और लावालौंग में डीपीआरओ के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** विधानसभा चुनाव 2024 के तहत 13 नवंबर को सिमरिया और चतरा विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होना है। लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शकील अहमद के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सिमरिया और लावालौंग में विद्यालयों, आंगनवाड़ी केंद्रों और बाजारों में मतदाताओं को वोट के महत्व की जानकारी दी जा रही है। इस दौरान मतदाताओं को शपथ भी दिलाई गई और मतदान केंद्रों पर पहुंचने की अपील की गई।

# आरपीएफ ने रेलवे के आसपास के गांवों में सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** आरपीएफ जपला पोस्ट के जवानों ने रविवार को रेलवे के आसपास स्थित गांवों में सुरक्षा और संरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। इसमें टोला राजनडीह, रामनगर और पदारथडीह के ग्रामीणों को शामिल किया गया। जवानों ने माइक्रो उद्घोषक यंत्र के माध्यम से रेलवे संपत्ति की सुरक्षा, रेलवे लाइनों के पास पशुओं को न छोड़ने और ट्रेन में बिना टिकट यात्रा न करने की सलाह दी। आरपीएफ ने बताया कि किसी दुर्घटना की स्थिति में मुआवजा का लाभ केवल अधिकृत यात्री को ही मिलता है। उन्होंने महिला कोच में पुरुषों के सफर को गैरकानूनी बताया और रेलवे संपत्ति के नुकसान के गंभीर परिणाम समझाए। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की और सुरक्षा नियमों का पालन करने का आश्वासन दिया।

# दो पक्षों में विवाद के बाद मारपीट चार घायल, मामला दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** विश्रामपुर थाना क्षेत्र के नावाडीह कला ओपी के अंतर्गत छिपादोहर गांव में आपसी विवाद के कारण दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर रेफर किया गया है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि दशरथ यादव, नारायण यादव, रामजी यादव और राधेश्याम यादव पर धारदार हथियार से हमला किया गया। आरोपियों में गांव के कामेश्वर यादव, योगेश्वर यादव और अन्य शामिल हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है।

# भाई दूज पर गोधन कूट की अनोखी परंपरा बहनों ने की भाइयों की लंबी उम्र की कामना

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भाई दूज के साथ पांच दिवसीय दीपोत्सव का समापन हुआ। इस पावन पर्व को कार्तिक शुक्ल पक्ष की द्वितीया को धूमधाम से मनाया गया, जिसे भैया दूज, भाई टिका और यम द्वितीया के नाम से भी जाना जाता है। मेदिनीनगर में भाई दूज के अवसर पर बहनों में खासा उत्साह देखने को मिला। बहनों ने अपने भाइयों की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि के लिए व्रत रखा और विशेष पूजा-अर्चना की। इस अनोखी परंपरा में बहनों ने पहले भाइयों को शाप देने के बाद प्रायश्चित स्वरूप जीभ पर कांटा चुभाया और ओखली से गोधन कूटा। इसके बाद अपने हाथों से भोजन परोस कर भाइयों को खिलाया और व्रत खोला। बहनों को भाइयों ने उपहार देकर आशीर्वाद लिया। इस दिन बहनों ने गोबर से यम, यमुना, ओखली, सूप, और सर्प की आकृतियाँ बनाकर भाइयों की रक्षा और दीघार्यु की प्रार्थना की। पौराणिक मान्यता है कि इस दिन यमराज अपनी बहन यमुना से मिलने पहुंचे थे, जिससे प्रसन्न होकर यमराज ने भाइयों के दीघार्यु होने का आशीर्वाद दिया। यह पर्व भाई-बहन के प्रेम, आस्था, और विश्वास का प्रतीक है और भारतीय संस्कृति की एक अनूठी परंपरा को संजोता है।



## पलामू में धूमधाम से मनाया गया भाई दूज बहनों ने की भाईयों की लंबी उम्र की कामना

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में भाई दूज का पर्व पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने अपने भाईयों के लंबे, स्वस्थ और सुखमय जीवन की कामना करते हुए उनकी आरती उतारी और तिलक किया। भाई दूज के इस खास मौके पर बहनों ने भाईयों की सलामती और खुशियों के लिए प्रार्थना की और गोधन पूजा कर उन्हें आशीर्वाद दिया। इस पर्व की खासियत रही कि लोगों के घरों में स्वादिष्ट पकवान जैसे खीर, पूरी, और मिठाइयां बनाई गईं, जिसे परिवार के सभी सदस्यों ने मिलकर बड़े उत्साह के साथ ग्रहण किया। इस मौके पर घर-घर में भाई-बहन के रिश्ते की मधुरता देखने को मिली, जहाँ बहनों ने भाईयों को मिठाई खिलाई और भाईयों ने बहनों को उपहार देकर उनका सम्मान किया। जिले भर में इस पर्व को लेकर लोगों में गहरी श्रद्धा और उमंग का माहौल देखने को मिला।

स्वास्थ्य

## सर्दियों में डायबिटीज और ब्लड प्रेशर के मरीजों के लिए विशेष सलाह

# 3 सफेद चीजों से बनाएं दूरी, विशेषज्ञ से जानें बेहतर स्वास्थ्य के टिप्स



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सर्दियों के आगमन के साथ तापमान में गिरावट महसूस की जा रही है, और इस मौसम में डायबिटीज और ब्लड प्रेशर के मरीजों को अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। चिकित्सकों का कहना है कि ठंड के मौसम में रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो सकती है, जिससे डायबिटीज के मरीजों का ब्लड शुगर लेवल बढ़ने का जोखिम बढ़ जाता है। सदर अस्पताल के आयुष विभाग के जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी, डॉ. प्रभात कुमार ने बताया कि डायबिटीज और ब्लड प्रेशर जैसे गैर-संचारी रोग अनुवांशिक कारणों से परिवार के अन्य सदस्यों में भी प्रभावित हो सकते हैं। उन्होंने बीपी के मरीजों को सफेद नमक, सफेद मैदा, और सफेद चीनी से दूरी बनाने की सलाह दी। सफेद नमक की जगह सेंधा या काला नमक, मैदा की जगह आटा, और चीनी के बजाय गुड़ का सेवन स्वास्थ्य के लिए अधिक लाभकारी होता है।

### डायबिटीज कंट्रोल में गाजर और आंवला का सेवन फायदेमंद

सर्दियों में हार्ट की ब्लड वेसेल्स संकुचित हो जाती हैं, जिससे रक्त प्रवाह में बाधा आ सकती है। ऐसे में शरीर को गर्माहट देने वाले खाद्य पदार्थ और गर्म कपड़ों का उपयोग आवश्यक है। गाजर, ठंड के मौसम में अत्यंत लोकप्रिय खाद्य पदार्थ है, जो डायबिटीज के रोगियों के लिए भी फायदेमंद है। इसमें पाया जाने वाला विशेष फाइबर ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित करने में सहायक है और पाचन प्रक्रिया को धीमा करके शुगर के स्तर को स्थिर रखता है। आंवला भी डायबिटीज रोगियों के लिए लाभकारी है, क्योंकि यह ब्लड शुगर को स्थिर रखने के साथ-साथ विटामिन सी, एंटीऑक्सिडेंट, और रोग प्रतिरोधक गुणों से भरपूर होता है। आंवले का सेवन मुरब्बा, अचार, चटनी, कैंडी या जूस के रूप में किया जा सकता है, जो सर्दियों में इम्यूनिटी बढ़ाने में भी मददगार होता है।

# पेज एक के शेष

## झारखंड में लागू...

घुसपैठिए उनकी जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। हम घुसपैठ पर ऐसा कानून लायेंगे, जहां परिंदा भी पर नहीं मार सकेगा। जिन महिलाओं की जमीन घुसपैठियों ने हड़पी है, उसे वापस कराया जायेगा। ऐसा कानून बनाएंगे कि उसे पिछली तारीख से लागू किया जाए। शाह ने कहा कि संकल्प पत्र कि एक-एक बात, भाजपा के लिए पत्थर की लकीर है। हम इसे जरूर पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि हम ऐसा झारखंड बनाएंगे कि किसी को नौकरी करने के लिए अपने प्रदेश से बाहर नहीं जाना होगा।

**हेमंत के कार्यकाल में दुष्कर्म के मामले 42 प्रतिशत बढ़े :** अमित शाह ने आरोप लगाया कि हेमंत सोरेन सरकार के कार्यकाल में झारखंड में महिलाओं के खिलाफ अपराध में 29 प्रतिशत की वृद्धि हुई। बलात्कार के मामले 42 प्रतिशत बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन झारखंड की महिलाओं को संरक्षण देने में नाकाम रहे।

## भाजपा के संकल्प पत्र में क्या है?...

कृषि आशीर्वाद योजना के तहत पांच एकड़ तक की भूमि पर प्रति एकड़ 5,000 रुपये किसानों को सरकार देगी। सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में एससी-एसटी आरक्षण यथावत रहेगा। अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए 27 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था करेंगे।

**डायमंड क्वाड्रिलेटरल एक्सप्रेस-वे :** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 25,000 किलोमीटर सड़कें और हर जिला मुख्यालय को राजधानी रांची से जोड़ने के लिए रेल नेटवर्क बनाएंगे। देश के प्रमुख शहरों में राज्य से बाहर रहने बाले झारखंडियों की सुविधा के लिए झारखंड जोहार भवन का निर्माण होगा, ताकि लोग वहां ठहर सकें।

**अभ्यर्थियों को न्याय :** जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा रद्द हुए हैं। प्रमुख पेपर लीक की सीबीआई जांच और जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति की जाएगी। अवैध बांग्लादेशी घुसपैठ का निपटारा, घुसपैठियों द्वारा कब्जा की गई आदिवासी जमीन की वापसी कराएंगे। आदिवासी महिलाओं से शादी करने वाले घुसपैठियों के बच्चों को आदिवासी का दर्जा नहीं मिलेगा।

**एक रुपये की स्टांप ड्यूटी :** महिलाओं के नाम पर 50 लाख रुपये मूल्य तक की अचल संपत्ति की खरीद पर उसका रजिस्ट्रेशन एक रुपये में फिर से शुरू किया जाएगा।

निःशुल्क शिक्षा : झारखंड की बेटियों के बीएड, नर्सिंग और अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था भाजपा सरकार करेगी। विस्थापन से पहले पुनर्वास सुनिश्चित करने के लिए पुनर्वास आयोग का गठन किया जाएगा। आदिवासी अस्मिता और सम्मान पर्व एवं लोक आयोजनों के लिए अनुदान दिया जाएगा। 500 करोड़ रुपये से सिदो-कान्हू शोध केंद्र और आदिवासी नायकों के स्मारकों का विकास किया जाएगा।

**फूलो-झानो पढ़ो बिटिया :** गरीब और पिछड़े वर्ग की प्रत्येक बालिका को केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा। मातृत्व सुरक्षा योजना : प्रत्येक गर्भवती महिला को छह पोषण किट और 21,000 रुपए की आर्थिक मदद। दस नए सरकारी मेडिकल कॉलेज और हर जिले में एक नर्सिंग कॉलेज खोले जाएंगे। अस्पतालों में 25,000 नए बेड की व्यवस्था, आयुष्मान भारत जीवन धारा के तहत सभी 70+ वर्ष के व्यक्तियों को 10 लाख रुपये तक निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा का लाभ देंगे। विधवा और दिव्यांगों के लिए 2,500 रुपये तक मासिक पेंशन। अरहर और मडुआ को न्यूनतम समर्थन मूल्य, हर आदिवासी ब्लॉक में प्रसंस्करण और भंडारण केंद्र, लैम्प्स का गठन और प्रमुख वन उत्पादों की सहज खरीद।

**आदिवासी अधिकारों की गारंटी :** यूसीसी के दायरे से आदिवासियों को बाहर रखा जाएगा। पीईएसए का क्रियान्वयन कर मुखिया का सशक्तिकरण होगा। वन अधिकार पट्टों का वितरण एवं वन विभाग द्वारा दर्ज छोटे मुकदमों का समापन किया जाएगा।

**झारखंड इंटर्नशिप और स्किल ट्रेनिंग :** पांच लाख युवाओं को ट्रेनिंग और एक लाख रुपये की वित्तीय सहायता दी जाएगी। सभी आईटीआई का उन्नयन करेंगे। इनोवेशन हबों की स्थापना करेंगे और कारीगरों को अत्याधुनिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। झारखंड को शीर्ष पांच पर्यटन अनुकूल राज्य बनाने के लिए भगवती सर्किट, बाबा वैद्यनाथ-बासुकीनाथ का विकास होगा। आदिवासी सर्किट एवं बेतला राष्ट्रीय उद्यान का इकोटूरिज्म गंतव्य के रूप में विकास होगा।

## ना एनआरसी लागू...

वह 2500 रुपये हो जाएगा। इन्हें यदि मौका लग गया तो यह आपके शरीर से कतरा-कतरा खून निकाल लेंगे। पांच वर्ष से ये सत्ता से बेदखल हैं। आने वाले समय में फिर पांच साल तक इन्हें बाहर करेंगे और इन्हें जड़ से उखाड़ देंगे।

## बांग्लादेश के पूर्व प्रधानमंत्री का...

भारत सरकार के जिम्मे में है। इसमें राज्य सरकार का कोई रोल नहीं। बांग्लादेश से घुसपैठ करने वाले आपके साथी राज्यों से घुसकर आता है। वहां क्यों नहीं रोकते हैं घुसपैठ।

## जो सनातन धर्म...

उन्होंने मंदिर के प्रसाद और प्रसाद में इस्तेमाल की जाने वाली सामग्री की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए सनातन धर्म प्रमाणन की आवश्यकता पर भी जोर दिया।बीते शनिवार को जनसेना पार्टी के प्रमुख ने आईएस जगन्नाथपुरम में श्री लक्ष्मी नरसिंह मंदिर से अपने जुड़ाव के बारे में बात की, जिसका वे 2009 से समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने मंदिर के विकास के लिए 4.5 करोड़ रुपये देने का वादा किया है, जिसमें एक सुरक्षात्मक दीवार व मंदिर निर्माण शामिल है। उन्होंने मंदिर स्थल के पास अनधिकृत खुदाई की जांच का भी वादा किया।पवन कल्याण ने कहा कि हिंदू मंदिरों में जाने व सनातन धर्म का पालन करते समय कुछ मूल्यों को बरकरार रखा जाना चाहिए। हमें यह समझना होगा कि सनातन धर्म के बिना देश वैसा नहीं रह पाएगा। सनातन न केवल देश के लिए बल्कि दुनिया के लिए एक मार्गदर्शक ज्योति है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर हिंदू धर्म या सनातन धर्म का मजाक उड़ाने वाली कोई भी पोस्ट बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उस दिशा में एक कदम के रूप में, जेएसपी ने सनातन धर्म संरक्षण विंग या नरसिंह वाराही समूह का गठन किया है।पवन कल्याण की घोषणा पर बीजेपी नेता नलिन कोहली ने कहा कि लोग हद पार कर सनातन धर्म के बारे में बेतुकी बातें कह चुके हैं। देखिए तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री ने सनातन के बारे में क्या कहा। उन्होंने सनातन धर्म की तुलना एक बीमारी से कर दी। क्या किसी भी धर्म के बारे में ऐसा कहा जाना चाहिए? सनातन को ही निशाना क्यों? अगर कोई सनातन धर्म को मजबूत करना चाहता है तो इसमें गलत क्या है?।पवन कल्याण ने कहा कि चर्च व मस्जिद का भी सम्मान करना होगा। साथ ही यदि कोई सनातन धर्म के खिलाफ कुछ भी करके लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाता है तो उसे सजा मिलेगी। मैं जनसेना की ओर से बोल रहा हूं, न कि एनडीए सरकार की ओर से। कई लोगों ने हमसे एक यूथ विंग, कल्चरल विंग आदि रखने के लिए कहा। इन सबके पहले, लक्ष्मी नरसिंह स्वामी का आशीर्वाद लेकर, मैं घोषणा करना चाहता हूं कि हम सनातन धर्म की रक्षा के लिए एक विंग बनाएंगे। उन्होंने कहा कि हम नरसिंह वाराही गणम की घोषणा कर रहे हैं, जो सनातन धर्म की रक्षा के लिए जन सेना का समूह है। हम दोनों तेलुगु राज्यों में सनातन धर्म की रक्षा के लिए इसका गठन करेंगे। मैं सभी धर्मों का सम्मान करता हूं लेकिन अहम बात यह है कि मैं सनातन धर्म की रक्षा करना चाहता हूं और इसके लिए काम करूंगा।

## सीएम हेमंत के...

बरहेट में हेमंत सोरेन के नामांकन दाखिल में प्रस्तावक बने मंडल मुर्मू ने बीजेपी से संपर्क में रहने की चर्चा के बीच पिछले रविवार (27 अक्टूबर) को देवघर में सांसद डॉ. निशिकांत दुबे से मुलाकात की और भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से मिलकर अपनी बात रखने की इच्छा जताई। इसके बाद मंडल मुर्मू सड़क मार्ग से रांची के लिए रवाना हुए थे।

## इंडिया गठबंधन की...

इधर और आधा उधर वोट करते हैं। एक संवाददाता सम्मेलन में सार्वजनिक किए गए पत्र में सरमा के भाषण के कुछ हिस्सों को दोहराते हुए कहा गया कि वह घुसपैठियों जैसे जहरीले शब्दों का उपयोग करके नफरत और आक्रोश की आग भड़का रहे थे। पत्र में हिमंता के एक साक्षात्कार का भी जिक्र है जिसमें उन्होंने कांग्रेस के अल्पसंख्यक नेताओं पर निशाना साधा था। पत्र में कहा गया है कि यदि चुनाव आयोग अगले 24 घंटों में कार्रवाई नहीं करता है, तो वे (इंडिया ब्लॉक) अदालत का रुख करेंगे। पत्र में कहा गया है, उन्होंने जानबूझकर एक विशेष धर्म के सभी लोगों को एक रंग में रंग दिया है, और उन सभी को घुसपैठियों के रूप में चित्रित किया है ताकि मौजूदा सामाजिक विभाजन का फायदा उठाया जा सके और राजनीतिक लाभ के लिए उस विभाजन को और गहरा किया जा सके और चुनावी लाभ के लिए सांप्रदायिक तनाव पैदा किया जा सके। पत्र में कार्रवाई की मांग करते हुए कहा गया है कि चुनाव आयोग किसी नेता के ऐसे कार्यों के साथ नहीं खड़ा है जिसके परिणामस्वरूप स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न हो सकती है। इधर हिमंता ने अपने विरूद्ध निर्वाचन आयोग में हुई शिकायत के बाद कहा कि घुसपैठियों के खिलाफ बोलना नफरत भड़काना नहीं है। उन्होंने कहा, मेरे खिलाफ शिकायत क्यों? मैं क्या कह रहा हूँ? मैं घुसपैठियों के खिलाफ बोल रहा हूं, उन्हें क्यों तकलीफ हो रही है? घुसपैठियों के खिलाफ बोलना भड़काऊ कैसे हुआ? कहां लिखा है? किस कानून में है कि घुसपैठियों के खिलाफ बोलना गलत है? क्या इसका मतलब यह है कि हम घुसपैठियों के लिए अपने दरवाजे खोल दें? सरमा ने कहा, हिंदुओं के बारे में बात करने का मतलब मुसलमानों को निशाना बनाना नहीं है।

# KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिबल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


# किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए 19,800 करोड़ रु की धान खरीद

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के मुताबिक पंजाब की मंडियों में 2 नवंबर तक कुल 90.69 लाख मीट्रिक टन धान की आवक हो चुकी है। इसमें से 85.41 लाख मीट्रिक टन राज्य एजेंसियों और भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) द्वारा खरीदा जा चुका है। धान को न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,320 रुपये में खरीदा जा रहा है। यह मूल्य केंद्र सरकार ने ग्रेड 'ए' धान के लिए तय किया है। चालू खरीफ विपणन मौसम 2024-25 में अब तक सरकार द्वारा 19,800 करोड़ रुपये का धान खरीदा जा चुका है। इससे 4 लाख किसान लाभान्वित हुए हैं। केंद्रीय उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के मुताबिक इसके अलावा, 4,640 मिल मालिकों ने धान की छिलाई के लिए आवेदन किया है। 4,132 मिल मालिकों को पंजाब सरकार द्वारा पहले ही काम आवंटित किया जा चुका है। खरीफ विपणन मौसम 2024-25 के लिए धान की खरीद पंजाब में 1 अक्टूबर से पहले ही शुरू हो चुकी है। इस खरीद के अंतर्गत पंजाब के किसानों से सुचारू रूप से खरीद के लिए पूरे राज्य में 2,927 चिन्हित मंडियां और अस्थायी यार्ड चालू हैं। केंद्र सरकार का कहना है कि उन्होंने चालू खरीफ विपणन मौसम 2024-25 के लिए धान खरीद का अनुमानित लक्ष्य 185 लाख मीट्रिक टन तय किया है। सरकार द्वारा खरीद का यह लक्ष्य 30 नवंबर तक जारी रहेगा। हालांकि, इसके साथ ही केंद्र सरकार ने यह भी बताया कि सितंबर में भारी बारिश और धान में नमी की मात्रा अधिक होने की वजह से खरीद थोड़ी देर से शुरू हुई, लेकिन अब यह खरीद पटरी पर लौट आई है और पूरे जोरों पर है। इसके अलावा सरकार ने इस वर्ष मूल्य स्थिरीकरण बफर के लिए 4.7 लाख टन रबी प्याज की खरीद की थी। 5 सितंबर से 35 रुपये प्रति किलोग्राम खुदरा बिक्री के माध्यम से प्याज देश भर की प्रमुख मंडियों में रिलीज की गई। अब तक बफर में 1.40 लाख टन से अधिक प्याज नासिक और अन्य स्रोत केंद्रों से उपभोक्ता केंद्रों तक भेजा जा चुका है। एनसीसीएफ ने 22 राज्यों में 104 गंतव्यों को कवर किया है और नेफेड ने अपने प्याज निपटान में 16 राज्यों में 52 गंतव्यों को कवर किया है।

> **4,132** मिल मालिकों को पंजाब सरकार द्वारा पहले ही काम आवंटित किया जा चुका है।

## इजरायल के हवाई हमले में हिजबुल्लाह के वरिष्ठ कमांडर जैफर खादेर की मौत

एजेंसी

**यरूशलम।** इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने बताया कि उसने हिजबुल्लाह के मिसाइल और रॉकेट ऑपरेशन्स के प्रमुख, जैफर खादेर फाओर को मार गिराया है। आईडीएफ ने शनिवार को कहा कि फाओर को दक्षिणी लेबनान के जोवाइया गांव में एक हवाई हमले में मारा गया। आईडीएफ के अनुसार, फाओर ने 8 अक्टूबर पिछले साल हिजबुल्लाह के हमलों की शुरुआत की थी, जिसके बाद वह इजरायली नागरिकों और सैनिकों पर कई बार हमले करवा चुका था। उसने इजरायल के कब्जे वाले गोलन हाइट्स पर भी कई रॉकेट हमले किए, जिसमें जुलाई में एक द्रूज गांव पर हमले में 12 बच्चों और किशोरों की जान गई थी। आईडीएफ ने बताया कि हिजबुल्लाह के इस नासिर यूनिट के एक और वरिष्ठ अधिकारी को हवाई हमले में मार गिराया है, जो ड्रोन ऑपरेशन्स संभालता था। हिजबुल्लाह ने इस घटना पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। इजरायली सेना ने कहा कि जैफर खादेर फाओर नासिर यूनिट का प्रमुख था, जो माउंट डोव और बिंत जेबैल क्षेत्र की देखभाल करता था। इसके अलावा, इजरायली वायु सेना ने लेबनान और सीरिया के बीच अल-क़ा जोसिये सीमा को भी दूसरी बार निशाना बनाया।

# भारत आगे बढ़ रहा लेकिन हम दुनिया के साथ आगे बढ़ना चाहते हैं : जयशंकर

### जब हम दुनिया को देखते हैं, तो हमें अवसर दिखाई देते हैं

एजेंसी



**ब्रिस्बेन।** विदेश मंत्री (ईएएम) एस. जयशंकर ने ब्रिस्बेन में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच मजबूत होते संबंधों की चार प्रमुख कारण बताए। उन्होंने भारतीय प्रवासियों से मिले गर्मजोशी भरे स्वागत को स्वीकार करते हुए कहा, इसके चार कारण हैं - प्रधानमंत्री मोदी, ऑस्ट्रेलिया, विश्व और आप सभी। जयशंकर ने कहा कि वह न केवल ब्रिस्बेन में भारत के चौथे वाणिज्य दूतावास के उद्घाटन के लिए आए हैं बल्कि उनकी यात्रा भारतीय समुदाय के प्रति प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए है। उन्होंने कहा, आपकी मौजूदगी, कोशिश और योगदान से यह वाणिज्य दूतावास संभव हो पाया है। मैं प्रधानमंत्री मोदी द्वारा सार्वजनिक रूप से किए गए उस वादे को पूरा करने आया हूं कि वह ब्रिस्बेन में वाणिज्य दूतावास खोलेंगे। विदेश मंत्री ने कहा कि इस सहयोग को केवल एक उपलब्धि के रूप में नहीं बल्कि भविष्य के विकास के लिए एक रूपरेखा के रूप में देखा जाना चाहिए। भारत की आकांक्षाओं के बारे में विदेश मंत्री ने कहा, भारत आगे बढ़ रहा है, आगे बढ़ेगा लेकिन भारत दुनिया के साथ आगे बढ़ना चाहता है। जब हम दुनिया को देखते हैं, तो हमें अवसर दिखाई देते हैं। हम आशावादी हैं कि समस्याएं हो सकती हैं, लेकिन कुल मिलाकर, हमें लगता है कि दुनिया में सद्भावना है। ऑस्ट्रेलिया की अपनी यात्रा के बाद, विदेश मंत्री जयशंकर 8 नवंबर को सिंगापुर जाएंगे, जहां वे आसियान-भारत थिंक टैंक नेटवर्क के 8वें गोलमेज सम्मेलन में भाग लेंगे।

> **क्वींसलैंड हमारे लिए बेहद अहम**
>
> क्वींसलैंड में रहने वाले 125,000 भारतीए, जिनमें 15,000-16,000 छात्र शामिल हैं, का जिक्र करते हुए जयशंकर ने भारत के लिए राज्य के आर्थिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत को ऑस्ट्रेलिया का 75 प्रतिशत निर्यात वास्तव में इसी राज्य से आता है।

## पीएम ने बोत्सवाना के निर्वाचित राष्ट्रपति ड्यूमा बोको को बधाई दी




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बोत्सवाना के राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित होने पर ड्यूमा बोको को शुभकामनाएं दी हैं। एक्स पर एक संदेश में प्रधानमंत्री ने नवनिर्वाचित राष्ट्रपति के सफल कार्यकाल की आशा व्यक्त की और बोत्सवाना के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। अपने पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा, बोत्सवाना के राष्ट्रपति के रूप में आपके निर्वाचन पर बधाइयां ड्यूमा बोको। आपके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं। हमारे द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए आपके साथ मिलकर काम करने को उत्सुक हूं।

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव

# विजेता का नाम जानने के लिए करना पड़ सकता है कई दिनों का इंतजार

एजेंसी



> **2016** में, डेमोक्रेट हिलेरी क्लिंटन ने ट्रंप की तुलना में लगभग 3 मिलियन अधिक वोट जीते, लेकिन वह चुनाव से हार गईं

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव 5 नंवबर को होने वाले हैं। वोटों की गिनती उसी दिन शुरू हो जाएगी लेकिन अंतिम नतीजे आने में कई दिन लग सकते हैं। यूएस वोटर्स को फाइनल रिजल्ट तब तक पता नहीं चल पाएगा, जब तक कि उपराष्ट्रपति और डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कमला हैरिस या रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप अधिकांश राज्यों, खासकर तथाकथित स्विंग स्टेट्स में महत्वपूर्ण जीत हासिल नहीं कर लेते। अगर जीत में कोई बड़ा अंतर नहीं आता है तो पुनर्गणना के साथ विवादित परिणामों को सुलझाने में कई दिन या सप्ताह भी लग सकते हैं। परंपरागत रूप से, चुनाव हारने वाला उम्मीदवार परिणाम की आधिकारिक घोषणा से पहले ही हार स्वीकार कर लेता है, यदि परिणाम स्पष्ट हो। लेकिन ट्रंप ने राष्ट्रपति जो बाइडेन की 2020 में हुई जीत और अपनी हार को चार साल बाद भी स्वीकार नहीं किया है।

यदि ट्रंप हारते हैं, तो निश्चित रूप से कानूनी लड़ाई का रास्ता अपनाएंगे, और शायद हैरिस भी क्योंकि कुछ सौ या उससे भी कम वोटों से विजेता का फैसला हो सकता है। दोनों के पास वकीलों की फौज तैयार खड़ी है। एक जटिल कारक यह है कि अमेरिका में वोटर्स सीधे तौर पर राष्ट्रपति का चुनाव नहीं करते हैं। राष्ट्रपति का चुनाव 538 इलेक्टोरल कॉलेज द्वारा किया जाता है। जीत के लिए उम्मीदवार को बहुमत - 270 या उससे ज्यादा इलेक्टोरल कॉलेज हासिल करने होते हैं।

इसलिए, एक उम्मीदवार को लोकप्रिय वोटों का बहुमत मिल सकता है, लेकिन फिर भी वह हार सकता है, अगर वह इसे इलेक्टोरल कॉलेज के बहुमत में तब्दील न कर पाए। 2016 में, डेमोक्रेट हिलेरी क्लिंटन ने ट्रंप की तुलना में लगभग 3 मिलियन अधिक वोट जीते, लेकिन वह चुनाव से हार गईं क्योंकि ट्रंप ने 306 इलेक्टोरल कॉलेज जीत कर बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया। अंतिम फैसला उन सात राज्यों से आएगा जहां किसी भी पार्टी के पास निश्चित बहुमत नहीं है और वहां चुनाव किसी भी तरफ जा सकता है। इन राज्यों के पास कुल मिलाकर 93 निर्वाचक मंडल वोट हैं। परिणाम प्राप्त करने में एक और जटिलता यह है कि संघीय चुनाव आयोग केवल चुनाव वित्त कानूनों से निपटता है और चुनाव को नहीं देखता है।

इसलिए, चुनावों की देखरेख करने वाली राष्ट्रीय चुनाव संस्था या पूरे देश में एक समान प्रक्रियाओं और नियमों के बिना, राज्य मतदान बंद करने और एबसेंटी बैलट की गिनती के लिए अलग-अलग टाइम टेबल का पालन करते हैं। बता दें एबसेंटी बैलेट डाक द्वारा भेजे जाते हैं या, कुछ मामलों में, अन्य माध्यमों से जमा किए जाते हैं। आधिकारिक गणना बाद में की जाती है, जिसमें प्रत्येक राज्य परिणामों को प्रमाणित करने के लिए अपनी प्रक्रियाओं का पालन करता है।

## ईरान यूनिवर्सिटी कैंपस में लड़की ने उतारे कपड़े

एजेंसी

**तेहरान।** एक ईरानी लड़की को तेहरान की साइंस और रिसर्च यूनिवर्सिटी कैंपस में अपने कपड़े उतारने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। सोशल मीडिया पर इस घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, यह घटना शनिवार की है और लड़की ने देश के सख्त इस्लामी ड्रेस कोड के खिलाफ विरोध में अपने कपड़े उतारे। वहीं कुछ रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया कि लड़की के साथ मोरलिटी पुलिस ने गलत बर्ताव किया जिसके विरोध में उसने यह कदम उठाया। ईरानी पत्रकार मसीह अलीनेजाद ने एक्स पर इस घटना के संबंध में लिखा, 'ईरान में,यूनिवर्सिटी मोरलिटी पुलिस ने 'अनुचित' हिजाब के कारण एक छात्रा को परेशान किया लेकिन उसने पीछे हटने से इनकार कर दिया। उसने अपने शरीर को विरोध में बदल दिया, अपने अंडरवियर उतार दिए और कैंपस में मार्च किया - एक ऐसी व्यवस्था को चुनौती दी जो लगातार महिलाओं के शरीर को नियंत्रित करती है।

## विजय ने टीवीके नेताओं के साथ की बैठक

**चेन्नई।** एक्टर से राजनेता बने तमिल सुपरस्टार विजय ने रविवार को यहां पार्टी मुख्यालय में तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) के पदाधिकारियों के साथ एक बैठक की। बैठक दिसंबर से शुरू होने वाले विजय के आगामी राज्यव्यापी दौरे के रोडमैप को अंतिम रूप देने के मद्देनजर आयोजित की गई थी। सूत्रों ने बताया कि विजय ने अपने करीबी विश्वासपात्र और पार्टी महासचिव बुस्सी आनंद, जो पुडुचेरी के पूर्व विधायक हैं, सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ निजी तौर पर चर्चा की। विजय की यात्रा 2 दिसंबर को कोयंबटूर से शुरू होकर 27 दिसंबर को तिरुनेलवेली में एक बड़ी सार्वजनिक सभा के साथ समाप्त होने की उम्मीद है।

## एजुकेशन/करियर

फोरेंसिक साइंस विज्ञान का एक इंटरडिसिप्लिनरी क्षेत्र है, जो सभी विज्ञान विषयों यानी रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, भौतिकी और गणित से मिलकर बना है। फॉरेंसिक साइंस की सहायता से वैज्ञानिक सिद्धांतों को उपयोग करके अपराधों में मिले सबूतों की जांच-पड़ताल करते हैं। फोरेंसिक साइंटिस्ट को कानून और अपराध-निवारक के संयोजक डोमेन में काम करते हैं। मॉडर्न न्यायपालिका सिस्टम, फॉरेंसिक साइंटिस्ट की विशेषज्ञता और क्षमताओं पर काफी हद तक निर्भर करता है। इस काम में आपका कुशल, निष्पक्ष और सटीक होना सबसे महत्वपूर्ण है।

# 12वीं के बाद फोरेंसिक साइंस में बना सकते हैं अपना करियर

### विदेश यूनिवर्सिटीज

- यूनिवर्सिटी ऑफ कम्ब्रिया
- यूनिवर्सिटी सेन्स मलेशिया
- यूनिवर्सिटी केबांगसन मलेशिया
- कैनबरा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी
- सीक्यू यूनिवर्सिटी ऑस्ट्रेलिया
- सदन यूटा यूनिवर्सिटी
- यूनिवर्सिटी ऑफ़ टेक्नोलॉजी सिडनी
- ग्रिफिथ यूनिवर्सिटी
- डीकिन यूनिवर्सिटी
- अल्बर्टा यूनिवर्सिटी
- यूनिवर्सिटी ऑफ कैनबरा
- यूनिवर्सिटी ऑफ केंट
- लंदन मेट्रोपोलिटन यूनिवर्सिटी



### भारत संस्थान

- बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी
- गुजरात यूनिवर्सिटी
- लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी
- नॉर्थकैप यूनिवर्सिटी
- एमिटी यूनिवर्सिटी
- पांडिचेरी यूनिवर्सिटी
- एसजीटी यूनिवर्सिटी, गुड़गाँव
- पारुल यूनिवर्सिटी
- अपेक्स यूनिवर्सिटी

### स्पेशलाइजेशन

- फोरेंसिक सीरोलॉजी
- फोरेंसिक रसायन
- फोरेंसिक बॉयोलॉजी
- फोरेंसिक बैलिस्टिक
- फोरेंसिक वनस्पति विज्ञान
- फोरेंसिक एंटोमोलॉजी
- फोरेंसिक विष विज्ञान

### करियर स्कोप

12वीं के बाद फॉरेंसिक साइंस कोर्स करने पर आप विभिन्न क्षेत्रों में कैरियर के अवसर प्राप्त कर सकते हैं। इसके बाद आपके लिए पुलिस और इन्वेस्टिगेशन विभागों में काम के द्वार खुल जाते हैं या फिर आप रिसर्च में अपना करियर बना सकते हैं। यहां फॉरेंसिक साइंस स्नातकों के लिए कुछ टॉप करियर की सूची दी गई है-

- फोरेंसिक साइंटिस्ट
- फोरेंसिक इंजीनियर
- क्राइम रिपोर्टर
- लिखावट विशेषज्ञ
- फोरेंसिक एक्सपर्ट
- कानूनी काउंसलर
- जांच अधिकारी
- रिसर्चर
- अपराध दृश्य इन्वेस्टिगेटर
- कानूनी सलाहकार

### ऑनलाइन कोर्स

1. फोरेंसिक साइंस संस्थान कौरसेरा, फ्यूचर लर्न, उमेंडी अवधि 4 सप्ताह
2. फोरेंसिक साइंस एंड क्रिमिनल जस्टिस संस्थान का नाम फ्यूचर लर्न अवधि 6 सप्ताह
3. फोरेंसिक साइंस इन क्रिमिनल जस्टिस संस्थान का नाम : फ्यूचर लर्न अवधि : 6 सप्ताह
4. चैलेंजिंग फोरेंसिक साइंस हाउ साइंस सुड स्पीक इन कोर्ट संस्थान का नाम कौरसेरा अवधि 17 घंटे
5. फॉरेंसिक फेशियल रिकंस्ट्रक्शन फाइंडिंग मिस्टर एक्स संस्थान का नाम फ्यूचर लर्न अवधि 2 हफ्ते
6. इंटरोडक्शन ऑफ फोरेंसिक साइंस सर्विस एंड पुलिस संगठन संस्थान का नाम स्वयं अवधि 8 सप्ताह
7. फोरेंसिक इंजीनियरिंग लर्निंग फ्रॉम फैलियर संस्थान का नाम ईडीएक्स अवधि 3 सप्ताह

